अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 15°C
तापमान

सेंसेक्स 77,288.50
निफ्टी 23,486.85

सोना 90,330
चांदी 1,02,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 27 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 216 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com


चैत्र कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082

26 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## 26वां रोज़ा

## रमज़ान की 27वीं रात ही शब-ए-कद्र!



जिस दिन छब्बीसवां रोज़ा होता है, उस तारीख को माहे-रमज़ान की सत्ताईसवीं रात होती है। इस रात को ही अमूमन शबे-कद्र में शुमार किया जाता है। हालांकि हदीसे-नबवी में ज़िक्र है कि शबे-कद्र को रमज़ान के आखिरी अशरे की ताक रातों जैसे 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं, 29वीं रात में तलाश करो, लेकिन हज़रत उमर और हज़रत हुज़ैफा और असहाबे-रसूल में से बहुत से लोगों को यकीन था कि रमज़ान की सत्ताईसवीं रात ही शबे-कद्र है। सवाल यह उठता है कि शबे-कद्र क्या है? शब के माश्नी है रात, कद्र के माश्नी है इज़्ज़त। शबे-कद्र यानी ऐसी शब जो कद्र वाली है। माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे में ही शबे-कद्र यानी इज़्ज़त और अज़मत वाली ये रात आती है।

## मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जाता



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज का बुधवार को 11वां दिन था। इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है।

संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया। मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला।

## राहुल नियम के तहत सदन में व्यवहार करें



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दी कि वह नियम 349 के तहत पालनीय नियमों के अनुसार सदन में व्यवहार करें। श्री बिरला ने शून्यकाल पूरा होने पर करीब एक बजे श्री गांधी की ओर इशारा करके कहा कि सदन के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मापदंडों को बनाए रखें। मेरे संज्ञान में कई ऐसी घटनाएं आई हैं कि सदस्यों के आचरण सदन की उच्च परंपराओं और मापदंडों के अनुरूप नहीं हैं। इस सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी और पति-पत्नी सदस्य रहे हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा है कि वह नियम 349 के तहत पालनीय नियमों के अनुसार सदन में आचरण व्यवहार करें।

## कर्नाटक हनी-ट्रैप मामला: सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक राज्य में एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित हनी-ट्रैप प्रयास की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार सिंह ने दायर की थी, जिसमें जांच की निगरानी शीर्ष अदालत या फिर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाली एक समिति से करने की मांग की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील वरुण कुमार सिन्हा ने अदालत में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, उनके पीछे के लोगों के खिलाफ गहन जांच की आवश्यकता है।

## राशिद भाग ले सकेंगे संसद की कार्यवाही में

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर टेरर फंडिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद बारामूला के सांसद शेख अब्दुल राशिद लोकसभा की कार्यवाही में शामिल हो सकेंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को परमिशन देते हुए कहा कि पुलिस 26 मार्च से 4 अप्रैल के बीच इंजीनियर रशीद को संसद लेकर जाएगी और सत्र समाप्त होने के बाद वापस जेल ले जाएगी। इस दौरान वे मीडिया से बातचीत नहीं करेंगे।



- कार्यवाही के बाद जेल जाना होगा, हाईकोर्ट का निर्देश, मीडिया से बात नहीं करेंगे

राशिद ने लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, 19 मार्च को सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट ने उन्हें कस्टडी पैरोल देने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद राशिद ने हाईकोर्ट का रुख किया था। राशिद को 2017 में जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत अरेस्ट किया गया था। 2019 से वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। राशिद ने जेल में रहते हुए ही 2024 लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

## सेना के लिए 6900 करोड़ में खरीदी जाएंगी अत्याधुनिक तोप प्रणाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना को अत्याधुनिक तोपों से लैस करने के लिए 6900 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सेना की तोपखाना क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से 155 मिमी/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम और हाई मोबिलिटी गन टोइंग व्हीकल्स की खरीद की जाएगी। मंत्रालय ने इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। हस्ताक्षर के समय रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय द्वारा चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक पूंजीगत खरीद के लिए कुल 1. 40 लाख करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।






# सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट की दुष्कर्म टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की भाषा असंवेदनशील, फैसले पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस विवादित आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी ,जिसमें कहा गया था कि 'नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना, दुष्कर्म के प्रयास के अपराध की श्रेणी में नहीं आता।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से कड़ी असहमति व्यक्त की और इसे 'चौंकाने वाला' बताया। न्यायमूर्ति गवई ने टिप्पणी की कि यह एक गंभीर मामला है। न्यायाधीश (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) की ओर से पूरी तरह असंवेदनशीलता है। यह समन जारी करने के चरण में था। हमें न्यायाधीश के खिलाफ ऐसे कठोर शब्दों का उपयोग करने के लिए खेद है। पीठ ने इन टिप्पणियों पर रोक लगाने का आदेश दिया और भारत संघ, उत्तर प्रदेश राज्य और उच्च न्यायालय की कार्यवाही में शामिल पक्षों को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि हालांकि शीर्ष न्यायालय को आमतौर पर इस चरण में रोक लगाने में हिचक है, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश के पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों के विपरीत थीं और एक अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती थीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस बात पर सहमति जताते हुए कि यह एक 'चौंकाने वाला' फैसला था, कहा कि जिस तरह से मामले को संभाला गया वह बेहद गंभीर था। उन्होंने सुझाव दिया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को रोस्टर के मास्टर के रूप में कदम उठाने चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता की ओर से एनजीओ 'वी द वूमन ऑफ इंडिया' का प्रतिनिधित्व करते हुए विवादास्पद फैसले को उजागर करते हुए एक पत्र लिखे जाने के बाद मामला शीर्ष न्यायालय पहुंचा। एक अन्य एनजीओ 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' ने कहा कि वह भी मामले में पीड़िता का प्रतिनिधित्व कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि एनजीओ 'वी द वूमन ऑफ इंडिया' ने हमारे संज्ञान में लाया कि 17 मार्च, 2025 को पारित फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों से पता चलता है कि फैसले के लेखक की ओर से संवेदनशीलता की कमी है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह फैसला -शेष पृष्ठ दो पर

### हाईकोर्ट ने कहा था नाबालिग का स्तन पकड़ना, नाड़ा तोड़ना रेप नहीं

## सरकारें भ्रामक विज्ञापन रोकने का सिस्टम बनाएं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती बरतने के लिए सभी राज्यों को निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सभी सरकारें भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ शिकायत की सुनवाई के लिए 2 महीने के भीतर एक सिस्टम बनाएं।

दरअसल, 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इसमें पतंजलि और योगगुरु रामदेव पर कोविड वैक्सीनेशन और मॉडर्न मेडिकल साइंस के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद से ही कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों पर सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को भ्रामक विज्ञापन की सुनवाई कर रहे जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की बेंच ने यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को भी 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट, 1954' के तहत सख्त कार्रवाई के लिए जागरूक किया जाए।

## मुसलमानों को विपक्ष भड़काता है

आगरा, वार्ता

**उप्र के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां कहा कि विपक्ष मुसलमानों को भड़काता है। विदेशी आक्रांताओं ने आस्था का अपमान किया था। उन्होंने यहां के मंदिरों को तोड़ा और भारत का खजाना लूटा। यह बात सभी को समझनी चाहिए।

मुख्यमंत्री यहां राजामंडी स्थित श्री दरियानाथ मंदिर में ब्रह्मलीन संत योगी सिद्धनाथ महाराज के शंखढाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ नाथ सम्प्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और यह मंदिर नाथ सम्प्रदाय का है। श्री दरियानाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सजी-धजी एक बग्गी में बैठाकर मंदिर तक लाया गया। इस दौरान मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग को सजाया गया था। कार्यक्रम में मौजूद साधु-संतों का योगी आदित्यनाथ ने आह्वान किया कि वे सनातनी विरासत को सहेजने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि हमने समाज और संतों को जोड़ने का काम किया है। अब संत सनातनी विरासत को सहेजें। उन्होंने संत समाज से यह भी अपील की कि वे मोबाइल फोन का कम से कम उपयोग करें। मोबाइल फोन में हम सभी को जो भी दिखाया जा रहा है, वह सही हो, यह जरूरी नहीं है।

### कहा: हमने समाज और संतों को जोड़ने का काम किया

### आगरा में सीएम योगी के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**आगरा।** आगरा में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। तकनीकी खराबी के चलते उड़ान के बाद विमान वापस लौट आया। दिल्ली से दूसरा विमान सीएम योगी के लिए बुलाया गया और फिर वह उस विमान से रवाना हुए। बता दें कि सीएम बुधवार को आगरा के दौरे पर थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगरा में टेकऑफ के बाद सीएम योगी के चार्टर्ड प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई थी।

## बूथ स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को राजधानी में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट ' में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचन आयुक्त डा. विवेक जोशी भी उपस्थित थे।

वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। साथ ही, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुड्डुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और 13 जिला निर्वाचन अधिकारी भी इसमें भाग ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित रूप से अद्यतन करने में जिला निर्वाचन अधिकारियों और बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकारों को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) स्तर के या समकक्ष अधिकारियों को ईआरओ के रूप में नामित करना चाहिए। उन्हें फिर वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए बीएलओ की नियुक्ति करनी चाहिए और जो उनके प्रभार के तहत मतदान केंद्र के सामान्य निवासी हों।

## यूएससीआईआरएफ है चिंता का विषय : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में फिर से भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर सवाल खड़े करने पर कड़ी आपत्ति जताई है और कहा है कि लोकतंत्र और सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की स्थिति को कमजोर करने के यूएससीआईआरएफ के ऐसे प्रयास सफल नहीं होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने हाल ही में जारी की गई यूएससीआईआरएफ की 2025 वार्षिक रिपोर्ट देखी है, जो एक बार फिर पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित आकलन प्रस्तुत करने के अपने पुराने पैटर्न पर आधारित है। श्री जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ द्वारा अलग-अलग घटनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और भारत के जीवंत बहुसांस्कृतिक समाज पर संदेह करने के लगातार प्रयास धार्मिक स्वतंत्रता के लिए वास्तविक चिंता के बजाय एक जानबूझकर किए गए एजेंडे को दर्शाते हैं।

## देश के पहले साइबर कमांडो दस्ते ने प्रशिक्षण किया पूरा

**तिरूवनंतपुरम।** देश के पहले साइबर कमांडो दस्ते ने अपना छह महीने का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। दस्ते में 30 कमांडो शामिल हैं। सहायक पुलिस महानिदेशक मनोज अब्राहम ने फेसबुक पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईआईटी कोट्टायम से छह महीने के कड़े साइबर प्रशिक्षण, औद्योगिक दौरों और व्यक्तिगत प्रशिक्षण के बाद दस्ते ने पासिंग आउट समारोह में भाग लिया। यह दस्ता साइबर सुरक्षा को समर्पित है। आई4सी द्वारा समर्थित और गृह मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित ये कमांडो डिजिटल क्षेत्र में सभी खतरों के खिलाफ रक्षा की पहली पंक्ति होंगे।

## कांग्रेस ने अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

- सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने का मामला

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है।

जयराम रमेश ने यह नोटिस बुधवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को राज्यसभा के कामकाज और प्रक्रिया के नियम 188 के तहत भेजा। उन्होंने नोटिस में कहा है कि श्री शाह ने मंगलवार को आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष कांग्रेस के शासन में बना और पीएम केयर्स नरेन्द्र मोदी जी के शासन में बना। कांग्रेस के शासन में एक परिवार का ही नियंत्रण होता था मान्यवर। इसके अंदर कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य होते थे मान्यवर। कांग्रेस के अध्यक्ष सरकारी फंड में, क्या जवाब दोगे देश की जनता को। उन्होंने कहा कि भले ही गृह मंत्री ने श्रीमती गांधी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके द्वारा दी गई जानकारी श्रीमती गांधी और राष्ट्रीय प्रधानमंत्री राहत कोष का संदर्भ पेश करती है।

## महादेव बुकिंग एप से जुड़े मामले में 60 जगह सीबीआई के छापे

नई दिल्ली, वार्ता

**केन्द्रीय जांच** एजेंसी (सीबीआई) ने बुधवार को कहा कि उसने महादेव सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले को लेकर दिल्ली समेत देश भर में 60 स्थानों पर छापे और तलाशी की कार्रवाई की है।

जांच एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर में सरकारी और भिलाई स्थित निजी आवास पर बुधवार सुबह केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का छापा पड़ा है। सूत्रों की मानें तो महादेव सट्टेबाजी, शराब और कोयला घोटाले के मामलों से संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि उनके सहयोगियों के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। मुख्यमंत्री रहने के दौरान भूपेश के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा के घर भी जांच की जा रही है। भिलाई में विधायक देवेंद्र यादव के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची हुई है। जानकारी के अनुसार सीबीआई की चार टीमें बुधवार सुबह रायपुर से निकली थीं। एक टीम रायपुर में पाटन विधायक भूपेश बघेल के घर पहुंची। बाकी तीन टीमें भिलाई गईं।




- पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के सरकारी और निजी आवासों पर भी की छापेमारी

## कुणाल की अब वित्त मंत्री पर पैरोडी, समन जारी

मुंबई, वार्ता

- बोले- कमाई लूटने साड़ी वाली दीदी आई, नाम निर्मला ताई

**कॉमेडियन कुणाल** कामरा ने बुधवार को नया वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा है। कुणाल ने पैरोडी सान्ग में गाया कि साड़ी वाली दीदी लोगों की सैलरी लूटने आई हैं और उनका नाम निर्मला ताई है।

कुणाल 5 दिन में इस तरह के 3 वीडियो पोस्ट कर चुके हैं। इससे पहले 36 साल के स्टैंडअप कॉमेडियन ने 22 मार्च को अपने शो में एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने फिल्म दिल तो पागल है, के एक गाने की पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। इसके बाद शिंदे समर्थकों ने उस होटल में तोड़फोड़ की थी, जहां यह शो रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद इसे लेकर कुणाल पर एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्हें मुंबई पुलिस ने बुधवार को ही दूसरा समन भेजा है, क्योंकि वे पहले समन पर पेश नहीं हुए थे।

# नकदी के बोरों का विवाद: एफआईआर दर्ज करने की उठी आवाजें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इन्कार कर दिया। याचिका में मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्परा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि यह व्यापक जनहित से संबंधित है। इस पर सीजेआई ने कहा कि याचिका पर सुनवाई होगी। वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सराहनीय काम किया है, लेकिन एफआईआर की जरूरत है। इस पर सीजेआई ने कहा कि सार्वजनिक बयान न दें। मामले में एक महिला और सह-याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर ऐसा मामला किसी आम नागरिक के खिलाफ होता तो सीबीआई और ईडी जैसी कई जांच एजेंसियां उसके पीछे लग जातीं। सीजेआई ने कहा कि यह काफी है। याचिका पर उसी के अनुसार सुनवाई होगी। नेदुम्परा और तीन अन्य लोगों ने रविवार को एक याचिका दायर कर पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है। याचिका में के. वीरास्वामी मामले में 1991 के फैसले को भी चुनौती दी गई है, जिसमें शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना उच्च न्यायालय या शीर्ष अदालत के किसी न्यायाधीश के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती।



- याचिका पर तत्काल सुनवाई से शीर्ष अदालत का इन्कार

### पुलिस ने अधजले नोट मिलने वाले स्टोर रूम को किया सील

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले में बुधवार को डीसीपी नई दिल्ली देवेश की टीम ने पैसे मिलने वाले स्टोर रूम को सील किया है।

पुलिस ने जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने की घटना को लेकर जांच की। वहीं, अधजले नोट मिलने को लेकर कर्मचारियों से पूछताछ की। दरअसल, जस्टिस वर्मा के घर में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब आग बुझाने गई, तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपये के अधजले नोट मिले थे।

## सेना प्रमुख ने सेनाओं के एकीकरण पर दिया बल

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने युद्ध की बदलती प्रकृति, भारत के सामने मौजूद रणनीतिक चुनौतियों और सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता तथा तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया है। जनरल द्विवेदी ने बुधवार को रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज,वेलिंगटन में 80वें स्टाफ कोर्स के भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों और स्थायी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। सेना प्रमुख ने भविष्य के सैन्य नेतृत्व को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए कॉलेज की सराहना की और परिचालन तैयारियों तथा निर्णय लेने की क्षमताओं को बढ़ाने में पेशेवर सैन्य शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आधुनिक युद्ध में नेतृत्व, अनुकूलनशीलता और तकनीकी एकीकरण के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से उभरते सुरक्षा खतरों के प्रति अपने दृष्टिकोण में सक्रिय बने रहने और सैन्य योजना तथा संचालन में नवाचार को अपनाने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सशस्त्र बलों के सेवा निवृत्त प्रतिनिधियों से मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को यहां संसद भवन परिसर से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सेवानिवृत्त प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और कहा कि सशस्त्र बलों में भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। गांधी ने कहा कि देश का हर जवान राष्ट्र की सेवा का प्रहरी है और उनके समर्पण पर देश के सभी लोगों को गौरव है। देश सेवा को समर्पित इन जवानों की सेवाओं पर हर नागरिक को गर्व है। उन्होंने देश की सेवा की है, इसलिए केंद्रीय बलों के सदस्यों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी तरह का भेदभाव ठीक नहीं है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि संसद भवन में छह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के रिटायर्ड जवानों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात हुई।

### नदी में नहाते समय डूबे तीन बच्चों के शव बरामद

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना सदर बाजार क्षेत्र में नदी में नहाने समय डूबे तीन बच्चों के शव बुधवार को एसडीआरएफ और पीएसी के जवानों ने बरामद कर लिए। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामूडी के रहने वाले तीन बच्चे शाहरुख (12) शोएब (14) और अखलाक (11) सोमवार को नदी में नहाने गए थे। पानी गहरा होने के कारण डूब गए थे।तत्काल कार्रवाई करते हुए पीएसी बटालियन को बरेली से बुलाया गया। पीएसी और एसडीआरएफ टीम ने नदी में सर्च ऑपरेशन चलाकर नदी से एक बच्चे शाहरुख का शव बरामद कर लिया है, जबकि दो बच्चों की तलाश लगातार चल रही थी। शोएब तथा अखलाक के शव तीसरे दिन नदी से बरामद कर लिए गए।

### प्रतापगढ़ जिले में सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में मंगलवार की देर शाम लगभग साढ़े सात बजे लखनऊ से वाराणसी हाई वे पर थाना क्षेत्र रानीगंज के दरिया पुर पावर हाउस के पास हुई सध्क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई, घायल 3 लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। एक तेज रफ्तार डम्पर ने सध्क पर राहगीरों को कुचल दिया जिसमे प्रयाग राज के फाईनेन्स कर्म चारी 25 वर्षीय सुंदरम पाण्डेय और उसके साथी 28 वर्षीय रामबाबू की मौत घटना स्थल पर हो गई, गंभीर रूप से घायल प्रतापगढ़ जिले के अधिवक्ता 27 वर्षीय नीरज सरोज और जौन पुर जिले के माडिया हूं के निवासी 30 वर्षीय विशाल गौतम को प्रयाग राज के एस आर एन अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

### नौ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में नौ इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है। 26 लाख के 9 इनामी नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिका. रियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 6 महिला नक्सली भी शामिल है। इतना ही नहीं नक्सली बटालियन में शामिल एक सक्रिय नक्सली ने भी आत्मसमर्पण किया है। बताया जा रहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने कसे अफसरों के पेंच

**गोरखपुर, वार्ता**



■ कहा: जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की शिकायतों का समाधान किया और उन्हें उनकी सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

योगी सरकार के आठ सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को गोरखपुर पहुंचे। गोरखनाथ मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने एकत्र लोगों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता मत कीजिए। हर समस्या का समाधान होगा। हम सभी शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। योगी ने उपस्थित लोगों से मुलाकात की, उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना, उनके आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजा और उन्हें त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। योगी ने भूमि हड़पने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई पर जोर दिया और निर्देश दिया कि लगातार उत्पीड़न के मामलों की गहन जांच की जाए और जवाब. देही तय की जाए। कई व्यक्तियों ने चिकित्सा उपचार के लिए वित्तीय सहायता मांगी, जिस पर उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि अपर्याप्त धन उनके इलाज में बाधा नहीं बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को अस्पताल के अनुमान की प्रक्रिया में तेजी लाने और इसे सरकार को भेजने का निर्देश दिया, ताकि मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से आवश्यक धनराशि सुनिश्चित की जा सके। जनता दर्शन के दौरान अपने परिवारों के साथ आए बच्चों से मुख्यमंत्री मिले और उन्हें स्नेहाशीष दिया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और प्रोत्साहन और स्नेह के तौर पर उन्हें चॉकलेट भेंट की।

# सपा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर हमला

**आगरा, वार्ता**



■ राणा सांगा पर टिप्पणी का विरोध, करणी सेना ने बोला धावा, तोड़फोड़ की पथराव में इंस्पेक्टर समेत कई पुलिसकर्मी घायल

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना ने राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। सूचना मिलते ही अतरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया।

पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबा. जी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए। पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान वहां रखीं कुर्सियां फेंकी गईं। डंडों के साथ तोड़फोड़ कर दी गई। हमले में इंस्पेक्टर घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना हरीपर्वत से अतिरिक्त पुलिसबल आ गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को लाठियां फटकारते हुए खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। बता दें सांसद से घर पर घेराव की तैयारी सुबह से ही की जा रही थी। एत्मादपुर में करणी सेना से पदा. धिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। वहां भी पुलिस के द्वारा इन्हें रोका गया था। इस बीच दोपहर को बड़ी संख्या में ए लोग सपा सांसद के हरीपर्वत क्षेत्र स्थित आवास तक पहुंच गए। राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा हुआ है।

एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली हाईवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस के साथ यहां जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया। रामजीलाल सुमन ने संसद में कहा था कि अगर मुसलमानों को बाबर का वंशज कहा जाता है, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा के वंशज होने चाहिए। हम बाबर की आलोचना करते हैं। लेकिन, हम राणा सांगा की आलोचना क्यों नहीं करते? रामजीलाल के बयान पर जमकर हंगामा हुआ। दरअसल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे। हंगामे के बाद सुमन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सूर्यवंशी राजपूतों के सिसोदिया वंश के राणा सांगा 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। हर कोई इतिहास के पन्नों को पलट रहा है। भाजपा नेताओं से पूछिए कि वे कौन से पन्ने पलट रहे हैं। वे किस बारे में बहस कर रहे हैं? वे औरंगजेब के बारे में बात करना चाहते हैं।

## न्यायाधीश के वक्तव्य से देशवासियों की भावनाएं आहत हुई

# दुष्कर्म मामले में जज के फैसले से देश शर्मसार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ लोकसभा में गूंजा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विवादित फैसले का मुद्दा
■ गरीब कैदी जुर्माने या जमानत बांड के लिए सरकार से ले सकते हैं पैसा

लोकसभा में बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश के मामले में दिए गए फैसले का मुद्दा उठाया गया और कहा गया कि न्यायाधीश के वक्तव्य से देशवासियों की भावनाएं आहत हुईं है और महिलाएं शर्मसार हुईं हैं।

लोकसभा में शून्यकाल में लोक महत्व के मुद्दों के तहत भारतीय जनता पार्टी के मुकेश राजपूत ने कहा कि जब से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है तब से महिलाओं के सशक्तीकरण के अनेक फैसले लिए गए हैं। लेकिन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के वक्तव्य से मन व्यथित हो गया है। राजपूत ने कहा कि पता नहीं किसी निजी स्वार्थ के वश या किसी अन्य कारण से उन्होंने कहा है कि किसी महिला के निजी अंग को पकड़ना, कपड़ा फाड़ने या पजामे के नाड़ा खीं. चने के प्रयास को बलात्कार के प्रयास नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह घटना कासगंज की एक 11 साल की बच्ची के साथ घटित हुई थी। न्यायाधीश के इस प्रकार से असंवे. दनशील बयान से देश के 140 करोड़ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। देश की नारियां शर्मसार हुई हैं। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा ने अपने फैसले में कहा था कि पीध्ति के स्तन को पकड़ने और पाजामे के नाड़े को तोड़ने के आरोप के कारण ही आरोपी के खिलाफ बलात्कार की को. शिश का मामला नहीं बन जाता। फैसला देने वाले न्यायाधीश ने इस घटना के तथ्यों को रिकॉर्ड करने के बाद कहा कि इन आरोप के आधार यह महिला की गरिमा पर आघात का मामला तो बनता है लेकिन इसे बलात्कार का प्रयास नहीं कह सकते। दूसरी ओर सरकार ने जुर्माना या जमानत बांड देने में असमर्थ गरीब कैदियों के लिए विशेष योजना में 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है और अब तक 12 राज्य इसके लिए 22 लाख रुपये से अधिक की राशि ले चुके हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने बुधवार को राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृंह मंत्रालय ने वर्ष 2023 में 'गरीब कैदियों को सहायता' योजना शुरू की थी। इस योजना को लागू करने के तहत राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए जून 2023 में विस्तृत 'दिशा निर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया' जारी की गई थी। कुमार ने कहा कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए 20.20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था।

### जनता के प्रति सच्ची मंशा रखनी होगी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा में कहा है कि स्थानीय प्रशासन को सरकार की नीतियों और कानूनों के क्रियान्वयन में ईमानदारी बरतनी होगी और आम जनता के हित में काम करना होगा। कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने आज राज्यसभा में बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा शुरु करते हुए कहा कि इस विधेयक से पांच कानूनों में बदलाव होगा, लेकिन क्रियान्वित करने की मंशा ठीक होनी चाहिए। अधिकारियों को ईमानदारी बरतनी होगी। आम जनता के हित में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक से सहकारी बैंकों के प्रबंधन में बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बैंकों का ऋण लेने भागने वाले लोगों को माफी दे रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को रोका जा सकता था लेकिन संबंधित अधिकारियों ने ढील दी। बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम 1934, बैंकिंग नियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1980 में बदलाव होगा। चर्चा में हिस्सा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के अरुण सिंह ने कहा कि इस विधेयक से जमाकर्ताओं को सुविधा मिलेगी और बैंकों के कामक. ाज में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से आम जनता को बैंकिंग से जोड़ा गया है। जनधन योजना में 54 करोड़ लोगों का बैंक खाता खोला गया है। विधेयक में नॉमिनी में चार नाम रखने प्रावधान किया जा सकेगा। विधेयक से बैंक को अधिक स्वायत्ता मिलेगी।

# उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं: अठावले

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ केन्द्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने सरकार का रुख साफ किया


केन्द्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत देश में जाति व्यवस्था समाप्त हो चुकी है और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं तथा आरक्षित रिक्त पदों को भरने की कोशिश जारी है।

अठावले ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि संविधान के प्रावधानों के तहत अब देश में जाति व्यवस्था नहीं है। सरकार सभी को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है और मोदी सरकार अब पूरी तरह से गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हो गए हैं। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण है। आरक्षित रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है और सरकार की पूरी कोशिश इन पदों को भरने की रहती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने बहुत सी योजनायें बनाई है। वर्ष 2004 से 2014 की तुलना में अनुसचूति जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगों के कल्याण के लिए आवंटन में कई गुना की बढोतरी की गई है। इसी क्रम में पीएम अजेय योजना का संचालन भी किया जा रहा है जिसके तहत ऐसे गांव आते हैं जहां 500 से अधिक आबादी अनुसूचित जाति और जनजाति की होती है। इन गांवों के विकास के लिए आर्दश ग्राम योजना, अनुदान योजना और छात्रावास योजना संचालित की जा रही है ताकि ऐसे पीएम अजेय गांव भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सके।

## अर्थ व्यापार

# मुनाफावसूली से बाजार की सात दिन की तेजी पर ब्रेक

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ की अनिश्चितता के बीच ऊंचे भाव पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले लगातार सात दिन की तेजी के बाद 728.69 अंक अर्थात 0.93 प्रतिशत का गोता लगाकर 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 77,288.50 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 181.80 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23486.85 अंक पर बंद हुआ।बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर मुनाफावसूली हुई। इससे मिडकैप 0.67 प्रतिशत टूटकर 41,624.73 अंक और स्मॉलकैप 1.45 प्रतिशत कमजोर रहकर 46,385.70 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4143 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3115 में बिकवाली जबकि 919 में लिवाली हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2985 शेयर रखे गए, जिनमें से 2303 में गिरावट जबकि 622 में तेजी रही वहीं 60 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के संभावित टैरिफ की खबरों ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक ए टैरिफ 02 अप्रैल की समयसीमा तक लागू नहीं होंगे, लेकिन नीतिगत अस्पष्टता ने वैश्विक बाजारों में उथल.पुथल मचा दी है।

व्यापार तनाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय निर्यात पर गहरा असर पड़ सकता है, खासकर आईटी और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर, जो अमेरिकी बाजार से मजबूती से जुड़े हैं। पिछले सात सत्रों में भारतीय शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 5.7 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। यह तेजी साल 2025 के लिए सकारात्मक संकेत देती है लेकिन हालिया बढ़त के बाद निवेशक मुनाफा कमाने में जुट गए हैं, जिससे बाजार में गिरावट देखने को मिली। कम समय में वैल्यूएशन में आई तेजी ने भी कुछ व्यापारियों को सावधान कर दिया है, जिसके चलते हैवीवेट शेयरों में बिकवाली का दबाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप प्रशासन के अगले कदम बाजार की दिशा तय करेंगे। इससे बीएसई में कैपिटल गुड्स की 0.05 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर अन्य 20 समूह लुढ़क गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.35, सीडी 0.71, ऊर्जा 1.29, एफएमसीजी 0.49, वित्तीय सेवाएं 1.04, हेल्थकेयर 1.36, इंडस्ट्रियल्स 0.46, आईटी 1.11, दूरसंचार 0.62, यूटिलिटीज 1.32, ऑटो 0.08, बैंलकग 1.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 0.47, तेल एवं गैस 1.52, पावर 0.58, रियल्टी 1.37, टेक 0.77, सर्विसेज 0.61 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.12 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02, जर्मनी का डैक्स 0.92 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 0.65 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 28 रिंगिट बढ़कर 4592 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की तेजी के साथ 42.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस की प्रतिबंधित संगठनों पर कार्रवाई

■ हुर्रियत के एक पूर्व अध्यक्ष समेत कई शीर्ष अलगाववादी नेताओं के आवासों पर छापे मारे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों पर कार्रवाई के तहत बुधवार को हुर्रियत के एक पूर्व अध्यक्ष समेत कई शीर्ष अलगाववादी नेताओं के आवासों पर छापे मारे। यह छापेमारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद की गई कि कश्मीर में अलगाववाद अतीत की बात हो गई है, क्योंकि दो हुर्रियत नेताओं ने अलगाववादी गतिविधियों से खुद को अलग कर लिया है।

पुलिस ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों के सिलसिले में श्रीनगर और सोपोर में कई स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। ये मामले प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर मुस्लिम कॉन्फ्रेंस (भट ग्रुप), जम्मू-कश्मीर मुस्लिम लीग (मसरत आलम ग्रुप) और जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (शब्बीर शाह ग्रुप) शामिल हैं। ये छापे इन प्रतिबंधित संगठनों में संलिप्तता के संदिग्ध व्यक्तियों को लक्षित करके मारे गए तथा श्रीनगर के विभिन्न पुलिस थानों में पिछले वर्ष दर्ज कई मामलों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए मारे गए। पुलिस के अनुसार हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के बोटिंगू, सोपोर स्थित आवास और राजबाग के वजीर बाग स्थित उनके श्रीनगर आवास पर छापेमारी की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ...**अचानक नहीं सुनाया गया, बल्कि करीब चार महीने तक इसे सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया। इसका मतलब यह है कि न्यायाधीश ने उचित विचार-विमर्श और दिमाग लगाने के बाद फैसला सुनाया। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा कि चूंकि टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं और पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं, इसलिए टिप्पणियों पर रोक लगाना मजबूरी है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 17 मार्च-2025 को अपने आदेश में कहा था कि इस तरह के कृत्य प्रथम दृष्टया यौन अपराध बाल संरक्षण अधिनियम (पोस्को) के तहत 'गंभीर यौन उत्पीड़न' का अपराध बनेंगे, जिसमें कम सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने दो आरोपियों पवन और आकाश द्वारा 11 वर्षीय लड़की पर हमले से संबंधित मामले में फैसला सुनाया था। इस फैसले की व्यापक रूप से आलोचना की गई और एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

# तेजी से बढ़ रहा विद्युत वाहनों का बाजार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भारत विद्युत वाहनों की बैटरी के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होगा: गडकरी

केन्द्रीय सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में विद्युत चालित वाहनों की बिक्री की वृद्धि दर 15 प्रतिशत से अधिक है और इसका बाजार पेट्रोल और डीजल के वाहनों से अधिक तेज गति से बढ़ रहा है।

गडकरी ने कहा है देश में लिथियम के भारी मात्रा में खनिज खनिज स्रोत मिलने से भारत विद्युत वाहनों की बैटरी के क्षेत्र में भी आत्म निर्भर होगा। वह राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार शाम को एचपीसीएल टाइम्स ड्राइव वाहन उद्योग सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपने गडकरी ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसकी वार्षिक प्रभावशाली 15.4 प्रतिशत वृद्धि दर पेट्रोल और डीजल मॉडल की तुलना में काफी अधिक है। इस वृद्धि का श्रेय सरकारी प्रोत्साहन, तेजी से तकनीकी प्रगति और ईवी विश्वसनीयता में उपभोक्ता विश्वास को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारत का 60 लाख टन लिथियम के खनिजु ोत का पता लगा है। इससे ईवी बैटरी के इस कच्चे माल के आयात पर निर्भरता को कम होगी और घरेलू ईवी बैटरी निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय कच्चे माल की उपलब्धता के साथ, भारत ईवी बैटरी उत्पादन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से मजबूत कानूनों पर जोर दिया गडकरी ने कहा कि ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं जिसमें दोपहिया वाहनों को दो हेलमेट के साथ बेचना अनिवार्य होगा। गड़करी ने मानसरोवर तीर्थ की यात्रा करने के इच्छुक के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का सड़क बुनियादी ढांचा जल्द ही पिथौरागढ़ के माध्यम से मानसरोवर तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा, जिससे तीर्थयात्रियों को सिक्किम के माध्यम से लंबा मार्ग तय करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। सड़क बुनियादी ढांचा तैयार होने के बाद विदेश मंत्रालय चीन के साथ इस मुद्दे को उठाएगा। केंद्रीय मंत्री ने वाहन उद्योग के विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पानीपत में, इंडियन ऑयल ने मेरे सपनों की परियोजनाओं में से एक शुरू की है- पराली से इथेनॉल का उत्पादन। इस परियोजना का लक्ष्य प्रतिदिन एक लाख लीटर और प्रति वर्ष 88,000 टन इथेनॉल का उत्पादन करना है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK





**मुकद्दस रमजान 26**

**सुन्नी**

| गुरूवार | शुक्रवार |
|---|---|
| अफतार | सेहरी |
| 6:35 | 4:52 |

**शिया**

| गुरूवार | शुक्रवार |
|---|---|
| अफतार | सेहरी |
| 6:40 | 5:07 |

मुकद्दस रमजानुल मुबारक

की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी

प्रदेश सचिव

कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड

पूर्व ग्राम प्रधान

मेहुंवाला माफी, देहरादून।

# सहकारिता के जरिये आत्मनिर्भर बनेगी महिलाएंः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तत्वाधान में ग्रामीण सहकारी बैंकों के संस्थागत विकास को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुये सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि सहकार के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। इसके साथ ही युवाओं को सहकारिता से जोड़ने के लिये युवा सहकार एवं जनजातीय सहकारिता सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है ,जिसको लेकर वर्ष भर सहकारिता गोष्ठी और कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सहकारिता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण आधारित थीम पर बुधवार देहरादून सर्वे चौक स्थित आरटीडीए ऑडिटोरियम में सहकारिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर की । कार्यक्रम में सहकारिता के क्षेत्र में सभी विभिन्न जनपदों से महिला सहायता समूह सहकारिता और बैंकिंग उत्कृष्ट कार्य करने पर 35 महिलाओं को सम्मानित किया गया ।

इसमें सहकारिता विभाग से 12 महिला सहकारी बैंक से 11 महिलाओं को और 12 सहायता समूह से जुड़ी

विभिन्न जनपदों की महिलाओं को सहकारिता मंत्री निबंधक सहकारिता और सीजीएम नाबार्ड ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ रावत ने विभिन्न जनपदों से आई हुई महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसके द्वारा महिलाओं को सहकारिता में भागीदारी के लिए 33 फीसदी आरक्षण किया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड में महिलाओं की आय को दोगुना नहीं तीन गुना बढ़ाना है ।



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के कर्यक्रम के अगले क्रम में प्रदेश भर में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने है । इसी क्रम में सहकारिता विभाग युवा सहकार कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है, जिसमें युवा वर्ग जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है उन्हें सहकारिता से जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही जनजातीय सम्मेलन भी आयोजित करेगा, जिसमें उत्तराखंड के पुराने पारंपरिक उत्पाद मिलेट्स पुनर्जीवित करने पर चर्चा की जाएगी ।

**■ सूबे में आयोजित होंगे युवा सहकार और जनजातीय सहकारिता सम्मेलन, विभिन्न जनपदों से महिला सहायता समूह सहकारिता और बैंकिंग उत्कृष्ट कार्य करने पर 35 महिलाओं को सम्मानित किया गया**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बहन शशि पायल को सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सम्मानित किया ।

डॉ रावत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बहन शशि पायल सादगी की मिसाल है। वह आज भी मंदिर में फूल और चाय बेचती हैं। उनके द्वारा सहकारिता विभाग से ऋण लेकरअपनी आय में बढ़ोतरी की गई है।

कार्यक्रम को सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर , निबंधक सहकारिता सोनिका , नाबार्ड के सीजीएम पंकज यादव ,पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुभाष रमोला ने संबोधित किया ।

कार्यक्रम में सामाजिक संस्था ष्अपना घरष के नन्ही बच्चियों ने अद्भुत योग प्रदर्शन कर सभी को अचंभित कर दिया।कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निबंधक मंगला त्रिपाठी ने किया । अंत में अपर निबंधक श्रीमती ईरा उप्रेती ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

कार्यक्रम में अपर निबंधक सहकारिता आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, उप निबंधक रमिंद्री मंदरवाल समेत सभी जनपदों से सहकारिता विभाग के अधिकारी समस्त कर्मचारी एवं सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## कहा, लोनी अर्बन क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी कांग्रेस सरकार की देन

देहरादून।वर्तमान में लोनी अर्बन केडिट सोसाइटी मुद्दे पर बोलते हए डॉ रावत ने कहा कि वह जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा करेंगे और मीडिया से रूबरू होंगे। आज सिर्फ कम शब्दों में सिर्फ इतना ही कहूंगा यह फ्रॉड समिति कांग्रेस सरकार की देन है जिसको लेकर भारत सरकार ने भी और राज्य सरकार ने भी इस पर कार्यवाही आरंभ कर दी है।

# मसूरी विधनसभा में 29 मार्च को लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को दून विहार के राधा कृष्ण मंदिर तथा जाखन वार्ड में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आगामी 29 मार्च को सर्वे स्टेडियम, हाथीबड़कला में आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविर तथा विशाल रैली की तैयारियों के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने वर्तमान राज्य सरकार सफलतम 03 वर्ष की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना, जिससे प्रदेश को एक नई पहचान मिली है। इसके अलावा, सख्त भू-कानून भी जनभावनाओं के अनुरूप लागू किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया गया, जो राज्य की खेल क्षमताओं को दर्शाता है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि इस बहुउद्देशीय शिविर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आम जनता को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ भी मौके पर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह आयोजन जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सहायक बनेगा। इस अवसर पर पार्षद मीनाक्षी नौटियाल, पूर्व पार्षद संजय नौटियाल, जेपी डिमरी, अनुज शर्मा, निशा



**■ विशाल रैली का भी होगा आयोजन, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिक से अधिक संख्या में बहुउद्देशीय शिविर में पहुंचने का किया आह्वान ,बहुउद्देशीय शिविर में मुख्यमंत्री धामी भी होंगे शामिल**

शर्मा,भावना बिष्ट, रेखा रावत, पूनम रावत, मीना पंवार,चमन रावत, पूर्व पार्षद कमल थापा, वरुण क्षेत्री, जगदीश लखेड़ा, जीवन थापा, गौरव कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर करें विशेष फोकस : सीएस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को उद्योग विभाग की और से देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड उद्यमी कॉन्क्लेव का शुभारम्भ किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव रतूड़ी ने कहा कि श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए द्य उन्होंने राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई के योगदान में हो रही निरंतर वृद्धि के लिए उद्योग विभाग की सराहना की।

सीएस ने उत्तराखंड के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पीस टू प्रोस्पेरीटी के बारे में बताते हुए कहा की उत्तराखंड में वातावरण औद्योगिक अनुकूल है और ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में तीन लाख करोड़ के एमओयू में से नब्बे हजार करोड की ग्राउंडिंग हो चुकी है। उन्होंने उत्तराखंड के रणनीतिक निवेश



कार्ययोजना की प्रशंसा करते हुए इसे राज्य के लिए बेंचमार्क बताया। उनके द्वारा उद्योग विभाग के यू हब इनवेस्टर मित्र और ट्रांसपोर्ट सब्सिडी जैसे नवाचारों की सराहना की गई। उन्होंने विभाग को लघु उद्योगों की लिस्टिंग के लिए प्रेरित किया जिससे उन्हें वैश्विक स्तर पर अधिक निवेश प्राप्त हो सके। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में उत्तराखंड की उपलब्धियों के बारे मे चर्चा करते हुए बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में उत्तराखंड टॉपअचीवर, और स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर केटेगरी में शामिल है, साथ ही उत्तराखण्ड निर्यात के मामले में हिमालयन राज्यों में प्रथम स्थान पर है। अंकिता पांडे, निदेशक एमएसएमई मंत्रालय ने विलंबित भुगतान के लिए विवाद निवारण पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्टार्ट अप ग्रांड चौलेंज के उद्यमियों को पुरस्कृत किया गया। सेतु आयोग के एडवाइजर हनुमंत रावत ने बताया कि सतत विकास के माध्यम से राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए लघु उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता और स्थिरता को बढ़ा सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम में उत्तराखंड में रैंप योजना का शुभारंभ करने के साथ-साथ एक वर्कशाप का आयोजन भी किया गया। एमएसएमई इकाइयों के प्रदर्शन में सुधार के लिए विश्व बैंक पोषित रैंप योजना के राज्य में आरंभ होने से वैश्विक स्तर पर हमारे उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। उत्तराखंड को रैंप के अंतर्गत 100 करोड़ का बजट आउटले प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में रैंप पोर्टल और एक्सपोर्ट पोर्टल का लॉन्च किया गया। साथ ही गति शक्ति पर एक पुस्तिका भी लॉन्च की गई।

**■ मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने किया उत्तराखण्ड उद्यमी कॉन्क्लेव का शुभारम्भ**

कार्यक्रम में सचिव विनय शंकर पांडे, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के निदेशक विनम्र मिश्रा, एसएमई लिस्टिंग के वाइस प्रेसिडेंट हरीश आहूजा, उद्योग विभाग के सभी अधिकारियों समेत भारत सरकार के अधिकारी व अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने व्यय वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावों पर दिया अनुमोदन

**उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार स्थित मुख्यालय की चौन लिंक फेन्सिंग कार्य भी शामिल**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में 1672.22 लाख रू की लागत के उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार स्थित मुख्यालय की चौन लिंक फेन्सिंग के कार्यों, 1200 लाख रू के उधमसिंह नगर में फलेटेड फैक्ट्री के निर्माण कार्य, 2050 लाख रू के आईआईई सिडकुल हरिद्वार के अपग्रेडेशन कार्य, 500 लाख रू के देहरादून में फलेटेड फैक्ट्री निर्माण कार्य, 2748.25 लाख रू के यूआईएडएफ कार्यक्रम के तहत देहरादून के धर्मपुर की सुभाषनगर भारूवाला ग्रान्ट पेयजल योजना में टर्न र रोड आंशिक एवं भारूवाला ग्रान्ट वार्ड में 100 प्रतिशत पेयजल योजना के निर्माण कार्य, 25696.63 लाख रू के महिला खिलाड़ियों के खेल कौशल विकास हेतु चम्पावत में महिला स्पोर्टस कॉलेज की स्थापना तथा 3026.65 लाख रू के राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के तहत देहरादून में मसूरी मोटर मार्ग के 25 किमी में गलोगी के पास हो रहे भूस्खलन को रोके जाने के लिए सुरक्षात्मक कार्यों पर अनुमोदन प्रदान किया।बैठक में सचिव विनोद कुमार सुमन, विशेष सचिव खेल अमित सिन्हा सहित वित्त, पेयजल निगम, आपदा, उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस कमेटियों को मासिक बैठक की रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय को भेजने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश भर में संगठन को चुस्त दुरुस्त बनाने व संगठनात्म व आंदोलनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने बुधवार को दिन भर पार्टी मुख्यालय में बैठ कर जहां मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस का कार्य संचालन में सहयोग कर रहे पार्टी स्टाफ से बातचीत कर संगठन की गतिविधियों को ब्लॉक व जिला स्तर तक पहुंचने का आग्रह किया वहीं उन्होंने प्रदेश के सभी 26 में से 24 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों से फोन पर बातचीत कर प्रदेश नेतृत्व द्वारा लिए गए मासिक बैठक के निर्णय को हर हाल में क्रियान्वयन करने का आग्रह किया। जिला अध्यक्षों से हर महीने अपने जिले के कम से कम दो ब्लॉक कमेटियों की बैठकों में स्वयं शामिल होने और मासिक बैठक का ब्यौरा प्रदेश मुख्यालय को भेजने का आग्रह किया। धस्माना ने जिला अध्यक्षों को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का अनुपालन करने का आग्रह करते हुए आगामी एक महीने की संगठनात्मक व जन सरोकारों से संबंधित आंदोलनात्मक रूपरेखा तय करने का भी अनुरोध जिला अध्यक्षों से किया। धस्माना ने प्रेस से बातचीत में कहा कि वे अगले चार दिनों में प्रदेश के सभी ब्लॉक अध्यक्षों से भी फोन पर बात करेंगे व शीघ्र ही आगामी कार्यक्रमों पर पार्टी कार्ययोजना बनाएगी। वहीं दूसरी ओर आज भी दिन भर प्रदेश मुख्यालय में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन का पदभार ग्रहण करने पर धस्माना का स्वागत और अभिनंदन किया। जहां पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व संसद प्रदीप टम्टा ने फोन पर धस्माना को शुभकामनाएं व बधाई दिन वहीं प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष दर्शन लाल, नगर निगम पार्षद संगीता गुप्ता, पार्षद अभिषेक, पार्षद जाहिद अंसारी, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शाह, गरिमा मेहरा दसौनी, अमीचंद सोनकर, गुल मोहम्मद , जगपाल शर्मा आदि ने धस्माना को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया।

**■ सभी जिला अध्यक्ष अनिवार्य रूप से हर महीने दो ब्लॉक कमेटियों की बैठक में करेंगे प्रतिभागः धस्माना**

**प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशासन एवं संगठन ने सभी जिला अध्यक्षों से की फोन पर वार्ता**

# टिहरी विधायक ने सीएम से पानी के बिलों के समाधान की मांग की

**■ वीर गब्बर सिंह स्मृति समारोह में मुख्यमंत्री को आमंत्रण, प्रवासी उत्तराखंडियों की समस्याओं पर बीमा योजना बनाने का सुझाव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर नई टिहरी में पानी के बिलों, एचएनबी केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र संघ समारोह और चंबा में आयोजित होने वाले वीर गब्बर सिंह स्मृति कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विधायक उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि नई टिहरी के पानी के बिलों को लेकर ठोस निर्णय लिया जाए। उन्होंने पूर्व के आदेशों और हनुमंत राव कमेटी की संस्तुतियों को ध्यान में रखते हुए इस समस्या के समाधान की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को 20-21 अप्रैल को आयोजित होने वाले वीर गब्बर सिंह स्मृति समारोह और छात्र संघ समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया।



विधायक ने विदेशों में कार्यरत प्रवासी उत्तराखंडियों के योगदान और उनकी समस्याओं की ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कोई प्रवासी उत्तराखंडी विदेश में असमय मृत्यु का शिकार होता है, तो उसके परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए एक बीमा योजना का प्रावधान किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## आवारा सांडों को गौषाला में शिफ्ट किए जाने की मांग

**श्रीनगर।** आरटीई एवं आरटीआई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने नगर क्षेत्र में निराश्रित एवं आवारा सांडों को अति शीघ्र गंगा दर्शन मोड़ पर गौशाला में शिफ्ट किए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होने नगर आयुक्त को भेजे ज्ञापन में कुशलानाथ ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के भीतर गंगा दर्शन मोड़ से आगे दिव्य और भव्य गौशाला निर्माणाधीन है।

## छात्र-छात्राओं ने बाजार का भ्रमण कर सीखी व्यापार की बारीकियां

**कोटद्वार ।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में देवभूमि उद्यमिता योजनांतर्गत संचालित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के आठवें दिन छात्रों को मानव संसाधन प्रबंधन और बाजार सर्वेक्षण सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी, देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एसके गुप्ता तथा कार्यक्रम समन्वयक मनीष राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात देवभूमि उद्यमिता टीम के सदस्य डा मुकेश रावत ने सत्र के प्रथम व द्वितीय सत्र में छात्रों को उद्यमिता में मानव संसाधन प्रबंध, कर्मचारी भर्ती और प्रबंधन, कर्मचारी संबंध, संगठनात्मक संस्कृति, मानव शक्ति नियोजन सहित बाजार सर्वेक्षण का महत्व तथा बाजार सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर जानकारी दी। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग समूहों में कोटद्वार क्षेत्र के बाजार का सर्वेक्षण किया।

# उत्तराखंड के मेडिकल कॉलेजों को मिलेंगे आधा दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण एवं प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत आधा दर्जन और विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति दी जायेगी। जिसका अनुमोदन प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दे दिया है। संविदा के आधार पर चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों में से चार फैकल्टी की नियुक्ति राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी तथा दो फैकल्टी पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में तैनात की जायेगी, ताकि इन कॉलेजों में शिक्षण व प्रशिक्षण कार्य और सुदृढ़ हो सके।

चिकित्सा शिक्षा विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों के शत-प्रतिशत पदों को भरने के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है ताकि प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और प्रशिक्षण गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सके, साथ ही मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को सरकार ने हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में साक्षात्कार समिति गठित की है, जो वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन कर विभाग को सौंप रही है। इसी क्रम में चयन समिति द्वारा आधा दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया गया है। जिनकी नियुक्ति की मंजूरी राज्य सरकार ने दे दी है। जिनमें से चार विशेषज्ञ चिकित्सकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी तथा दो विशेषज्ञ चिकित्सकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में पिथौरागढ़ में नियुक्ति दी गई है। साक्षात्कार समिति द्वारा मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में साइक्रेट्री विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर डॉ. निकिता देउपा का चयन किया गया है। जबकि जनरल मेडिसिन विभाग में डॉ. रवि सिंह व डॉ. सुधीर कुमार वर्मा तथा पीडियाट्रिक्स विभाग में डॉ सतेन्द्र गुप्ता का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। इसी प्रकार राजकीय मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ में अस्थि रोग विभाग में डॉ. योगेश कुमार तथा दन्त रोग विभाग में डॉ. समीर पाण्डे का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के पद चयन हुआ है। इन सभी चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति चयन समिति द्वारा वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया गया। चयनित फैकल्टी की नियुक्ति संविदा के आधार पर आगामी तीन वर्ष अथवा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो के लिये की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा साथ ही सम्बद्ध अस्पतालों में आने वाले मरीजों को भी बेहरत उपचार मिल सकेगा।

**■ मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में चार और पिथौरागढ़ में तैनात होंगी दो फैकल्टी, मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति से कालेजों में सुदृढ़ होगी शिक्षण व प्रशिक्षण व्यवस्था**



राजकीय दून मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी तथा पिथौरागढ़ में आधा दर्जन और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। फैकल्टी की नियुक्ति से दोनों मेडिकल कॉलेजों में आधुनिक चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा साथ ही मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य सरकार का लक्ष्य सभी मेडिकल कॉलेजों में शत-प्रतिशत फैकल्टी की तैनाती करना है ताकि कॉलेजों में उच्च स्तरीय शिक्षण-प्रशिक्षण, रिसर्च और क्लीनिकल सेवाएं सुनिश्चित हो सके। **-डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवंचिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार।**

# फकोट में जन सेवा कार्यक्रम, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने की जन सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राज्य सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय फकोट, नरेंद्रनगर में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतिभाग किया। वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा एवं निर्वाचन मंत्री सुबोध उनियाल ने 'जन सेवा' कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जन सुनवाई की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि इन तीन वर्षों में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून, सशक्त भू-कानून, सशक्त नकल अध्यादेश, 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन, 21 हजार सरकारी नौकरियां, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेलवे लाइन और ऑल वेदर रोड जैसी योजनाएं पूरी की गई हैं। साथ ही, कृषि, पर्यटन, सिंचाई, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य और वन विभाग में भी महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र सिंह नेगी सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वहीं, विकासखंड थौलधार मुख्यालय में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर और चिकित्सा शिविर का शुभारंभ प्रमुख प्रशासक प्रभा बिष्ट, निवर्तमान ज्येष्ठ प्रमुख महावीर चंद रमोला, कनिष्ठ प्रमुख ज्ञान सिंह चौहान और खंड विकास अधिकारी स्नेह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्लॉक मुख्यालय चंबा में आयोजित बहुउद्देशीय एवं स्वास्थ्य शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनै ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर बाल विकास विभाग द्वारा महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही, विभिन्न विभागों ने अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।



**■ बहुउद्देशीय शिविरों में योजनाओं की जानकारी, खिलाड़ियों को किया सम्मानित,चंबा में स्वास्थ्य शिविर, उत्कृष्ट आशा कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित**

CMYK

## एक नजर

### मादक पदार्थों की तस्करी पर डीएम सख्त

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाईं की अध्यक्षता में बुधवार को मादक पदार्थों की निगरानी हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला. धिकारी ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस, विभागों और सामाजिक संगठनों से समन्वित प्रयासों से जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने महाविद्यालयों, मेडिकल संस्थानों और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एंटी ड्रग्स क्लब की स्थापना करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, छात्राओं से मैं नशा नहीं करूंगा संदेश के साथ अभिभावकों को पत्र लिखवाने और बच्चों की किताबों पर नशा मुक्ति संबंधी कार्टून और स्टिकर लगाने की बात कही।

### गोपेश्वर महादेव मंदिर में भागवत कथा सम्पन्न

**बागेश्वर।** मुख्यालय के नजदीकी ग्राम सभा खोली के गोपेश्वर धाम में 19 से 26 मार्च तक प्रारंभ हुए श्रीमद भागवत महापुराण कथा आज पूर्णाहूती के साथ संपन्न हो गई है। समापन अवसर पर आशीर्वचन देते हुए कथा व्यास कमलेश कांडपाल ने श्रद्धालुओं से कहा कि प्रत्येक दिवस में श्रवण की गई कथा का अपने जीवन में अनुसरण करें। जिससे मानव जीवन के सभी कष्ट दूर हो सके। इस अवसर पर हवन यज्ञ कर पूर्णाहुति दी गई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर यजमान भूपाल सिंह परिहार, सहयोगी पंडित विपिन कांडपाल, पप्पू तिवारी, राजेन्द्र परिहार, सागर परिहार, गोविंग सिंह, कैलाश कांडपाल, कुंदन सिंह परिहार, महेश परिहार, चंदन परिहार, जुगल कांडपाल, रोहित सिंह कलम सिंह आदि मौजूद थे।

### पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने एनडीपीएस समेत विभिन्न मामलों में पांच हजार का इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे बुधवार न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सुरेश उर्फ सूर्या पुत्र आन सिंह निवासी द्वारसों पर 8/21 एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज था। वह आठ जनवरी से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस ने काफी प्रयास किए, गिरफ्तारी नहीं होने के कारण न्यायालय से नॉन वेलेबल वारंट जारी हुआ। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार की इनामी धनराशि की घोषणा की थी। बुधवार को उसे ताकुला रोड पौड़ीधार के निकट तपस्या होटल के समीप से गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर सीओ अजय लाल साह, कोतवाल कैलाश नेगी आदि मौजूद रहे।

### कांडा में जनसेवा शिविर आयोजित

**बागेश्वर।** उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान, कांडा में भव्य बहुद्देशीय जनसेवा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाना और उन्हें त्वरित लाभ देना था। मुख्य अतिथि कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने शिविर का शुभारंभ किया और विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना की और कांडा से रावत सेरा तक बनी सड़क को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। शि. विर में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, उद्योग, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए, जहां नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर लाभार्थियों को दस्तावेज वितरित किए गए। शिविर में 42 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर किया गया। इसके अलावा, दिव्यांग प्रमाण पत्र, नंदा देवी योजना के तहत आर्थिक सहायता और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन किट भी वितरित किए गए।

### तीन दिन बाद खाई में गिरे मिले बुजुर्ग

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाना पुलिस को सूचना दी कि उनके 80 वर्षीय पिता 22 मार्च को भतनेश्वर मंदिर शिव महापुराण के लिए गए। लेकिन तब से उनका कुछ पता नहीं चला पा रहा है। थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बुजुर्ग व्यक्ति की ढूंढ खोज के लिए सर्च अभियान शुरु किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। मंगलवार पुनः आस-पास के जंगलों में ढूंढ खोज शुरु की गई तो भतनेश्वर मंदिर से दूसरी तरफ जंगल में लगभग 400 मीटर गहरी खाई में वृद्ध व्यक्ति गिरे हुए थे जिन्हे हल्की चोटें आई हुई थी। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत करते हुए गहरी खाई रेस्क्यू कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। टीम में हेड कांस्टेबल जितेंद्र मेहता व आरक्षी गोरखनाथ मौजूद रहे।

### लमगड़ा पुलिस ने चरस तस्कर को दबोचा

**अल्मोड़ा।** नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी ने बताया कि एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मंगलवार रात शहरफाटक तिराहे के पास चेकिंग की गई। इस दौरान अभियुक्त हेमंत कुमार निवासी ग्राम सरना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल के कब्जे से एक लाख सैंतालीस हजार छह सौ रुपये कीमत की 738 ग्राम चरस बरामद की गई। जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना लमगड़ा में एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह चरस को अपने घर में तैयार कर अल्मोड़ा ले जाकर ऊंचे दामों में बेच कर मुनाफा कमाने की फिराक में था।

# पहाड़ बन सकते हैं खुशहाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** 'विकसित भारत के लिए उन्नत पर्वतीय कृषि' थीम पर भा अनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रयोगात्मक

### 'विकसित भारत के लिए उन्नत पर्वतीय कृषि' थीम पर विज्ञान मेला

प्रक्षेत्र हवालबाग में 50 वें कृषि विज्ञान मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान मक्का व मडुवा की विभिन्न प्रजातियों का लोकार्पण हुआ। कृषि आयोग असम के अध्यक्ष व बोरलॉग इंस्टिट्यूड फॉर साउथ एशिया पूर्व महानिदेशक डा. हरि शंकर गुप्त ने कहा कि 1960 के दशक में देश में मात्र एक करोड़ टन गेहूं का उत्पादन होता था। यह सिर्फ आधी आबादी के लिए ही पूरा हो पाता था, लेकिन आज कृषि उन्नति इस राह पर है कि हमारा देश खाद्यान्न, सब्जी, फल उत्पादन में विश्व में आज दूसरे स्थान पर है। वहीं, दुनिया को चावल निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। इसका श्रेय वैज्ञानिकों और किसान दोनों को जाता है। कहा कि अभी हमें पोषण व आजीविका सुरक्षा में और अधिक कार्य करने की जरूरत है। ताकि देश पूरी तरह से आत्मनिर्भर बन सके। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के युवा व महिलाएं विकसित तकनीकियों से पहाड़ को खुशहाल व संपन्न बना सकते हैं।

इससे पलायन पर भी रोक लगने में मदद मिलेगी। संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकान्त ने संस्थान की उपलब्धियों को गिनाया। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर के संयुक्त निदेशक डा. यशपाल मलिक ने कहा कि भाअनुप के संस्थानों और कृषि विभाग ने प्रयोगशालाओं से खेतों तक उन्नत कृषि को पहुंचाया है। यहां कार्यक्रम में जीबी पंत संस्थान के निदेशक डा.




सुनील नौटियाल, कुलदीप सिंह, मेयर अजय वर्मा, आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख रमेश चंद्रा, परवीन देवी, हरीश पांडे, हरीश जोशी, डा. अनुराधा भारतीय, निधि सिंह, डा. निर्मल कुमार हेडाऊ आदि रहे।

### प्रजातियों का हुआ लोकार्पण

मेले में संस्थान मक्का व मडुवा की प्रजातियों, विकसित तकनीकी 'पिनहेड आरंभ को छोटा करने और खाद्य मशरूम की उपज बढ़ाने के लिए माइक्रोबियल उत्तेजक व वर्धक', अनुसूचित जाति उपयोजना के कृषकों के लिए 'मोबाईल सीड प्रोसेसिंग वैन' व 'वेजिटेबिल वैंडिग वैन' का लोकार्पण किया गया। वहीं, प्रकाशनों धान की मड़ाई के लिए वीएल पैडी थ्रैशर, पर्वतीय क्षेत्रों में ढिंगरी मशरूम की खेती, अजोला एक वैकल्पिक पशुचारा, पर्वतीय क्षेत्रों में आजीविका सुधार के लिए बटन मशरूम व किसानों के लिए वरदान किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) योजना का भी विमोचन हुआ।

# ड्रग एसोसिएशन का जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी द्वारा नगर निगम हल्द्वानी मे सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दवाइयां का प्रयोग चिकित्सक के परामर्श के बिना नहीं करना चाहिए। दवाइयां खरीदते समय ध्यान रखना चाहिए की दवाइयां को एक्सपायरी डेट देखकर ही खरी. दना चाहिए। यदि कोई मेडिकल स्टोर एक्सपायरी डेट वाली दवाइयां को बेचता है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाती है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलाप, निशुल्क विधिक सहायता, स्थायी लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा की विभिन्न योजनाएं, नालसा टोल फ्री नंबर-15100, पॉश अधि. नियम, मोटर वाहन संबंधी नियम आदि विषय पर भी जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट द्वारा दावा के खरीद बिक्री, एक्सपायरी डेट की दवा का स्टोरेज एवं डिस्पोजल, बिल के आवश्यक विवरण आदि बिंदुओं पर जानक. ारी दी। ईओ नगर पालिका मनोज काण्डपाल द्वारा शिविर में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन के विषय पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी कैलाश चंद्र जोशी द्वारा किया गया।

# गौ सेवा सदन हटवाने के लिए महिलाएं हुई मुखर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** गढ़सेर से गो सेवा सदन हटाने की मांग को लेकर क्षेत्र की महिलाएं मुखर हो गई हैं। नाराज महिलाओं ने अपनी एकसूत्री मांग पत्र दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट व विधायक पार्वती दास के सम्मुख रखी। उन्होंने कहा कि जब तक गोसदन यहां से नहीं हटाया जाता है तब तक वह चुप नहीं रहेंगी। जानवर उनकी फसलों को चट कर रहे हैं। गढ़सेर में संचालित गौ सेवा सदन के विरोध में बैजनाथ, टीटबाजार, तैलीहाट, बयालीसेरा की महिलाएं नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। उन्होंने आवारा पशुओं को नगर पंचायत प्रांगण में बांध दिया। उसके बाद महिलाएं नमामि गंगे कार्यक्रम स्थल तक पहुंच गई, यहां महिलाओं ने विधायक पार्वती दास और दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट का घेराव किया। महिलाओं ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या बढ़ती जा रही है। सरकार तुरंत राहत दिलाए गोमती नदी के किनारे बने गौ सेवा केंद्र को हटाकर अन्यत्र बनाने की मांग की। विरोध बढ़ता देख ईओ नगर पंचायत गरुड़, नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा भी मौके पर पहुंची। उन्होंने भी महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर डटीं रहीं। इस मौके पर सभासद बैजनाथ ममता आर्या, सभासद गढ़शेर प्रदीप गुरुरानी, सभासद गरुड़ अंकित जोशी, तारा देवी, पूजा गोस्वामी, रजनी आर्या, पुष्पा नेगी, दुनिया देवी, बिमला देवी, पूजा देवी, दीपा नेगी, शांति गोस्वामी, तुलसी देवी आदि मौजूद रहे।

# गांधी इंटर कॉलेज का चौराहा अब एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से जाना जाएगा

## नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षद इमरान के प्रस्ताव पर लगी मुहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली रोड गांधी इंटर कॉलेज के पास स्थित चौराहा अब भारत रत्न और देश के महान वैज्ञानिक, पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से जाना जाएगा। यह ऐतिहासिक निर्णय वार्ड 28 के पार्षद इमरान खान द्वारा नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्ताव को मेयर गजराज बिष्ट की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। पार्षद इमरान खान के इस प्रस्ताव के अनुमोदन के साथ ही



बनभूलपुरा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है, और यह निर्णय न केवल इस क्षेत्र के निवासियों बल्कि पूरे शहर के लिए एक गर्व का विषय बन गया है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम के योगदान को सम्मानित करने के लिए इस चौराहे का नाम उनके नाम पर रखा जाना नगरवा. सियों द्वारा सराहा जा रहा है। पार्षद इमरान खान ने नगर निगम की बैठक में इस प्रस्ताव के अलावा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की आवश्यकता जताई। साथ ही, उन्होंने सीवर के काम को शीघ्र शुरू करने का आग्रह किया और नुजूल नीति को सरल बनाने का प्रस्ताव भी रखा। इस कदम से न केवल हल्द्वानी शहर का मान बढ़ेगा, बल्कि यह विशेष सम्मान देश के एक महान नेता और प्रेरणास्त्रोत एपीजे अब्दुल कलाम के प्रति शहर के सम्मान को भी दर्शाता है। पार्षद इमरान खान के इन प्रयासों से यह प्रतीत होता है कि उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए विकास और बदलाव के नए रास्ते खोलना है।

# विश्व टीबी दिवस पर जागरूक किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में आज हल्द्वानी में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य टीबी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था और उन्हें इस बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देना था। अरबन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर पॉलीशीट (काठगोदाम), फैमिली एडॉप्शन एरिया, रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर मोटाहल्दू, और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों के तहत एमबीबीएस छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी रोग के बारे में आम जनता को जागरूक किया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, मेडिकल कॉलेज द्वारा आच्छादित क्षेत्रों में क्षय रोग (टीबी) की रोकथाम हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही, विभाग के सेमिनार कक्ष में एनटीईपी (नेशनल टीबी एलीमिनेशन प्रोग्राम) की भूमिका पर विशेष प्रस्तुति दी गई। प्रोफेसर साधना अवस्थी, विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन ने टीबी के वर्तमान स्थिति पर व्याख्यान दिया और इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में डा. रूद्रेश नेगी, डा. विनिता, डा. शोभना मित्तल, डा. नीतू, डा. ईशान, डा. मिनाक्षी, डा. राजन. दिनी, डा. साहिल, डा. श्रुति, डा. दीपक जोशी, साथ ही विभाग के इंटर्न्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### पैतृक जमीन और मकान के लिए आमरण अनशन

**बागेश्वर।** बैणीमाधव वार्ड निवासी पूरन सिंह अपनी पैतृक जमीन और मकान को वापस दिलाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। मेहता का कहना है कि उनके पापा के तीन भाई हैं उनके पापा की मौत के बाद उनके चाचा ताऊ द्वारा उनकी जमीन और मकान को जबरन कब्जा किया गया है। उनको जमीन और मकान से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह पिछले छह महीने से प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनको न्याय नहीं मिला है जिसे उन्होंने अब अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके पापा की तीन भाई है जिनकी 22 नाली जमीन है, जिसमें से कुछ जमीन उनके द्वारा बेची गई है। अब 16 नाली जमीन उनकी बची हुई है। उन्होंने कहा कि उनके चाचा और ताऊ द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि न्याय की मांग को लेकर जिला प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन उन्हें गुमराह कर रहे है। अभी तक उन्हें उचित न्याय नहीं मिलने पर उन्होंने अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा जब तक उनको उनकी पुश्तैनी जमीन और मकान नहीं मिलता है तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बागेश्वर

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनटाईड फण्ड योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई/लघु सिंचाई, जल निगम आदि विभागों में डी श्रेणी एवं डी0 श्रेणी से उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 11/04/2025 के अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 10/04/2025 के अपरान्ह 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 11/04/2025 को निविदा समिति के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी एवं किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। निर्माण कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह होगी। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मुहरबन्द निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बागेश्वर के वार्ड संख्या-7 (कठायतबाड़ा) में श्री कमल खेतवाल जी के घर से श्री मोहन सिंह कनवाल जी के घर तक आरसीसी मार्ग निर्माण। | 14300.00 | 15 दिन |
| 2 | रेडक्रास भवन के समीप पार्किंग में सी सी एवं दीवार निर्माण कार्य। | 10000.00 | 15 दिन |

नोट: निविदा हेतु अन्य शर्तों के विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में विकासखण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
बागेश्वर

पत्रांक: 1735(1)/लेखा0/निविदा/2024-25 दिनांक 26.03.2025

# तीन साल में सरकार ने गांवों तक पहुंचाई शराब

## कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने धामी सरकार पर कसा तंज, यूसीसी पर भी बोले

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय में प्रदेश सरकार के तीन सालों की नाक. ामी पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य सरकार ने अपना कोष भरने के अलावा कुछ नहीं किया। सरकार ने अब तो हद पार कर दी है, अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए गांव में शराब की दुकान खोली जा रही है। जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में लागू किए गए यूसीसी को महज एक धर्म विशेष को चिन्हित करने का एजेंडा बताया। बुधवार को पिंडारी रोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में टम्टा ने कहा कि नई आबकारी नीति में सरकार ने




अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। पूर्व में मदिरा की दुक. ानों के आवंटन के लिए नीलामी, टेंडर नीति अपनाई जाती थी। लेकिन वर्तमान ने वे सभी नीतियां खत्म कर शराब की कीमतों में बढ़ोतरी करते हुए अपने लोगों को आवंटित की गई है। नई शराब नीतियों का पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। आज सरकार शांत. प्रिय गांव तक शराब पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कौसानी में आज तक किसी भी सरकार ने शराब की दुकान खोलने के बारे में नहीं सोचा। लेकिन धामी सरकार अपने राजस्व बढ़ाने के लिए वहां भी शराब की दुकान खोलने जा रही है, जिसका जनपद बागेश्वर एवं अल्मोड़ा वासी पुरजोर विरोध कर रहे है। आज राज्य में बेरोजगारी, महंगाई, चरम पर है। सरकार उस पर बहस करने के बजाय बचने का प्रयास कर रही है। जबकि आज उत्तराखंड में 50 हजार से अधिक सरकारी कर्मचारियों के पद विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की नाकामी किसी से छुपी नहीं है। आज 6000 से अधिक प्रथमिक विद्यालय बंद होने की कगार पर खड़े है। उन्होंने कहा वर्ष 2027 में कांग्रेस की सरकार आन पर किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस ने राज्य में परिसीमन का आधार जनसंख्या के अलावा भौगोलिक क्षेत्रफल की भी मांग कर रही है। उन्होंने कहा वर्ष 2011 के आधार पर परिसीमन की स्वीकार नहीं किया जाएगा। नई जनगणना के आधार पर परिसीमन होना चाहिए। कांग्रेस ने वर्ष 2000 में जनगणना के आधार पर परिसीमन करवाया था। जिससे पूरा राज्य संतुष्ट था। उन्होंने कहा उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है। इसलिए जब तक राज्य की स्थाई राजधानी गैरसैंण नहीं बन जाती उत्तराखंड राज्य की परिकल्पना पूर्ण नहीं होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगत डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व कांके पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, कुंदन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### प्रशासन ने अवैध मदरसों पर फिर की कार्यवाही, 2 सीज

**काशीपुर।** प्रशासन ने मान्यता बगैर रहे मदरसों के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई करते हुए दो मदरसों को सील किया जबकि 23 को नोटिस दिया गया है। जसपुर एसडीएम चतर सिंह चौहान और तहसीलदार पंकज चंदोला के नेतृत्व में गठित टीम ने मान्यता बगैर चल रहे मदरसों के खिलाफ कारवाई की। इस दौरान टीम ने ग्राम सरवरखेड़ा स्थित मदरसा फैजाने गौस ए रजा किसी भी संस्था और विभाग में पंजीकृत नहीं मिला। जबकि मोहल्ला गंज स्थित मदरसा इस्लामिया कमरुल उलूम मदरसा बोर्ड में पंजीकृत नहीं पाया गया। इस पर टीम ने दोनों मदरसों को सील कर दिया। वहीं धार्मिक स्थलों के अंदर चल रहे 23 मदरसों को टीम ने नोटिस जारी किया है। इससे पूर्व भी टीम ने आठ मदरसों को सील किया था। एसडीएम ने सील किये गये मदरसों में पढ़ रहे बच्चों को अन्य सरकारी स्कूलों में प्रवेश देने के निर्देश दिये।

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान



उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

**सूचना: नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम **HASSAN** से बदलकर **MOHD HASSAN** पुत्र **FARHAT ALI** कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे **MOHD HASSAN** के नाम से जाना पहचाना जाए।

**मो० हस्सान**
पुत्र श्री फरहत अली
निवासी: वार्ड नं. 24, किदवई नगर, हल्द्वानी-नैनीताल (उत्तराखण्ड)

मून सर्विस प्वाइंट



Zubair Khan Najeeb Khan
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, हल्द्वानी।

# पहली बोर्ड बैठक में 163 करोड़ के बजट पर चर्चा

## 29 प्रस्ताव पास, सफाई के लिए ई-गार्बेज रिक्शा हाइड्रोलिक खरीदा नगर निगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक में 163 करोड़ के बजट पर चर्चा करते हुए 29 प्रस्ताव पास किए गए। शहर में सफाई व्यवस्था और भी दुरुस्त करने के लिए निगम के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार ई-गार्बेज रिक्शा हाईड्रोलिक खरीदे जाएंगे।

### देश की महान विभूतियों के नाम पर रखा जाएगा शहर के विभिन्न मार्गों का नाम

जबकि वार्ड 34 से वार्ड 60 तक डोर टू-डोर कूड़ा एकत्र करने के लिए 30 होपर और 1 कॉम्पेक्टर भी खरीदा जाएगा। साथ ही शहर की विभिन्न मार्गों का नामकरण देश के विभूतियों के नाम पर रखे जाने पर भी बोर्ड ने सहमति दी है। वहीं कठघरिया में पूर्व में बने पंचायत घर को कैंप कार्यालय या ई लाइब्रेरी का निर्माण पर भी बैठक में विचार हुआ। नगर निगम सभागार में बुधवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में निगम की पहली बोर्ड बैठक हुई। जिसमें 1.63 अरब का बजट पारित करते हुए 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। तय हुआ कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत भवनों के नामांतरण प्रक्रिया को सरल किया जायेगा। वहीं विभिन्न स्थानों पर वेंडिंग जोन निर्माण किया जायेगा। निगम द्वारा संचालित नगर निगम इंटर कॉलेज के उच्चीकरण करने पर भी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। निगम की आय वृद्धि को देखते हुए पुराने क्षेत्र बाजार क्षेत्र में तहबाजारी वसूली दगड़ू बैणी सेना के माध्यम से की जाएगी। इसके अलावा 38 से 60 तक के वार्डों में सफाई कार्य के लिए काम पड़ रहे पर्यावरण मित्रों की पूर्ती के लिए उक्त वार्डों में स्वच्छता समिति



गठित करने का भी निर्णय बैठक में लिया गया। मंगलपड़ाव से मछली मार्किट को शिफ्ट करने की सहमति दी गयी। इसके अलावा बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र में नई स्ट्रीट टाइट लगाने, लाइब्रेरी खोलने, पार्कों को सुधारने सहित सड़क व नालियों के निर्माण की मांग रखी। मेयर गजराज बिष्ट ने सभी पार्षदों को जल्द निर्माण कार्यों को पूरा करने और नए प्रस्तावों पर कार्य शुरू करने सहित स्ट्रीट लाइटों को लगाए जाने के आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विकसित हल्द्वानी, सुंदर हल्द्वानी बनाना उनका लक्ष्य है। इसको लेकर वह सभी पार्षदों को समान रूप से विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ाएंगे। बैठक में नगर आयुक्त ऋचा सिंह सहित विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व पार्षद मौजूद रहे।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मोहर

- तिकोनिया में अवस्थित हाईटेक शौचालय में ई-वाहन चार्जिंग पॉइंट एवं पेड वाटर कलर निर्माण।
- सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने भूमि उपलब्ध होने पर स्वास्थ्य रेन बसेरा एवं छात्रावास निर्माण।
- 15 अप्रैल से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा
- ब्लॉक, मंडी और तिकोनिया में हाईटेक शौचालय निर्माण
- ठेलों में खुले में शराब बेचे जाने पर तत्काल लाइसेंस निरस्तीकरण
- सफाई कर्मचारियों के वेतन भुगतान बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज उपस्थिति के आधार पर दिए जाने।



### गौजाजाली की समस्याओं से मेयर को अवगत कराया

गौजाजाली उत्तर वार्ड-59 में व्याप्त कई समस्याओं का त्वरित समाधान करने की मांग को लेकर स्थानीय पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने नगर निगम की बोर्ड बैठक में मेयर से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा। मेयर को सौंपे गए ज्ञापन में पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि वार्ड-59 जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से इस बड़े वार्ड में कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था, बिजली के खंभों की समस्या, नाली की मरम्मत और स्ट्रीट लाइट की गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। उन्होंने कहा वार्ड में कचरा गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है, जिसके कारण कूड़े के ढेर जगह-जगह जमा हो रहे हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने दो गाड़ियों के नियमित संचालन की मांग की है। साथ ही कहा गया है कि आठ महीने पहले सफाई कर्मचारी को लापरवाही के आरोप में हटाए जाने के बाद से अभी तक नया कर्मचारी नियुक्त नहीं किए गए है। जिससे सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। वहीं वार्ड में बिजली व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए पहले 15 विद्युत खंभे स्वीकृत किए गए थे, लेकिन अभी तक उनकी स्थापना नहीं हुई है। वहीं वार्ड में डेढ़ किलोमीटर लंबी नाली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण गंदा पानी चौधरी कॉलोनी, आम का बगीचा और स्वामी विहार तक फैल रहा है। इससे मच्छर और कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। इसके साथ ही शनिबाजार गोला रोड पर स्थित कूड़ाघर के पास नियमित सफाई कर्मचारी न होने के कारण कचरा सड़क और नालों में फेंका जा रहा है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतें हो रही है।

### टैक्स कलेक्शन के लिए बॉब से आईपीजी सुविधा ली

नगर निगम ने टैक्स कलेक्शन के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा से आईपीजी सुविधा ली है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस आईपीजी सुविधा को इस प्रकार से बनाया गया है जिससे नागरिक आसानी और सरलता से टैक्स का भुगतान कर पाएंगे और नगर निगम को भी टैक्स पेमेंट कलेक्शन आसानी से प्राप्त हो जायेगा। इस टैक्स कलेक्शन प्रणाली का शुभारंभ निगम सभागार में मेयर गजराज सिंह ने किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह, हल्द्वानी फाइनेंशियल कंट्रोलर सूर्य प्रताप सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा के आरबीडीएम आदित्य गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### राजेंद्र जीना ने अपने वार्ड की समस्याएं बताई

नगर निगम की पहली बैठक में वार्ड-9 के पार्षद राजेंद्र सिंह जीना ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मेयर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की है। मेयर को सौंपे ज्ञापन में पार्षद जीना ने कहा कि वार्ड के महेश नगर व आनंदपुरी में पिछले कई वर्षों से जलभराव की स्थिति बनी हुई। जिसका मुख्य कारण वार्ड-10 से आ रही सिंचाई की गूल को रिपेयरिंग के दौरान वार्ड-9 गांधीआश्रम की गूल से जोड़ दिया गया। कलावती कॉलोनी, गांधीआश्रम वाली गली मुखरा बिहार व महेश नगर की ओर से आ रहे बरसाती नाले पर महेशनगर के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर दिया। जिससे वार्ड में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। जनहित की समस्या को देखते हुए शीघ्र ही नाले के निकासी के लिए बजट स्वीकृत किया जाए।

### एनसीईआरटी की किताबों के लिए सौंपा ज्ञापन

पार्षदों ने शहर के स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों को पूरी तरह से लागू कराने की मांग को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट को एक ज्ञापन सौंपा। वार्ड-58 के पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि सरकार की नीति के अनुसार गरीब और अमीर सभी बच्चों को समान शिक्षा मिलनी चाहिए, लेकिन कई विद्यालय अभी भी अन्य प्रकाशकों की किताबें मंगवा रहे हैं। बैठक में पार्षद मनोज जोशी ने प्रस्ताव रखा कि नगर निगम बोर्ड की ओर से मुख्य शिक्षा अधिकारी को एक पत्र भेजकर सभी स्कूलों की जांच की जाए। उन्होंने कहा, जो विद्यालय एनसीईआरटी की किताबें पूरी तरह से लागू नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि एनसीईआरटी की किताबें सभी बच्चों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए जरूरी हैं। सरकारी नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही नगर निगम द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर पार्षद मनोज जोशी, राजेंद्र अग्रवाल और चंद्र प्रकाश सहित कई अन्य पार्षद मौजूद रहे।

### पार्षद प्रीति आर्या ने नगर निगम को सौंपे प्रस्ताव

राजेंद्र नगर वार्ड-12 की पार्षद प्रीति आर्या ने हल्द्वानी नगर निगम बोर्ड बैठक में वार्ड और महानगर के विकास से जुड़े दस प्रमुख प्रस्ताव रखे। मेयर गजराज बिष्ट ने इन प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। पार्षद ने राजेंद्र नगर में नई सीवर लाइन बिछाने, ठेला विक्रेताओं के लिए कार्ययोजना बनाने का अनुरोध किया। साथ ही राजेंद्र नगर में रोजगार बढ़ाने के लिए लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने की मांग भी की। वहीं उन्होंने वार्ड की टूटी सड़कों और नालियों के पुनर्निर्माण की आवश्यकता बताई। इसके अलावा संस्थान द्वारा लिए जा रहे शुल्क में कमी और विधवाओं की बेटियों की शादी में निःशुल्क सहयोग की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में नालियों की बदहाली के कारण लोगों का जीना दुभर हो गया है। उन्होंने खुले नालों को कवर करने की मांग की। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने इन सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा नगर निगम जनहित के इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का प्रयास करेगा।

# एक साथ उठी पिता-पुत्र और पड़ोसी के पुत्र की अर्थी

## सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत पर कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते मंगलवार को हल्द्वानी के कमलुवागांजा क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना में ट्रक की चपेट में ले लिया थाा। जिसमें पिता-पुत्र और उनके जिगरी दोस्त की मौत हो गई। तीनों लोग एक ट्रक की चपेट में आकर कुचले गए थे। बुधवार को इन तीनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बता दें कि जय सिंह और भूपेंद्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मलकपुर, बरेली के निवासी थे और वर्ष 2020 में हल्द्वानी आए थे। वे हरिपुर नायक स्थित एक र्गाम में काम करते थे। वहीं, शिवम कश्यप रायपुर थाना बीसलपुर, पीलीभीत का निवासी था और जय सिंह के बेटे के साथ पढ़ाई करता था। बता दें कि मंगलवार को तीनों बच्चे जय सिंह के साथ कॉपी-किताबें खरीदने के लिए घर से निकले थे, जब वे रिलायंस मॉल के पास हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद तीनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पोस्टमार्टम के बाद जय सिंह और उनके बेटे भूपेंद्र के शव उनके पैतृक गांव रायपुर, उत्तर प्रदेश भेजे गए, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ। वहीं, शिवम का अंतिम संस्कार हल्द्वानी के चित्रशिला घाट पर किया गया।

# सड़क हादसे की जांच शुरू, सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते मंगलवार को कमलुवागांजा रोड में में हुए सड़क हादसे की जांच शुरू हो गयी है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव सिंह और स्थानीय पुलिस ने बुधवार को घटना स्थल पर पहुंचकर हादसे के कारणों का बारीकी से निरीक्षण किया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि कल हुए हादसे में बाइक सवार व्यक्ति और दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जांच के दौरान सड़क किनारे सुरक्षा उपायों का जायजा लिया गया ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बताया कि जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी जिसके आधार पर जरूरी सुधार और सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएंगे। आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव सिंह ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट संयुक्त रूप से तैयार की गई है जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए जाएंगे, ताकि ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न हो।

## एक नजर

### स्मैक तस्करी के दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी से लेकर लालकुआं तक स्मैक की तस्करी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार थे और पुलिस को इनकी तलाश थी। इनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और ये दोनों आरोपी पहले भी अल्मोड़ा में आपरा. धिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि 22 जून 2024 को लालकुआं पुलिस ने अल्मोड़ा के मल्ला जोशी खोला निवासी अभिषेक नेगी और गंगोली मोहल्ला अल्मोड़ा निवासी सोवित नेगी को स्मैक तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था। ये दोनों आरोपी उस समय जेल से बाहर थे और पुलिस को उनकी गतिविधियों के बारे में जानक. ारी मिली कि ये गैंग बनाकर स्मैक तस्करी कर रहे थे। इस दौरान, अन्य थानों और जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह सामने आया कि दोनों के खिलाफ अल्मोड़ा और अन्य स्थानों पर भी स्मैक तस्करी के मामले दर्ज हैं। उनके खिलाफ इस वर्ष गैंगस्टर एक्ट में केस भी दर्ज किया गया था। काठगोदाम पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को हल्द्वानी से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### पंकज बने पहाड़ी आर्मी के युवा अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी संगठन ने नैनीताल जिले में अपनी युवा शाखा को मजबूती प्रदान करने के लिए हल्दुचौड़ निवासी पंकज फुलारा को जिला युवा कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के महामंत्री विनोद शाही ने इसकी औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि यह निर्णय संगठन के संस्थापक अध्यक्ष की संस्तुति पर लिया गया है। फुलारा की नियुक्ति पर पहाड़ी आर्मी के कोषाध्यक्ष भगवत सिंह राणा, जिला अध्यक्ष मोहन कांडपाल, मीडिया प्रभारी कमलेश खंडूरी, बलवीर जोशी, सुनीता जीना, गौरव गोस्वामी, कपिल शाह सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

### मंदिर में दीपक की लौ से जली महिला, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक दर्दनाक घटना में 95 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जब मंदिर में जलते दीपक की लौ उनकी साड़ी में लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी। महिला ने दो दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष किया, लेकिन मंगलवार को उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। शक्तिफार्म नंबर तीन, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर निवासी आशालता मंडल हल्द्वानी में अपने परिवार के साथ रहती थीं। वह रोजाना की तरह पास के मंदिर में पूजा करने गई थीं। परिजनों के अनुसार सोमवार को वह मंदिर में पूजा कर रही थीं और पास में रखा दीपक जल रहा था। अचानक दीपक की लौ उनकी साड़ी में लग गई। महिला कुछ समझ पाती, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आशालता की चीखें सुनकर परिजन दौड़े और किसी तरह आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से जलने के बाद उन्हें तुरंत सितारगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी रेफर कर दिया। उपचार के दौरान महिला ने मंगलवार की रात्रि दम तोड़ दिया।

# युवती और नाबालिग बच्चा फरवरी से लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक युवती और एक नाबालिग के अचानक लापता होने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। युवती के लापता होने की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं, 12 वर्षीय नाबालिग लड़के के गायब होने का मामला भी पिछले माह से अनसुलझा है। बजूनिया हल्दू निवासी पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 11 मार्च की रात उनका परिवार खाना खाकर सो गया था, लेकिन सुबह उठे तो उनकी 19 वर्षीय बेटी घर पर नहीं थी। परिजनों ने रात करीब 12 बजे से उसे ढूंढना शुरू किया, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ था। इस पर परिजनों ने आसपास दोस्तों और रिश्तेदारों से जानकारी ली, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मुखानी पुलिस में तहरीर दी और अपहरण की आशंका जताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। वहीं इससे पहले 28 फरवरी को हल्द्वानी के डहरिया क्षेत्र से एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़का घर से यह कहकर निकला था कि वह छोटा कैलाश मंदिर दर्शन के लिए जा रहा है, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं आया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि नाबा. लिग की तलाश की जा रही है, हालांकि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि युवती के लापता होने के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

# पुलिस को मिली हाईटेक मोबाइल फॉरेंसिक वैन

## अपराधियों के लिए संकट: एसएसपी ने वैन को हरी झंडी दिखाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपराधियों के लिए अब बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। पुलिस ने अपराध से जुड़े हर राज को उजागर करने के लिए हाईटेक मोबा. इल फॉरेंसिक वैन का उपयोग शुरू कर दिया है। एसएसपी पीएन मीणा ने बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में इस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए नए आप. राधिक कानूनों के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले को अब आधुनिक उपकरणों से लैस मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई है। यह वैन घटनाओं के त्वरित खुलासे और




साक्ष्य संकलन के लिए अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। वैन में कई महत्वपूर्ण उपकरण मौजूद हैं, जैसे कि क्राइम सीन प्रोटेक्शन किट, फिंगर प्रिंट किट, ब्लड एंड सिमन डिटेक्शन किट, हाई इंटेंसिटी फोरेंसिक लाइट, एविडेंस कलेक्शन किट, नारकोटिक, डीएनए और एक्सप्लोसिव डिटेक्शन उपकरण आदि। एसएसपी मीणा कहा कि आधुनिक उपकरणों/किट से परिपूर्ण यह वाहन फोरेंसिक कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बेहतर और प्रभावी साबित होगा जिससे आपरा. धिक घटनाओं के त्वरित अनावरण में विशेष भूमिका रहेगी और सार्थक परिणाम हासिल होंगे। नैनीताल पुलिस के इस मोबाइल फॉरेंसिक वैन में फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला से प्रशिक्षित एक उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल, दो कांस्टेबल और एक महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। इस मौके पर फॉरेंसिक सेल प्रभारी त्रिवेणी प्रसाद, परिवहन शाखा प्रभारी सतीश चंद्र पाठक सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

# मंडी में दो कर्मियों पर गिरी गाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू और महाप्रबंधक (प्रशासन) निर्मला बिष्ट ने बुधवार

### अनुपस्थित रहने पर कटेगा एक दिन का वेतन

को संयुक्त रूप से हल्द्वानी स्थित उप महाप्रबंधक (तकनीकी) कार्यालय और मंडी समिति का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप महाप्रबंधक कार्यालय में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर डा. डब्बू ने नारा. जगी जताते हुए दो कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डा. डब्बू ने कहा यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा हुई, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिका.



रियों को नियमित ड्यूटी के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया। इसके बाद टीम ने मंडी समिति हल्द्वानी का निरीक्षण किया, जहां ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि अब से मंडी परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन को अपना रसीद दिखाना अनिवार्य होगा। डा. डब्बू ने स्पष्ट किया किसी भी प्रकार की टैक्स चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि बिना टैक्स का माल पकड़ा गया, तो जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे ईमानदारी से टैक्स जमा करें, ताकि किसानों और मंडी से जुड़े कर्मचारियों का विकास सुनिश्चित हो सके। इस निरीक्षण के दौरान मंडी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन टैक्स चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### सीओ से काठगोदाम पुलिस की शिकायत

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस के खिलाफ शिकायत लेकर पॉलीशीट के लोग सीओ सिटी नितिन लोहनी से मिले। उन्हें इससे संबंधित एक ज्ञापन सौंपा और व्यवस्था बनाने की मांग की। बुधवार को सीओ सिटी नितिन लोहनी से मिले पॉलीशीट वार्ड पांच के लोगों व भाजपा मंडल महामंत्री विक्रम अधिकारी ने कहा कि पॉलीशीट तुलसीनगर स्थित शिव मंदिर में कुछ माह पूर्व दानपात्र तोड़ चोरी कर ली गई थी, लेकिन इसका खुलासा नहीं हुआ। वार्ड में जहां-तहां लोग वाहन खड़े कर रहे हैं, इससे जाम लग रहा है। इस पर सीओ लोहनी ने लोगों को आश्वास्त किया कि जो भी उनकी समस्याएं हैं, उन्हें जरूर अवगत कराएं, उनका जल्द समाधान किया जाएगा। इससे पहले लोग काठगोदाम थाने भी गए थे लेकिन थानाध्यक्ष के न मिलने पर उन्होने कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

# फेरी लगाने वाले ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक फेरी लगाने वाले ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान

### आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार केसोपुरकला, थाना दातागंज, बदायूं निवासी 35 वर्षीय राजकुमार पुत्र शिपतार सिंह अपनी पत्नी के संग मंडी चौकी क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहता है और यहीं रहकर वह फेरी लगाकर कपड़े बचेने का काम करता है। बताया जा रहा कि बीते मंगलवार वह रोजना की तरह फेरी लगाकर रात्रि घर पहुंचा और खानाकर सो गया। बुधवार की सुबह जब उसकी पत्नी की आंख खुली तो पति का शव लटका देख उसके होश उड़ गए। घर से निकली चिखपुकार सुन आस-पास के लोग भी एकत्र हो गए और सूचना मिलते ही टीपीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मौत के मामले की जांच की जा रही है।

# क्रिकेट: बागेश्वर ने हरिद्वार और चंपावत ने टिहरी को दी शिकस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्त्वाधान में और जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतरजनपदीय लीग में हल्द्वानी के जीएनजी क्रिकेट एरिना में दो रोमांचक मैच खेले गए। पहला मुकाबला बागेश्वर और हरिद्वार के बीच खेला गया।

बागेश्वर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 373 रन बनाये। निखिल भट्ट ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 12 चौके और 7 छक्के की मदद से 129 रन बनाये। इसके अलावा मो.



हारून ने 58 रन, गोविंद मेहता ने 57 रनों का योगदान दिया।

जवाब में उतरी हरिद्वार की टीम 47 ओवर में सभी विकेट खोकर 321 रन पर पवेलियन लौट गई। दूसरे मैच में चंपावत और टिहरी के बीच रामनगर के कौशिकी मैदान में मुकाबला हुआ। चंपावत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 300 रन बनाये। विजय जेठी ने 77 रन और राम पांडे ने 58 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिहरी की टीम 48 ओवर में सभी विकेट खोकर केवल 222 रन बना सकी और 78 रन से मैच हार गई। मैच का शुभारंभ डा. संजय जुयाल ने किया। इस मौके पर सीएयू के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, आंनद बिष्ट, दिग्विजय कनवाल और सुंदर कपकोटी मौजूद रहे। कल यानि आज गुरूवार को हल्द्वानी के जीएनजी मैदान में टिहरी और अल्मोड़ा के बीच जबकि रामनगर के कौशिकी मैदान में उधम. सिंह नगर और चंपावत के बीच मुक. ाबला खेला जाएगा।

# भाविप के डा. विनय खुल्लर अध्यक्ष, हरीश बने महासचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद उत्तराखण्ड (पूर्वप्रांत) की आगामी सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रो. डा. विनय खुल्लर को प्रदेश अध्यक्ष, हरीश शर्मा (खटीमा) को महासचिव, और सीए अमित गंभीर को वित्त सचिव के रूप में चुना गया है। यह चयन परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनित होने पर डा. विनय खुल्लर ने कहा भारत विकास परिषद अखिल भारतीय स्तर पर निरंतर सेवा और संस्कार के कार्यक्रम संचालित करता है। प्रदेश स्तर पर शाखाओं और सदस्यता विस्तार पर जोर दिया जाएगा। हम केंद्र के द्वारा निर्देशित सभी सेवाओं, चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, दिव्यांग सेवा शि. विर, पर्यावरण संरक्षण, भारत को जानो, राष्ट्रीय समूह गान, गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन जैसे कार्यक्रमों में तेजी से कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित टीम के मनोनयन पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील खेड़ा, राष्ट्रीय डा. नितिन दालब, क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. तरुण शर्मा, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा, क्षेत्रीय वित्त सचिव आरके गुप्ता, क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव पाला मेहता, दीपक माहेश्वरी, राजेश अग्रवाल, डा. दीपक बिष्ट, ममता खुल्लर, आलोक सक्सेना, अतुल राजपाल, डा. अभिषेक मित्तल, डा. एनके मेहता, हरीश पांडेय, सुभाष गुप्ता, समर्थ अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रेम मदान ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### दरोगा का कटा चालान

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दरोगा का पुलिस ने चालान काट दिया है। साथ ही पुलिस आचरण नियमावली का उल्लंघन करने पर रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। बता दें कि नैनीताल में मंगलवार को यातायात व्यवस्थित कर रहे एक दरा. ेगा बिना हेलमेट काला चश्मा लगाकर स्कूटी से सड़कों के चक्कर काट रहे थे। इस दौरान कई लोगों ने उनकी फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दी। जिसके बाद लोग पुलिस पर ही आरोप लगाने लगे। लोगों ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए फोटो वीडियो को वायरल कर दिया थे। लोगों ने कहा कि पुलिस पहले स्वयं यातायात नियमों का पालन करना सीखे, उसके बाद लोगों के चालान करे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बहुद्देशीय व चिकित्सा शिविर में उमड़े लोग

- स्वास्थ्य विभाग के अलावा बीस अन्य विभागो ने किया शिविर में प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के रामलीला मैदान में जन सेवा थीम पर आधारित बहुद्देशीय और चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, पूर्व सांसद बलराज पासी व राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रामलीला मैदान में आयोजित बहुउद्देशीय एवं स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे अतिथियों ने, शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही जनता को उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान शिविर में भारी संख्या में लोगों का ताता लग रहा एवं शिविर का लाभ लिया। शिविर में पहुंचे लोगों के समक्ष प्रदेश के धामी सरकार द्वारा तीन वर्ष में लिए गए प्रदेश हित में निर्णय एवं विकास कार्य को रखा गया।

इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, राकेश त्यागी, आनंद बल्लभ, आदेश ठाकुर, राजू हरियाणवी, कुलदीप गंगवार, ललित सक्सेना, जय जोशी, बाल आयोग की सदस्य सुमन राय, विद्या अग्रवाल रवि रस्तोगी, अनिरुद्ध राय, जानकी को. हली, उदय राणा, दीपक गुप्ता, रेहान अंसारी, यूनिस शेख, शिवपाल सिंह चौहन, तहसीलदार पूजा शर्मा, अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली, सीएचसी प्रभारी कुलदीप यादव, मयंक नैनवाल, पूर्ति विभाग से धर्मेंद्र सिंह, रिहाना कुरेशी, केके बिष्ट कार्यक्रम का सचालन अमित रस्तोगी ने किया।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया 1510 पंजीकरण

**सितारगंज।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 1510 पंजीकरण किए गए, जिनमें जनरल मरीज 451, दिव्यांग प्रमाण पत्र 15 आखों के मरीज निरीक्षण 15, होम्योपैथिक मरीज निरीक्षण 162, आयुर्वेदिक मरीज निरीक्षण 97, एनसीडी० स्कोनिंग बीपी 195, एनसीडी स्कोनिंग सुगर 195, आयुष्मान कार्ड 45, जन्म- मृत्यु पंजीकरण 18, आरकेएसके काउनसलिंग 47, फैमली प्लानिंग काउनसलिंग 161, इमूसियेशन 56 एवं टीबी 17 मरीजो को देखा गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा 15 महालक्ष्मी किट, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 15 लखपति दीदी प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 व्हील चेयर तथा अटलवास वितरित किये गये तथा राजस्व विभाग अन्तर्गत 49 व्यक्तियों के स्थाई, आय एवं जाति प्रमाण पत्रों का निस्तारण किया गया। कुल 20 विभागों द्वारा उक्त शिविर में प्रतिभाग किया गया।



# ब्लॉक के सामने से अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने पर भड़के कांग्रेसी

- दुकान बंद कराने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- शराब की दुकान को 30 मार्च तक बंद नहीं किया तो होगा बड़ा आंदोलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अराज सिंह सिद्धू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नैनीताल रोड ब्लॉक के सामने स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान/ठेका बन्द कराने को लेकर एसडीएम डा. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की।

यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अराज सिंह सिद्धू ने बताया कि ब्लॉक के सामने स्थित अंग्रेजी शराब की बाजपुर नं.-02 दुकान/ठेका जिसको लाल बहादुर सिंह और हेमा संचालित कर रहे हैं। जिनके द्वारा नाबालिग बच्चों और स्कूल जाते बच्चों को दारू बेची जा रही है। बच्चे दारू पीकर स्कूल आदि नहीं जा रहे है। और शराब पीकर चोरी चकारी में लिप्त हो रहे हैं। जिसके चलते बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है और आसपास के व्यक्ति व औरतें भी काफी परेशान हो रही हैं। यदि तत्काल 30 मार्च तक बाजपुर नं.- 02 शराब की दुकान उक्त स्थान से नहीं हटाई जाती है तो धरना प्रर्दशन किया जाएगा और सारे सबूत न्यायालय में पेश किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# नीची भूमि में ग्रीष्म कालीन धन रोपाई की मांग को लेकर भेजा सीएम को ज्ञापन

- किसानों को बरसात से पहले दी जाए धान की फसल लगाने की परमिशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बेरिया दौलत के किसानों ने डाम सहित अन्य क्षेत्रों की नीची भूमि में ग्रीष्म कालीन धान की रोपाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डा. अमृता शर्मा को सौंप कर धान लगने की अनुमति मांगी। जिस पर एसडीएम ने किसानों से कहा कि जब तक परमिशन नहीं मिलती आप धान की फसल नहीं लगाएंगे।

किसानों ने कहा कि धामी सरकार द्वारा ग्रीष्म कालीन धान सशर्त प्रतिबन्धित कर दिया है, जिसमें ग्रीष्म कालीन धान की फसल लगाने के लिए 31 मार्च 2025 तक का समय उन किसानों को प्रदान किया गया है। किसानों ने कहा कि डाम के आसपास क्षेत्र में नीचे की भूमि है। बरसात के समय हमेशा पानी भरा रहता है, उसमें अन्य फसल नहीं हो पाती है। बरसात से पहले हमें धान की फसल लगाने की परमिशन दी जाए। किसानों द्वारा पूर्व से कृषि भूमि ठेके इत्यादि पर ले रखी है और काफी कृषकों द्वारा धान की रोपाई की तैयारी करने के लिए पूर्व से धान की पौध आदेश के निष्पादन से पूर्व रखी है। धान की फसल नहीं लगाई गई तो किसानों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ेगा। जिससे कृषि ऋण इत्यादि वापस करने में भी काफी कठिनाईयों को सामना करना पड़ेगा। इसलिए किसानों की समस्याओं को देखते हुए वर्ष 2025 में ग्रीष्म कालीन धान की रोपाई पूर्व की तरह करने का आदेश जारी करने की कृपा की जाए। जिससे किसान समय पर धान की रोपाई कर उत्पादन कर सकं। इस मौके पर मनजीत सिंह, निशांत सिंह, सुभाष, राम चरन, सौरभ तुली, बलविंदर सिंह, हरभजन सिंह, सुखदेव सिंह, पंचम सिंह, गंगा सिंह, आकाश कुमार, हरजीत सिंह, अमृत सिंह, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

# अनुसूचित कांग्रेस विभाग के प्रदेशध्यक्ष का किया स्वागत

- बाजपुर के किसानों की 5838 एकड़ भूमि को लेकर सीएम से मिलेंगे: मदनलाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड अनुसूचित कांग्रेस विभाग के प्रदेशध्यक्ष मदनलाल ब्लॉक प्रमुख पति राजकुमार के आवास पर पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं न उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

उत्तराखंड कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेशध्यक्ष मदनलाल ने डबल इंजन की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीति कर अपना उल्लू सीधा कर रही है। उत्तराखंड में भी जातिवाद का डबल इंजन सरकार ने खेल खेलना शुरू कर दिया है। यहां पर भी पहाड़ वाद प्लेन वाद की राजनीति शुरू हो गई है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मंत्रीपद का इस्तीफा ले लिया है, यहां से इन्होंने शुरुआत कर दी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर विपक्ष में एहम भूमिका निभाएगी और विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को कांग्रेस विधायक एवं कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि को लेकर किसानों द्वारा डेढ़ वर्ष आंदोलन किया गया। किसानों को तीन महीने का समय देकर आंदोलन से उठा दिया गया। उसके बावजूद भी भाजपा सरकार किसानों के भूमि धरी अधिकार नहीं दे रही है। उत्तराखंड धामी सरकार जनता का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि 2027 में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति राजकुमार, उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, बब्बू सैफी, अजीत कुमार, विनय कुमार, रवि कुमार, विमल कुमार, व्यास गुप्ता, विकास कुमार, आकाश, तेजपाल, ऋतिक कुमार, पवन कुमार, अनिरुद्ध कुमार, मनीष यादव, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आंखों में जहरीला पदार्थ डाल चाकू से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बाइक सवार युवकों ने एक व्यक्ति की आंखों में जहरीला पदार्थ डालकर उस पर चाकू से ताबड़तोड हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

एसएसपी को लिखे शिकायती पत्र में गुरबचन सिंह पुत्र हरभजन सिंह निवासी रम्पुरा वार्ड 20 फाजलपुर महरौला ने कहा है कि 13 मार्च की रात्रि करीब 11 बजे वह अपने घर पर बाहर खड़ा हुआ था। उस दिन होली जलाई गई थी। तभी रम्पुरा निवासी तीन बाईको पर सवार होकर युवक आयें और उसकी आंखों में जहरीला पदार्थ डाल दिया, जिनसे वह दर्द से तड़पता रहा। उसका आरोप है उसके बाद इन्होने उसके ऊपर चाकू से जान से मारने कि नियत से जान लेवा हमला कर दिया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। हमलावर उसको मरा हुआ जानकर छोड़कर भाग गये। उसने बताया कि हमलावर दबंग है और उसे जान माल का खतरा बना हुआ है। एसपी सिटी ने उसे जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### होटल कर्मी पर हथियारबंद लोगों ने तलवार से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में गंगापुर मार्ग पर कुछ हथियार बंद लोगों ने एक होटल कर्मी पर तलवार व डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

दर्ज कराई रिपोर्ट में कपिल पुत्र नरेश कुमार निवासी सोनीपत हरियाणा का कहना है कि वह राज एमबियस होटल गंगापुर रोड में रहता है। 14 मार्च की रात्रि 7-8 लड़के उसके उक्त होटल में रूम लेने के बहाने आए थे। उन्होंने उसको फोन करके नीचे बुलाया। कपिल का आरोप है कि नीचे जो लड़के खड़े जिनमें एक का नाम नन्दु था उक्त लड़कों ने दिनेश कुमार के उपर बंदूक लगा रखी थी। उसके बाद उसके नीचे आते ही उस पर उक्त लड़कों ने तलवार डन्डों से हमला कर दिया। जिससे वह काफी चोटिल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पेयजल सप्लाई पाइपलाइन की लीकेज सही करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सितारगंज रोड स्थित जल संस्थान कार्यालय के जेई कमल जोशी एवं गजेंद्र मनोला से मुलाकात कर वार्ड नंबर 14 राजीव नगर आवास विकास कॉलोनी प्रेम टॉकीज रोड आदि स्थानों में पानी लीकेज की समस्या एवं नलों में पानी की सप्लाई ना आने को लेकर वार्ता की। जिला महामंत्री सतीश गोयल एवं नगर महामंत्री मनोज बाधवा के नेतृत्व में मुलाकात करने पहुंचे वार्ड वासियों ने बताया कि पंजाबी कॉलोनी के मुख्य चौक पर लगभग एक माह से सप्लाई पाइपलाइन से लीकेज हो रहा है, जिससे वार्ड के चौक पर हमेशा पानी भरा रहता है। इसी तरह शहर के विभिन्न वार्डों में पानी लीकेज की समस्या बनी हुई है एवं लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जल संस्थान के जेई कमल जोशी ने उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी की वजह से पानी लीकेज की समस्या ठीक करने में दिक्कत आ रही है। जल संस्थान दो दिन के भीतर शहर के विभिन्न वार्डों में लीकेज की समस्या का निराकरण कर देगा। इस अवसर पर नीरज रस्तोगी, कामिल खान, रामू भारती, नीलू गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, राजेश बाटला, विजय कुमार, जफर खान, विक्की अंसारी, नवल वाल्मीकि तथा अजहर सिद्दीकी आदि उपस्थित थे।



### महतोष मानूनगर से गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह को जाने वाला मार्ग CRIF फण्ड से हुआ स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा के प्रयास से महतोष - मानुनगर से होते हुऐ धार्मिक आस्था के बहुत बड़े केंद्र गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह पछियापुर मार्ग को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग जो वहाँ के लोगो की 20 साल से चली आ रही पुरानी मांग को आखिर कर पंख लग गए।

आपको बता दे महतोष मानुनगर मार्ग जो बेहद जर्जर हाल में था, जहां रोड कही देखने मे नजर नहीं आती थी जिसको 2022 मे विधायक बने शिव अरोरा ने लगातार प्राथमिकता पर लेकर इसको स्वीकृत कराने हेतु प्रयास प्रारम्भ कर दिए थे। विधायक ने उस समय से ही इस महत्वपूर्ण मार्ग हेतु पीडब्लूडी विभाग के माध्यम से इसको देहराद.ून तक प्रस्ताव बनाकर इसकी चिंता की और स्वयं उन्होंने पीडब्लूडी सचिव के माध्यम से महत्वपूर्ण मार्ग को राज्य की ओर से केंद्र के CRIF फण्ड हेतु जाने वाले कार्यों मे डलवाया और उसके बाद दिनेशपुर मटकोटा मार्ग जिसका कुछ हिस्सा रुद्रपुर विधानसभा में भी आता है। दोनों मार्गो की स्वीकृति हेतु नैनीताल ऊधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट को अवगत करवाया, तो वहीं अजय भट्ट के विशेष प्रयास और पीछे दो साल से उनके द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इसको लेकर पत्राचार किया गया। चूकि हार साल मार्च में राज्यों का CRIF फण्ड केंद्र से स्वीकृत होता है तो वही विगत दिनों इन दोनों मार्ग की स्वीकृति हेतु सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। जिसके बाद उनके विशेष प्रयास से दोनों महत्वपूर्ण मार्गो की स्वीकृति आ गई है। यह मार्ग 3.9 किलोमीटर जो 10.70 करोड की लगत से सड़क का चौड़ीकरण-सुदूड़ीकरण होगा और महतोष के रास्ते आगे उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले इस मार्ग की आवाजाहि सुगम हो पाएगी।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले सात लोग पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा सामाजिक माहौल खराब कर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर के आदेशानुसार कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा सायंकाल. ीन गस्त के दौरान हाईवे किनारे, सड़क पुलिया आदि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब करने वाले सात शराबियों को निरुद्ध कर थाने पर लाकर परिवार. जनों और परिचित लोगों को बुलाकर भविष्य में पुनः गलती ना दोहराने का वादा लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल द्वारा उचित हिदायत देकर 81 पुलिस एक्ट में चालान कर छोड़ा गए।

पकड़े गए सभी आरोपी सम्बद्ध परिवार के बताए जा रहे हैं।

# यशपाल आर्य ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण

- पांच करोड़ 22 लाख 47 हजार की लागत से होंगे काम
- ग्राम वासियों ने जताया विकास पुरुष यशपाल आर्य का आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुंडेश्वरी क्षेत्र में विभिन्न ग्राम सभाओं में पर्वत कुंज शिवलालपुर डल्लू, कुंडेश्वरी, ढकिया नं. 02, बाजावाला व हरी नगर कुमाऊं गढ़वाल परमानंदपुर लगभग पांच करोड़ 22 लाख 47 हजार की लागत से शिलान्यास और लोकार्पण किया। समस्त ग्राम वासियों ने कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने समस्त ग्राम सभाओं की समस्याओं को सुना और तत्काल समस्या का समाधान किया। डाकिया नंबर दो में गुरुद्वारे के लिए पांच लाख की घोषणा की। बाजपुर विधानसभा के समस्त ग्राम वासियों ने विकास पुरुष यशपाल आर्य का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राकेश लखेरा, हरेंद्र सिंह लाडी, विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, साधू सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, प्रीतम, राजेश कुमार, राजेंद्र, मुन्नू, प्रेम प्रकाश, महक सिंह, राजेंद्र सिंह, गजपाल सिंह, श्याम सिंह, कालू सिंह, किरण पाल, हरमन, सुमन, भूरी, जफर, जोगिंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, सोनी सिंह, गुरदीप सिंह, तरसेम सिंह, बलजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सावर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शक्तिफार्म।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सावर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलवार देर शाम को शक्तिफार्म के गांव गोविंद नगर निवासी 34 वर्षीय मंगलशील पुत्र समीर शील, नगला तराई, खटीमा निवासी 31 वर्षीय मनोज बसु पुत्र मधु बसु और न्यूरिया (यूपी) निवासी 22 वर्षीय बंकिम हाजरा पुत्र निमाई हाजरा एक बाइक पर सवार होकर मंगलशील के ससुराल जा रहे थे। तभी रास्ते में सामने से आए अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मंगल शील को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल मनोज बसु को हायर सेंटर के लिए रेफर किया। पुलिस सीसीटीवी खंगाल कर अज्ञात वाहन की तलाश करने में जुटी है। आरोप है कि खनन ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी है। परिजनों ने बताया कि मंगल शादीशुदा है उसकी एक 8 वर्ष की बेटी है। बताया कि उसकी पत्नी नौ महीने की गर्भवती भी है।

# खटीमा में स्थापित होगा 200 फिट ऊंचा राष्ट्रीय तिरंगा

- 47 लाख की लागत से चबूतरा बनाकर राष्ट्रीय ध्वज लगाने की रायशुमारी शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा में 200 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है, जिसकी लागत लगभग 47 लाख रुपये होगी। इसके लिए स्थान चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आरडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सौरव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी की जा रही है। प्रस्तावित तीन स्थानों में से बुधवार को एक स्थान चयन किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने सुझाव दिया है कि चौक के समीप संजय मार्केट के आगे खाली पड़ा भूखंड इसके लिए उचित है। यहां पर 10 फिट का वर्गाकार चबूतरा बनाकर उसमें 200 फीट ऊंचा तिरंगा स्थापित होगा। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण ने कहा कि तिरंगा स्थापित करने के लिए संजय मार्केट के आगे स्थान देखा गया है। आरडब्ल्यूडी के एई यादव ने बताया कि 47 लाख की लागत से चबूतरा निर्माण कर उसका सौंदर्यीकरण कर 200 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया जाएगा। फिलहाल इसके लिए तीन स्थान प्रस्तावित हैं, जिस पर मंथन किया जा रहा है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स केवी लॉ फर्म, निकट तराई विकास सहकारी संघ गांधी कालोनी रुद्रपुर (उधम सिंह नगर) जोकि एक पंजीकृत सांझेदारी फर्म है में दिनांक 04.02.2025 को फर्म का पुनर्गठन नवीन शर्तो के अनुरूप किया जा चुका है जिसमें श्री राजीव भट्ट फर्म से अपनी स्वेच्छा (दिनांक 04.02.2025 से त्याग पत्र देकर कार्य विमुक्त/काम छोड़कर अलग हो गये हैं) से पृथक हो गये है तथा नवीन शर्तो के आधार पर सुश्री मानसी सिंह जी को फर्म में शामिल कर लिया गया है, अब फर्म के निरन्तर/नये/कन्टिन्यू सांझीदार श्री आर्येन्द्र सिह/आर्येन्द्र कुमार सिह, सुश्री मानसी सिह जी हैं।

**कृते मैसर्स केवी लॉ फर्म, निकट तराई विकास सहकारी संघ गॉधी कालोनी रुद्रपुर ( उधम सिह नगर )उत्तराखण्ड द्वारा आर्येन्द्र सिह ,सांझीदार**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपना नाम RADHE SHYAM (पुराना नाम) से बदलकर अब RADHE SHYAM DHANGARH PAL (नया नाम) कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे के RADHE SHYAM DHANGARH PAL नाम से जाना जाए।

**राधे श्याम धनगढ़ पाल पुत्र श्री भीम सेन निवासी- रम्पुरा, वार्ड नं.-24, रुद्रपुर ( उधमसिंह नगर )**

# जंगली जानवरों से सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति ने ग्राम सांवल्दे में बैठक आयोजित कर जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग को लेकर आज 27 मार्च को उपजिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सावल्दे व आसपास के क्षेत्र में टाइगर का आतंक लगातार बना हुआ है। जिसके कारण लोगों का अपने घरों से बाहर निकल पाना मुश्किल हो रहा है और जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए तैनात किए गए वाचर भी भयभीत हैं और अपनी ड्यूटी भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा निदेशक कार्बेट रिजर्व कार्यालय पर समस्या लेकर जाने पर वह कार्यालय से नदारद हो जाते हैं इस कारण प्रशासन के समक्ष धरना प्रदर्शन रखा गया है।समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने बताया कि जंगली जानवरों व बंदरों से सुरक्षा, सांवल्दे के ग्रामीणों पर कार्बेट प्रशासन द्वारा लगाए गए फर्जी मुकदमे वापस लिए जाने, जनता की सुरक्षा में लापरवाही करने वाले कॉर्बेट प्रशासन के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने व जंगली जानवरों के हमले में मृतकों के परिजनों को 25 लाख व घायल को 10 लाख मुआवजा व सरकारी खर्च पर इलाज कराने आदि मांगों को लेकर यह कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान पार्क निदेशक साकेत बडोला और अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा कायम करने की मांग को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी को मांग पत्र भी दिया जाएगा।इस दौरान बैठक में उप ग्राम प्रधान तारा बेलवाल, बालम सिंह थापा, तुलसी जोशी, कौशल्या, बलवीर सिंह, समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार, संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, राजेंद्र सिंह, राशिद, भुवन चंद आदि मौजूद रहे।



# शिव महापुराण कथा आयोजन को महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

- कथा वाचक कृष्ण प्रकाश शास्त्री द्वारा अपने श्रीमुख से बखान की जाएगी कथा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** शिव मंदिर में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के आयोजन से पूर्व सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा का आयोजन किया।

बुधवार को नगर के समीपवर्तीय ग्राम सुनखरी कला के शिव मंदिर में गुरुवार से आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के उपलक्ष में सैकड़ों महिलाओं ने नानक सागर के बावली साहिब से जल भरकर शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। यहां स्थित शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रारंभ होगा। छह अप्रैल को मां भगवती का जागरण के उपरांत, प्रसाद वितरण एव भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजित शिव महापुराण कथा कथा वाचक कृष्ण प्रकाश शास्त्री द्वारा अपने श्रीमुख से बखान की जाएगी। कलश यात्रा के दौरान विधायक गोपाल सिंह राणा, हरनाम सिंह राना, गुरमीत सिंह, महेश सिंह अजय सिंह वीरेंद्र सिंह सुरजीत सिंह, सत्यव्रत सिंह, हरभजन सिंह सहित आदि मौजूद थे।

## सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने को हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** सीओ शिवराज सिंह राणा ने ईद उल फितर तथा नवरात्र को देखते हुए सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जाने की क्षेत्रवासियों से अपील की है। बुधवार को कोतवाली टनकपुर में पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक में ये बात कही। सीओ ने बताया कि एसपी अजय गणपति ने सभी थाना प्रभारियों को त्योहारों में व्यवस्था बनाने के लिए पीस कमेटी की गोष्ठी करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कोतवाल चेतन रावत ने ईद-उल-फितर और नवरात्र में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने को कहा। कहा कि त्योहार में हुड़दंग करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, सफीक उर रहमान, वकील अंसारी, सविता बिष्ट, हसीब अहमद, लियाकत हुसैन, कादिर अली, दिलदार अली, दिनेश सक्सेना, गौरव गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खरीद और विपणन सहायता योजना पर हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय विकास कार्यालय, हल्द्वानी द्वारा आज बुधवार को होटल राजश्री, टनकपुर, जिला चंपावत में मंत्रालय की खरीद और विपणन सहायता योजना पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम लघु उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।

आयोजित कार्यक्रम में सहायक निदेशक अमित मोहन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं पर इकाइयों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस नीति में केंद्र सरकार के सभी विभाग सीपीएसयूएस आदि को वार्षिक खरीद का 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से लेना अनिवार्य है, तथा एससी एसटी उद्यमियों से चार प्रतिशत तथा महिला उद्यमियों से तीन प्रतिशत लेना अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तार पूर्वक भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं पर इकाइयों को जागरूक कराया गया। इनमें कारपेंटर, लोहार, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी, दर्जी, हथोड़ा, टूल किट, ताला बनाने वाले मछली का जाल बनाने वाले आदि कुल




18 प्रकार के धंधे से जुड़े विश्वकर्मा बंधु इसका लाभ हासिल कर सकते हैं। व्यवसाय के उत्थान के लिए केंद्र सरकार ऋण मुहैया करा रही है। कार्यशाला में पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, एमडी नंदा कॉन्वेंट जानकी खर्कवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, पीएलवी किरण गहतोडी, सभासद सविता बिष्ट, हसीब अहमद, योगेश पांडे, वकील अंसारी, चर्चित शर्मा, वर्षा शर्मा, साव्या वाल्मीकि, दिलदार अली, आशा भट्ट, शैलेंद्र सिंह, रोहित मित्तल, सहायक निदेशक अमित मोहन , वरिष्ठ व्यवसायी संजय अग्रवाल, सागर अग्रवाल आदि थे।

# विकासखंड मूनाकोट में लगा बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़/ डीडीहाट।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर विकासखंड मूनाकोट के झौलखेत के रियासी में प्रशासक जिला पंचायत दीपिका बोहरा एवं मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीपिका बोहरा ने दीप प्रज्वलित कर जन सेवा शिविर की शुरुआत की। तत्पश्चात डीडीओ रमा गोस्वामी एवं खंड विकास अधिकारी मूनाकोट आशा मेहता द्वारा प्रशासक जिला पंचायत दीपिका बोहरा को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके उपरान्त उन्होंने एवं डा. सैनी द्वारा विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जन सेवा शिविर में उपस्थित विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों



की जानकारी जानकारी दी गई तथा उनकी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में भी बताया व समझाया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 102 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया।

पशुपालन विभाग द्वारा 45 पशुपालकों को विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी, उद्यान विभाग द्वारा 50 काश्तकारों को बीज खाद का वितरण किया गया, बाल विकास द्वारा 25 लाभार्थियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, पंचायती राज विभाग द्वारा नबब, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन संबंधी जानकारी, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, अटल आवास, दिव्यांग/विधवा पेंशन की जानकारी शिविर में उपस्थित स्थानीय जनता को दी गई। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले, शिक्षकों एवं मेघावी छात्र छात्राओं को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

शिविर में दीपक पंत निवासी जाखपंत को मशरूम उत्पादन, कृष्णामणि भट्ट निवासी मूनाकोट को कृषि क्षेत्र एवम् त्रिपुरा सुंदरी स्वयं सहायता समूह फेडरेशन की अध्यक्ष शकुंतला भट्ट को स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने व सराहनीय कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व स्थानीय महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकालने के साथ ही ढुल खेल लगाकर लोक गीतों का गायन भी किया गया, छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में पंजीकृत दल द्वारा छोलिया नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त शिविर में उपजिलाधिकारी सदर यशवीर सिंह द्वारा उपस्थित जनता को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डीडीओ रमा गोस्वामी, खण्ड विकास अधिकारी आशा मेहता, विभागीय अधिकारी, स्थानीय जनता आदि उपस्थित रहे।

# अभद्रता के खिलाफ अधिवक्ताओं ने दी कामकाज ठप करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने बैठक कर, अधिवक्ता हरीश शर्मा के साथ की गई स्मार्ट प्वाइंट के कर्मचारी द्वारा अभद्रता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज न होने पर कामकाज बंद करने की चेतावनी दी।

बैठक की अध्यक्षता बार अध्यक्ष एडवोकेट दयानंद सिंह तथा संचालन उपाध्यक्ष एडवोकेट शक्ति प्रताप सिंह ने की । अधिवक्ताओं ने कहा कि 23 मार्च को जब एडवोकेट हरीश शर्मा अपनी पुत्री के साथ खटीमा रोड स्थित स्मार्ट पॉइंट मॉल में सामान खरीदने के लिए गए थे और उन्होंने सामान खरीदने के बाद ऑनलाइन पेमेंट की थी जिस विषय को लेकर स्मार्ट प्वाइंट के कर्मचारियों द्वारा अधिवक्ता हरीश शर्मा तथा उनकी पुत्री के साथ अभद्रता



की गई थी, जिसकी लिखित शिकायत थाना सितारगंज में दिए जाने के बावजूद भी अभी तक अभद्रता किए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत न किए जाने के विरोध में सभी अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है। अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि अगर दो दिन के भीतर पुलिस ने अभद्रता करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई प्रारंभ नहीं की तो न्यायालय परिसर तथा तहसील परिसर के सभी अधिवक्तागण अपना कामकाज बंद करके आंदोलन करेंगे। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, हरीश शर्मा, रमेश चंद्र गुप्ता, एसके त्रिपाठी, रवि सक्सेना, मोहम्मद हनीफ, रमेश कांत, प्रभाकर, रवि सागर, मनोरमा, एसके सिंह, पुरुषोत्तम, मंगल सिंह राणा, राहुल भारद्वाज, गोविंद कुमार, सपन सरकार, हरीश भट्ट आदि मौजूद थे।

# डीएम ने राजी जनजाति के लोगों से की मुलाकात

**समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जौलजीबी में राजी जनजाति के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान जनजाति के लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, विद्युत, पेयजल, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी ने राजी जनजाति के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे राजी जनजाति के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक



योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित करें तथा उनसे जुड़ी समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास हेतु धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से जनजातियों की संस्कृति एवं उनके जीवन स्तर को सुधारने में प्रयास रत है। उन्होंने स्थानीय युवाओं की मांग पर राजी जनजाति के गांव में खेल मैदान बनाने का आश्वासन दिया तथा साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शपथ लें कि वह नशे का सेवन ना करें एवं खेलों की ओर अपना रुझान रखें। इस अवसर पर पूर्व विधायक गगन सिंह रजबार, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और राजी जनजाति के स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

## होने वाली धार्मिक यात्राओं को लेकर डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में वर्ष 2025 में संचालित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा, ऊं पर्वत यात्रा तथा आदि कैलाश यात्रा के सफल संचालन हेतु एक बैठक जिला कार्यालय सभागार में एक समन्वय बैठक आहूत की गई।

बैठक में कैलाश मानसरोवर यात्रा पर हुई चर्चा के दौरान गौत्तम पठानिया, ब्रिगेडियर 119 इनमेन्ट्री बटालियन द्वारा अवगत कराया गया कि यह यात्रा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है, तथा उक्त यात्रा को सफलतापूर्वत संचालित किए जाने हेतु भारतीय सेना द्वारा भी यथा सम्भव आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त जनपद अन्तर्गत पशुपालन तथा मत्स्य उद्योग को बढावा दिए जाने सम्बन्धी चर्चा भी बैठक में की गई। इस दौरान ब्रिगेडियर 119 इन्फ्रेन्ट्री बटालियन एवं उनकी टीम, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्यपशुचिकित्साधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी एवं जिला पर्यटन विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के आदेश के क्रम में नव ज्योति मोंटेसरी स्कूल कंजाबाग में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों एवं अन्य लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां देकर जागरूक किया गया।

शिविर में पैनल अधिवक्ता तथा पीएलवी द्वारा ट्रांसजेंडर के अधिकारों, नशे के दुष्परिणाम, एवं नशे से बचाव के उपाय, साइबर अपराध से बचने के उपाय, सड़क सुरक्षा नियमों, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता शहना बेगम, पीएलवी आरती सिंह राणा तथा पिंकी राणा आदि उपस्थित रहे।

## युवती से देह व्यापार कराने की आरोपी महिलाएं गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** नौकरी का झांसा देकर युवती को देह व्यापार में धकेलने वाली दोनों आरोपी महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं को न्यायालय में पेश किया है।

बीते रविवार को एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि छाया पत्नी संजय राजभर निवासी सैनिक कॉलोनी नानकनगर वार्ड 5 किच्छा और सेजल गुप्ता पत्नी जगवीर गुप्ता निवासी निकट पावर हाउस किच्छा ने उसे नौकरी दिलवाने का झांसा देकर देह व्यापार में धकेल दिया और अवैध कमाई की। पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। तब से पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। बीते मंगलवार को पुलिस ने आरोपी छाया और सेजल को छाया के घर से गिरफ्तार कर लिया। सेजल के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड और 4400 रुपये बरामद हुए। महिलाओं को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाली प्रशिक्षु (आईपीएस) निशा यादव, निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक राखी धौनी, अपर उपनिरीक्षक जगदीश महेरा, कांस्टेबल रेखा आर्या शामिल रहे।

## अमेजन फ्रेश अब 170 से अधिक शहरों में दे रहा है सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अमेजन इंडिया ने अपनी फुल-बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के देश के 170 से ज्यादा शहरों एवं कस्बों में पहुंचने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में अमेजन फ्रेश ने साल-दर-साल आधार पर शानदार 50 फीसदी की वृद्धि हासिल की है। इस तेज विस्तार के साथ अमेजन फ्रेश अमेजन.इन पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश गीले और सूखे किराने के सामान की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है, जिसमें फल, सब्जियां, दूध और ब्रेड सहित डेयरी, फ्रोजन उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, बेबी केयर के जुड़े सामान, पर्सनल केयर प्रोडक्ट और पेट सप्लाई शामिल है। ग्राहकों को शानदार बचत, विशाल संग्रह और स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ इस सेवा का उद्देश्य खरीदारी का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। ग्राहकों को ताजे और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें, इसके लिए अमेजन फ्रेश विक्रेता 11,000 से ज्यादा किसानों से फल और सब्जियां खरीदते हैं। सभी उत्पाद ग्राहकों के घर तक पहुंचने से पहले '4-चरण वाली बेहद कठिन गुणवत्ता जाँच' प्रक्रिया से गुजरते हैं। गुणवत्ता के प्रति अमेजन की इसी प्रतिबद्धता के कारण अधिक संख्या में ग्राहक इसके साथ जुड़ रहे हैं। यहां ग्राहकों को शानदार बचत, विशाल संग्रह और विश्वसनीय डिलीवरी का लाभ मिलता है।

## ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी में हुआ रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** ग्राम प्रधान पूछड़ी हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी में हजारों मुस्लिम समाज के लोगों को रोजा इफ्तार का आयोजन कराया गया। प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि रमजान का पाक महीना चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस्लाम धर्म में गरीबों और जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हजारों लोगों को रोजा आफतार कराया गया है। रोजा इफ्तार पर मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में अमन चैन, तरक्की, खुशहाली और कौम के लिए दुआएं मांगी गई। इस दौरान आला हजरत मस्जिद के इमाम सद्दाम रजा, प्रधान प्रतिनिधि व आला हजरत मस्जिद के सदर हाजी शकील अहमद अंसारी, प्रधान मोहम्मद आमिर, इमाम शाहिद मियां, मो. अज्जम, मोहम्मद फुरकान, अकील अंसारी, शादाब अंसारी, मारूफ खान, हारून खान, आफताब आलम, मोहम्मद सुहैल, जहांगीर, शमीम सैफी, मोहम्मद बिलाल आदि मौजूद रहे।

# जंगल में घास लेने गई महिला को चीता ने बनाया निवाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** बनबसा के जंगल में घास लेने गई एक महिला को चीता ने अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना साथ गई महिलाओं ने ग्रामीणों को दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बताया गया कि बुधवार को विरमा देवी पत्नी उदय चंद उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी मझगांव देवीपुरा 4-5 महिलाओं के साथ गांव से लगे जंगल में घास लेने गई थी। इसी दौरान घात लगाए चीता ने उसके ऊपर हमला कर लहूलुहान कर जंगल में ले गया। घटना की सूचना विरमा देवी के साथ गई महिलाओं द्वारा गांव में आकर बताया गया कि उक्त महिला को चीता द्वारा हमला कर जंगल की तरफ ले गया है। जिसके बाद वन विभाग व ग्रामीणों द्वारा जंगल में महिला की खोजबीन की गई। जहां वन विभाग की टीम को क्षत विक्षत हालत में महिला का शव बरामद हुआ। ग्राम प्रशासक देवीपुरा दीपक चंद्र रजवार ने बताया कि दो माह में यह दूसरी घटना है जिसमें महिला की जान चली गई है। महिला का पति मजदूरी करके घर चलाता है, परिवार में दो ही लोग थे।इनकी कोई संतान नहीं थी। रेंजर जीवन चन्द्र उप्रेती ने बताया की ग्राम वासियों को कई बार जागरुक किया था की जंगल में न जाएं। मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ऐतिहासिक तीन साल पूरा होने पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**मांगलिक परिधानों में सजकर आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को दिया आशीर्वाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर रामलीला मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए दूर दराज क्षेत्रों से मांगलिक परिधानों में लिपटी हजारों महिलाएं आई हुई थी। हर महिला के चेहरे में विकास एवं रोजगार की मधुर मुस्कान एवं भविष्य के प्रति आशावान थी। मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी का ढोल नगाड़ों,



छोलिया नृतकों एवं पुष्प वर्षा के साथ भावपूर्ण स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने रामलीला मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विकास प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि श्री जोशी ने धामी सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज धामी जी के कारण उत्तराखंड की देश में विशिष्ट पहचान हुई है। उन्होंने चंपावत को मॉडल जिले के रूप में जो स्वरूप प्रदान किया है उसे देखते हुए आज देश के लोग इस जिले में आने के लिए लालायित हो रहे हैं। उन्होंने कहा उस बसंती आमा से पूछो जिसने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उसके नाती का एक साथ चार विभागों में चयन होगा। उस भोजन माता से पूछो जिसने कभी सोचा भी नहीं था कि उसका बेटा कभी जेई भी होगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड का ऐसा स्वरूप सामने आ रहा है जिसे देखते हुए कहा जा सकता है कि उत्तराखंड का नेतृत्व सही, सुरक्षित एवं विश्वशनीय हाथों में है। यहां पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, नगर पालिका के अध्यक्ष गोविंद वर्मा, जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, एसडीएम नितेश डांगर, आइटीबीपी सहायक सेनानी बालकृष्ण, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, राखी, विनीत फर्त्याल, रेखा देवी, सुमनलता, निर्मल मेहरा, सतीश चंद्र पांडे, प्रकाश तिवारी,सुभाष बगौली, गिरीश कुंवर,सचिन जोशी,राजेश बिष्ट, राजेश बिष्ट,जगदीश जोशी आदि तमाम विशिष्ट जन मौजूद थे।

# गंगा पूजन और मंगल घट स्थापना के साथ वारुणी महोत्सव का शुभारंभ

**महावारूनी स्नान में हजारों अनुयाई लगाएंगे आस्था की डुबकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** मधु कृष्ण त्रयोदशी की पवित्र तिथि पर आजमतुआ संप्रदाय के अनुयायी तन-मन की स्वच्छता व शुद्धता के लिए महावारुणी स्नान करेंगे। जिसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों से हजारों अनुयायियों के भाग लेने का अनुमान है।

महावारूणी गंगा स्नान से पूर्व गुरुग्राम स्थित श्री हरि गुरु चांद मंदिर में बुधवार को गंगा पूजन, धर्म ध्वज और मंगल घट की स्थापना की गई। इसी के साथ ही छह दिवसीय वारुणी महोत्सव का आगाज हो गया। मंदिर के पुजारी कालीपद महाराज, मुकुलानंद महाराज व माखन गुसाईं ने विधि विधान पूर्वक अधिवास अनुष्ठान को संपन्न कराया। इसके तहत कलश सिर पर रखकर महिलाओं ने मंदिर और पवित्र कामना सरोवर की परिक्रमा कर गंगा पूजन किया। सरोवर से पवित्र जल लेकर कलश को मंदिर में स्थापित किया। इसके बाद पूजा अर्चना कर विशाल मतुआ धर्म ध्वज को मंदिर परिसर में स्थापित



किया। बड़ी संख्या में मतुआ अनुयायियों ने ढोल नगाड़े, मंजीरे और पताका लेकर हरि बोल का जयघोष करते हुए गांव की परिक्रमा की। इस मौके पर अध्यक्ष जयंत मंडल, तापस मिस्त्री, सुसेन विश्वास, रबीन खान, सुधांशु सिकंदर, विधान दास, गोकुल विश्वास, नकुल विश्वास, मदन कुमार, प्राण बड़ई, सुकुमार मंडल, प्रभास मंडल आदि थे।

# फरार चल रहे पांच हजार के इनामी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**किच्छा।** गौकशी मुकदमे में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि गोंवंश के मुकदमे में वांछित पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश रईस अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी ग्राम कुरैया कोतवाली किच्छा को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। कोतवाल ने बताया कि गोकशी मामले में पुलिस ने नबी अहमद उर्फ नबिया पुत्र मोहम्मद सईद निवासी ग्राम दरऊ को बीती 12 फरवरी को गिरफ्तार किया था। जबकि रईस अहमद पुत्र मोहम्मद सईद निवासी ग्राम कुरैया कोतवाली किच्छा पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। एस एस पी उधम सिंह नगर द्वारा उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था जिसको पुलिस द्वारा ग्राम कल्याणपुर थाना शीशगढ़ जिला बरेली उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया तथा संवैधानिक करवाई कर न्यायालय भेजा है। पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रशिक्षु आईपीएस निशा यादव, प्रभारी निराशा धीरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक धीरेंद्र पन्त, उप निरीक्षक हेमचंद तिवारी, कांस्टेबल उमेश सिंह आदि थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी का एसडीएम ने किया अवलोकन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** पीएमएसएन राइका में विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गई।साथ में उप जिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, नेस्ले इंडिया के सीनियर मैनेजर विशाल गर्ग व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी द्वारा नेस्ले इंडिया व अगस्त्य फाउण्डेशन द्वारा प्रदत्त विज्ञान कक्ष का उद्घ्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलन और ससवनी बंदना से किया गया ।कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी बाजपुर, नैस्ले इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक विशाल गर्ग नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी और खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाजपुर सत्येन्द्र यादव द्वारा बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम सिंह द्वारा समस्त उपस्थित अधिकारियों व अतिथियों का स्वयात और आभार किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुम्मा भारती, सभासद जाहिद हुसैन, पी.टी.ए. अध्यक्ष गिरीश सैनी, पूर्व प्रान्तीय संयुक्त योगेश घिल्डियाल व समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भानूप्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया।

# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरुकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत विशेष शिविर का आयोजन ग्राम करनपुर में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया।जिसमें स्वयं सेवकों ने रैली में 'जब होगा नशे का नाश, तब होगा देश का विकास' नारे के माध्यम से लोगों को जागरुक किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की डा. अल्का राजोरिया असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र ने स्वयं सेवको को समाज में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को विस्तार से समझाया। डा. लोतिका अमित विभाग अध्यक्ष ग्रह विज्ञान ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ के लिए भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों और साफ सफाई के बारे में समझाया। डा. ऋतु, असिव प्रोफे. समाजशास्त्र ने समाज के बदलते स्वरुप और वर्तमान परिवेश पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जानकारी दी। डा. नीमा राणा, असि. प्रोफेव हिन्दी विभाग ने स्वच्छ गंगा निर्मल गंगा विषय पर शिविर में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों को टी शर्ट एवं किट प्रदान की गई। डा. ऋचा पुनेठा असिव प्रोफे. ने स्वयंसेवकों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने एवं यहां से कुछ सीख कर जाने और उसका उपयोग अपने जीवन में करने के लिए बधाई दी।डॉवसुरेश चन्द्रा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ. ममता भदोला जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# बेतालघाट ब्लॉक के वाशिंदों ने भरी हुंकार

## पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर गरमपानी खैरना बाजार में रैली, एसडीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**गरमपान।** बेतालघाट ब्लॉक के लोगो द्वारा बुधवार को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पीसी गोरखा तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख सतीश नैनवाल के नेतृत्व में रैली निकाल कर उपजिला. धिकारी कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे लोगो द्वारा मांगो को ले कर जम कर नारेबाजी की गई। जिसमें बेतालघाट तथा रामगढ़ ब्लॉक के 3 दर्जन से अधिक गाँव केलोगो द्वारा रैली तथा धरने में शामिल हो कर जम कर विरोध व्यक्त किया गया। जिसमें ब्लॉक के लोगो द्वारा शहीद बलवन्त सिंह मोटर मार्ग के पिछले 15 से अधिक वर्षो से बदहाल होने, रामनगर गर्जिया बेतालघाट कैचीधाम मोटर मार्ग टू लेन कार्य को शुरू करने, दिल्ली,



देहरादून बेतालघाट रोडवेज़ बस सेवा को बहाल करने, गरीब किसानों को भूमिधारी अधिकार व मालिकाना हक देने, थुवा ताड़ीखेत पेयजल योजना के निर्माण को ले कर धरना प्रदर्शन किया गया। वही इन सभी समस्याओं को ले कर सभी लोगो द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उपजिलाधिकारी बी सी पन्त के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। जिसमे पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि बेतालघाट ब्लॉक में कई महत्वपूर्ण समस्या बनी हुई है। जिसमे सबसे पहले सड़क की समस्या आम हो गयी है।

उन्होंने कहा कि आज सरकार शहीद बलवन्त सिंह के नाम से बनी सड़क सबसे अधिक बदहाल पड़ी हुवी है जिसमे शहीद के नाम का सड़क के माध्यम से अपमान किया जा रहा है। वही तीन साल बेमिशाल का नारा देने वाली सरकार द्वारा तीन साल पहले इन मार्गो से रोडवेज बसों की सेवा तक समाप्त कर दी गई है, जिसमे आम जन को अब कैंची धाम में लगने वाले जाम से रोजना जूझना पड़ रहा है। जिसमे मरीजों को पहाड़ से हलद्वानी जाने में 2 दिन का समय लग जाए रहा है। उन्होंने सभी मांगो को जल्द पूरा ना होने पर आन्दोलन की चेतवानी दी गयी है। वही पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पीसी गोरखा ने शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग में हाटमिक्स निर्माण, रामनगर गर्जिया बेतालघाट कैचीधाम टू लेन मोटर मार्ग का निर्माण, दिल्ली देहरादून बेतालघाट कैंची धाम मार्ग पर रोडवेज़ बस का संचालन, हरिनगर गांव के लोगो को मालिकाना हक व भूमिधरी अधिकार की मांग को सबके सामने रखा गया। जिसमें उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य को अस्तित्व में आए पच्चीस साल हो गये इससे पूर्व यह प्रदेश 1950 में पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण यहां की भौगोलिक स्थिति भिन्न होने के कारण यहां की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व धार्मिक परिस्थितियाँ भिन्न हैं। पर्वतीय क्षेत्र में बसने वाले मूल निवासी शिल्पकार है जो अधिकांश आज भी भूमिहीन हैं ये लोग या तो वन ग्रामों में बसे हैं या फिर कुछ लोग हरिनगर गांवों में जो 1920 में मुन्शी हरि प्रसाद टम्टा के प्रयासों से बसाये गये थे, जिसमे आश्चर्य की बात है कि इन ग्रामों में बसे इन लोगों को आजतक मालिकाना हक नहीं मिला है। आज भी सरकार की योजनाओं से ये वंचित हैं।राजनीति की बात करें तो वर्तमान में अनुसूचित जाति के तेरह विधायक हैं। उन्होंने कभी इसका जिम्मेदारी के साथ संज्ञान नहीं लिया गया वही जमीनी नेताओं ने जब कभी उनको वन ग्रामों व हरिनगरों के निवासियों की इन समस्याओं से अवगत कराया भी तो कोरे आश्वासनों से आगे कुछ नहीं किया।आज कुछ बुद्धिजीवी लोग भूमि की इन विषयों का संज्ञान लेकर समाधान के लिए संकल्पबद्ध है। वही इन दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी गयी कि अगर सरकार द्वारा 3 माह के भीतर कार्यो को नही किया गया तो सभी ग्रामीणों द्वारा कमिश्नरी का घेराव तथा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इन दौरान पूर्व विधायक संजीव आर्य, पीसी गोरखा, सतीश नैनवाल, एस लाल, प्रेम पथिक, गणेश राम, जेडी कत्युरा, शेखर दानी, मनमोहन, बची राम, भुवन सिंह, खुशाल हाल्सी, राजेन्द्र मेहर इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# लेकब्रिज चुंगी के टेंडर पर हाईकोर्ट में सुनवाई 1 अप्रैल को

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल नगर पालि. का द्वारा किये गए लेकब्रिज चुंगी के टेंडर सहित डीएसए कार पार्किंग, मेट्रोपोल कार पार्किंग की टेंडर प्रक्रिया के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर 4 अलग अलग याचिकाओं की सुनवाई एक साथ 1 अप्रैल मंगलवार को होगी। इस मामले में सबसे अधिक चर्चा लेकब्रिज चुंगी की हो रही है। जिसका टेंडर नैनीताल के उमेश मिश्रा के नाम 2.88 करोड़ रुपये में हुआ है। हालांकि अभी उन्होंने टेंडर शर्तों के मुता. बिक टेंडर की पहली किश्त पालिका के खाते में जमा नहीं की है । लेक ब्रिज चुंगी के टेंडर को दीवान सिंह फर्त्याल ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा है कि नगर पालिका ने टेंडर की शर्तों में जान बूझकर ऐसी शर्त रखी है ताकि वे टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा न ले सकें। इस शर्त के अनुसार लेक ब्रिज चुंगी के टेंडर में वही व्यक्ति हिस्सा ले सकेगा जिसको चुंगी वसूलने का पिछले 6 सालों में एक साल का अनुभव हो। जबकि पिछले साल इस अनुभव की सीमा 5 साल रखी थी। याचिकाकर्ता के अनुसार उसने 7 साल पहले लेकब्रिज चुंगी का काम किया था और उसे इस टेंडर प्रक्रिया शामिल होने से रोका जा रहा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने इस मामले में नगर पालिका से जबाव मांगा है। इसके अलावा सुमित जेठी व ठाकुर इंटरप्राइजेज ने अलग अलग याचिकाएं दायर कर डीएसए कार पार्किंग व मेट्रोपोल होटल कार पार्किंग के टेंडर प्रक्रिया को चुनौती दी है। इन सब याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को होगी।

## रेलवे मामले पर सुप्रीमकोर्ट में नहीं हुई सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र से संबंधित बहुचर्चित रेलवे प्रकरण में सुप्रीमकोर्ट में बुधावार को सुनवाई नहीं हो पाई। इस मामले को सुप्रीमकोर्ट की कॉज़ लिस्ट में 44वें नंबर पर रखा गया था, लेकिन अन्य मामलों की अधिकता के कारण इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। बुधवार को सुप्रीमकोर्ट में कई अन्य महत्वपूर्ण केसों पर भी सुनवाई होनी थी, जिससे इस मामले का नंबर ही नहीं आ पाया। इस मामले की सुनवाई सुप्रीमकोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत की बेंच को करनी थी, लेकिन सुनवाई न होने के कारण अब इस मामले पर अगली तारीख के लिए अभी तक कोई निश्चित जानकारी नहीं मिल पाई है। अब मामले की आगे की सुनवाई की तारीख का निर्धारण भविष्य में किया जाएगा।

# वीरेन्द्र मनराल हत्याकांडे में आरोपी दर्शन सिंह हाईकोर्ट में दोषमुक्त

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में रामनगर कोर्ट के बाहर हुए वीरेंद्र मनराल हत्याकांड के एक

### जिला एवं सत्र न्यायधीश के आजीवन कारावास के फैसले को पलटा

आरोपी दर्शन सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल की अदालत द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा से दोषमुक्त कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने सेशन न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित 15 जून 2023 के निर्णय को निरस्त करते हुए दर्शन सिंह की अपील स्वीकार कर ली। इस मामले में दर्शन सिंह को धारा 120(बी) और 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थीए लेकिन उच्च न्यायालय ने सबूतों में विरोधाभास और अभियोजन की कमजोरियों को देखते हुए उसे बरी करने का आदेश दिया। बता दें कि मामला वर्ष 2018 का है जब रामनगर कोर्ट के बाहर दिनदहाड़े वीरेंद्र मनराल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शिकायतकर्ता दीवान सिंह ने अपनी प्राथमिकी में चार आरोपियों देवेंद्र सिंह उर्फ बाऊ, सोनू कांडपाल, हरीश फर्तियाल और संजय नेगी के नाम दर्ज कराए थे। पुलिस जांच में दर्शन सिंह और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी का नाम भी सामने आया और उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में 19 गवाह पेश किए, जिन्होंने दर्शन सिंह को घटना में शामिल बतायाए जबकि बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि उसका नाम बाद में जोड़ा गया और उसकी संलिप्तता को साबित करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं हैं। अपीलकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी ने दलील दी कि दर्शन सिंह को प्राथमिकी में नामजद नहीं किया गया था और बाद में गवाहों के बयानों के आधार पर आरोप पत्र में शामिल किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत मोबाइल नंबरए जिसके आधार पर उसे घटनास्थल के पास बताया गयाए वास्तव में उसके नाम पर पंजीकृत नहीं थाए बल्कि किसी अन्य व्यक्ति धर्मेंद्र के नाम पर था। इसके बावजूद पुलिस ने धर्मेंद्र से पूछताछ नहीं की और न ही उसे गवाह के रूप में पेश किया। हाईकोर्ट ने यह भी पाया कि ट्रायल कोर्ट में अभियुक्त की नाबालिग होने की दलील को नजरअंदाज कर दिया गया था। न्यायालय ने किशोर न्याय बोर्ड से आयु प्रमाणन रिपोर्ट मंगवाईए जिसमें पुष्टि हुई कि घटना के समय दर्शन सिंह 17 वर्ष 3 माह और 13 दिन का था। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के आधार पर यह स्पष्ट है कि किसी भी चरण में किशोर होने का दावा किया जा सकता है और यदि अभियुक्त नाबा. लिग पाया जाता है तो उस पर किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। इन तथ्यों और साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि दर्शन सिंह हत्या की साजिश में शामिल था। गवाहों के बयानों में विरोधाभास थे और मोबा. इल लोकेशन संबंधी सबूत अविश्वसनीय पाए गए। अदालत ने सेशन कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए दर्शन सिंह को दोषमुक्त कर दिया और जेल प्रशासन को निर्देश दिया है कि यदि वह किसी अन्य मामले में बांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## निकाय चुनाव में आरक्षण रोटेशन पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को नगर निकाय चुनाव में आरक्षण रोटेशन 14 दिसम्बर 2024 को जारी नियमावली को चुनौती देती कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार से से कहा है कि जीते हुए जो प्रत्याशी प्रभावित हो रहे हैं वे अपना पक्ष कोर्ट के सामने रख सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी करे। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट की एकलपीठ ने 28 अप्रैल की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार अल्मोड़ा नगर निगम, धारचूला नगर पालिका, गुप्तकाशी नगर पंचायत तथा उत्तरकाशी नगर पालिका में अध्यक्ष व मेयर के पदों के प्रत्याशियों ने सरकार की आरक्षण नियमावली 2024 को चुनाव होने से पहले चुनोती दी गयी थी। जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार को आरक्षण नियमावली बनाने का अधिकार नही है। राज्य सरकार के 2024 के आरक्षण सम्वन्धी नियमावली गलत है। इसलिए निकायों का फिर से आरक्षण तय किया जाए। सरकार ने संविधान के विरुद्ध जाकर निकायों व नगर पंचायतो का आरक्षण तय किया है। पूर्व में एकलपीठ ने उन्हें अंतरिम आदेश नही दिया और सरकार से जवाब पेश करने को कहा। इसके विरुद्ध उनके द्वारा खण्डपीठ में विशेष अपील दायर की। उनकी विशेष अपील भी खारिज हो गयी। इस आदेश के बाद अल्मोड़ा निवासी शोभा जोशी ने सर्वोच्च न्यायलय में अपील दायर की। सर्वोच्च न्यायलय ने अपने आदेश में कहा कि एकलपीठ ने जो प्रशन उठाये है। वे सही है। इसलिए एकलपीठ इस मामले की शीघ्र सुनवाई करें। हुई सुनवाई पर आज राज्य सरकार ने कोर्ट से शपथपत्र पेश करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने सरकार को शपथपत्र पेश करने का समय देते हुए अगली सुनवाई हेतु 24 मार्च की तिथि नियत की।

# देवीधुरा को गोद लेगा कुमाऊं विश्वविद्यालय

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक में उन्नत भारत अभियान के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की टीम ने चयनित ग्राम देवीधुरा (पटुवाडांगर) में बुधवार को ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय की टीम द्वारा ग्रामीणों को ग्राम देव. ीधुरा को उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लेने एवं उनके ग्राम में जन जागरुकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य कैंप व रोजगारपरक कार्यक्रम व पौधरोपण आदि के समय समय पर आयोजन संबंधी जानकारी देने के साथ उनसे इसमें समुचित सहयोग की अपील भी की गई, साथ ही उनसे अपेक्षा की गई कि वह उन्नत भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभान्वित होंगे




तथा अपने ग्राम को आदर्श एवं उन्नत बनाने के लिए भरपूर सहयोग देंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय कुवि. वि नैनीताल तथा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर प्रो. ललित तिवारी ने उन्नत भारत के कार्यक्रम में ग्रामीणों से बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की तथा बताया कि उन्नत भारत अभियान सरकार का ऐसा कार्यक्रम है जो गांव तक विश्वविद्यालय पहुंच सके तथा टेक्नोलॉजी एवं अकाद. मिक कार्यो से गांवों को अवगत करा सके। निदेशक उन्नत भारत अभियान प्रो. अनिल बिष्ट ने कार्यक्रम की रूपरेखा को ग्रामीणों को अवगत कराया तथा बताया कि उत्तराखंड में इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी रुड़की के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को बनाया गया है तथा कुमाऊं विश्व. विद्यालय इस पर अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर भीमताल ब्लाक के प्रशासक ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह नेक पहल है, जिससे देवीधुरा पटवाडांगर के लोग भी इसका फायदा उठा सकेंगे। ग्राम प्रधान डी. रावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में स्कूल में कंप्यूटर देने तथा मौनपालन व पौधारोपण कार्यक्रम में डा. प्रकाश चन्याल डा. जितेंद्र कुमार लोहनी, डा. ललित मोहन, डा. दीपिका पंत तथा डा. मनोज सत्याल प्रधान आडू खान मनोज कुमार तथा देव सिंह बिष्ट सहित मातृशक्ति उपस्थित आदि उपस्थित थे।

# लोक संस्कृति का प्रचार करेगा क्लब

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की नव नियुक्त सचिव सरिता त्रिपाठी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति का विभिन्न माध्यमों से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो इसके लिए क्लब हर संभव प्रयास करेगा। कहा कि सामाजिक कार्यो में प्राथमिकता से भागीदारी हो इसके लिए भी क्लब प्रयासरत रहेगा। कहा कि बदलते परिवेश में युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति व परंपराओं से रुबरू कराने की पहल भी क्लब विशेष रुप से करेगा। त्रिपाठी ने कहा कि इन सब कार्यो को क्लब के पदाधिकारी व सदस्य सामूहिक रुप से टीम भावना से करेंगे। उन्होंने कहा कि क्लब ऐसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता देगा जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को फायदा हो। कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति व परंपराओं से दूर हटती जा रही है जो चिंता का विषय है। कहा कि क्लब का प्रयास है कि अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से युवा पीढ़ी को जोड़ा जाए। कहा कि अबकी बार क्लब वर्ष भर आयोजित होने वाले पुराने कार्यक्रमों के साथ ही कुछ नए कार्यक्रमों को भी अपने वार्षिक कलैंडर में शामिल करेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पहली मर्तबा क्लब में सचिव पद की अहम जिम्मेदारी मिली है जिसे वह अपने सभी पदा. धिकारियों व सदस्यों को साथ लेकर पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगी। त्रिपाठी ने कहा कि क्लब ने स्थापना के बाद से ही समाज में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर अपनी एक अलग पहचान बनायी है, उस पहचान को क्लब की नई टीम भी जारी रखेगी। कहा कि क्लब की मजबूती के लिए पदाधिकारियों के साथ ही सदस्यों की राय भी समय-समय पर ली जाएगी।

## एक नजर

### गौ रक्षा जागरण अभियान दसवें दिन भी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** श्री गौ रक्षा समिति उत्तराखंड द्वारा आयोजित गौ रक्षा जागरण अभियान का कार्यक्रम बुधवार को लगातार दसवें दिन भी जारी रहा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अधयक्ष भवानी दत्त कबडवाल ने की। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए गौ रक्षा जागरण अभियान को और तेज़ करने की बात कही। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महानगर की कार्यकारिणी के गठन के बाद वार्ड और ग्राम सभा स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए संयोजक समिति का आभार व्यक्त किया और गौ रक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री आर्येंद्र शर्मा, शिरोमणि पंत, दुर्गा दत्त, कवि दयाल, विशाल शर्मा, हरीश रावत, बलवीर जोशी, डिंपल पांडे, योगिता बनैला, पंडित मदन मोहन जोशी, हीरा कोरंगा उपस्थित रहे।

### एनईपी 2020 पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के एक्विटी इंक्लूसिविटी सैल द्वारा पीएम उषा मेरु के अंतर्गत एनईपी-2020 एक्विटी, इंक्लूसिविटी और सोशल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जेएनयू के प्रो. मनोज कुमार जेना ने भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताओं को बताया, जबकि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. आशीष सक्सेना ने एनईपी 2020 को राष्ट्र निर्माण में प्रभावी बताया। प्रो. संजय पंत ने नीति के उद्देश्यों पर चर्चा की और विद्यार्थियों के सवालों का समाधान किया। प्रो. विजया रानी ढौंडियाल ने नीति के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. नीता बोरा शर्मा ने की, और प्रो. चंद्रकला रावत ने कार्यशाला के महत्व पर जोर दिया। संच. ालन सृष्टि गंगवार और निकिता तिवारी ने किया। कार्यशाला में प्रो. डीएस बिष्ट, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. निर्मला ढैला, प्रो. ज्योति जोशी सहित अन्य शिक्षाविद, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आइटीआइ के छात्रों ने अस्पताल का भ्रमण किया

**नैनीताल।** राजकीय पॉलीटेक्निक के फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को जिला चिकित्सालय बीडी पांडे का भ्रमण किया। इस दौरान वरिष्ठ फार्मासिस्ट डीएस गंगोला व आईके जोशी ने फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को अस्पताल का भ्रमण कराया और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने सीटी स्कैन, रक्तदान कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, एक्स-रे विभाग, भर्ती वार्ड, आयुष्मान विभाग समेत अन्य विभागों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। वहीं राजकीय पॉलीटेक्निक से भावना आर्या, लक्ष्मी गोस्वामी समेत अन्य छात्र छात्राएं रहे मौजूद रहे।

### कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कर्मचारियों के नियमितीकरण की नियमावली बनाने का स्वागत किया है। संघ ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के संविदा और अतिथि शिक्षकों को नियमितीकरण के लाभ देने की मांग की है, जो कई वर्षों से कार्यरत हैं, कुछ तो 15 साल से भी अधिक समय से कार्यरत हैं। कूटा ने यह भी मांग की है कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों को यूजीसी द्वारा निर्धारित वेतन 57,700 प्रति माह दिया जाए। संघ ने उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार 10 वर्ष की संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने और कट-ऑफ डेट 2025 रखने की अपील की है। कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी और महासचिव डा. विजय कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

### नशा तस्कर को 12 साल की सजा

**नैनीताल।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट श्री विक्रम की अदालत ने नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार एक व्यक्ति को 12 साल के कठोर कारावास व 1 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। आरोपी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 31 मई 2020 को रामनगर में पुलिस ने जकी उर्फ जकिया पुत्र अल्लन खां निवासी खत्याड़ी रामनगर को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया था । उसके साथ नईम नामक युवक भी था। इस मामले में पुलिस रिकॉर्ड, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता पूजा साह के तर्कों व गवाहों के बयानों के आधार पर कोर्ट ने जकी उर्फ जकिया को नशे के इंजेक्शनों की खरीद फरोख्त करने का दोषी मानते हुए 12 साल के कठोर कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

### झील से आठ दिन में 25 कुंतल मछलियां निकालीं

**नैनीताल।** नैनीताल शहर की जीवनदायिनी नैनी झील से अभियान के तहत 8 दिन में 25 क्विंटल अनुपयोगी मछलियां निकाली गई हैं। नैनी झील को स्वच्छ रखने के पंतनगर विवि मत्स्य विभाग की ओर से समय-समय पर झील से अनुपयोगी मछलियां निकाली जाती हैं। इन दिनों विभाग की ओर से झील से कॉमन कार्प व बिग हेड मछलियां निकाली जा रही हैं।

# केमू की बस पलटी, हादसा टला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर आ रही कुमाऊं मोटर ऑनर्स लिमिटेड की यात्री बस नंबर यूके-04 पीए-2641 के ब्रेक फेल हो गए मगर वाहन चालक शंकर नाथ की सूझ बूझ से बस गहरी खाई में जाने से बच गई




और ज्योलीकोट-भवाली मोटर मार्ग में वीरभटी के पास मार्ग पर ही पलट गई। बस में चालक परिचालक सहित तकरीबन 30 लोग सवार थे। दुर्घटना में कुछ यात्रियों को मामूली चोट आई जिनको 108 के आने से पहले ही केमू की अन्य बस से हल्द्वानी को भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमाऊं मोटर ऑनर्स की यह बस पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर आ रही थी वीर भटी पुल से पहले उक्त बस के ब्रेक फेल हो गए जिस कारण बस अनियंत्रित अवस्था में आ गई लेकिन चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तो बस को जियो नेटवर्क के पोल पर टकराकर रोकने की कोशिश की और इस दौरान बस मोटर मार्ग पर ही पलट गई। हालांकि पलटने के सूचना से हड़कंप मच गया लेकिन गनीमत रही की मामूली चोटों के साथ अधिकांश यात्री सकुशल बच निकले किसी भी यात्री को गंभीर चोटे नहीं आई। सूचना पर ज्योलीकोट चौकी के पुलिस कर्मी दीपक जोशी तथा धर्मेंद्र साहनी भी मौके पर पहुंच गए और यातायात को सुचारु किया।

# कुलाधिपति स्वर्णपदक दीर्घा का अनावरण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमएस चौहान के करकमलों द्वारा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में कुलाधिपति स्वर्णपदक दीर्घा का अनावरण किया गया।



इस दीर्घा का उद्देश्य उन विद्यार्थियों के नाम सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना है, जिन्होंने शैक्षिक, खेलकूद, वाद-विवाद, और अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता प्राप्त की है। पंतनगर विश्वविद्यालय की स्थापना 1960 में हुई थी, और विश्वविद्यालय ने 1963 से अपना दीक्षांत समारोह आयोजित करना शुरू किया। अब तक 36वां दीक्षांत समारोह आयोजित हो चुका है। प्रत्येक वर्ष, विश्वविद्यालय अपने सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को कुल. पति स्वर्णपदक से सम्मानित करता है, जिनके नाम संबंधित महाविद्यालय के मेरिट बोर्ड पर अंकित किए जाते हैं। वर्ष 1971 से विश्वविद्यालय ने उन सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को, जो शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता दिखाते हैं, कुलाधिपति स्वर्णपदक से सम्मानित करना शुरू किया। अब तक 52 विद्यार्थियों को यह पदक मिल चुका है। इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान ने पुस्तकालय के प्रभारी अधिकारी डा. एससी त्रिपाठी और उनकी टीम की सराहना करते हुए पुस्तकालय को विश्वविद्यालय के शिक्षा, शोध और प्रसार कार्यों में एक महत्वपूर्ण इकाई बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय पुस्तकालय को भविष्य में और सुदृढ़ करने और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आह्वान किया तथा इसके लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अनावरण कार्यक्रम में कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक प्रशासन वीएस चलाल और विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. केपी सक्सेना, हेमा हल्दुआ, डा. पंकज सिंह, चंदा आर्य और डा. सूपर्णा शर्मा द्वारा किया गया।

## उद्यमिता की विशेषताओं के महत्व को समझाया

**नैनीताल।** देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में बुधवार को प्रतिभागियों को किवा सिंह तथा मीना रिवाडी ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संच. ालन डा. विजय कुमार नोडल अधिकारी देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र वाणिज्य विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा किया गया। इस मौके पर डा. भूपेंद्र मेहरा, किवा सिंह व मीना रिवाडी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम सत्र में किवा सिंह (फाउंडर ऑफ माउंटेन विलेज एंटरप्रेन्योर मोटीवेटर) द्वारा प्रतिभागियों को उद्यमिता विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उद्यमिता की विशेषताओं व गुणों तथा महत्व को समझाया। सिंह सरकारी स्कूलों तथा छोटे छोटे स्कूल जहां अंडर प्रिविलेज बच्चे पढ़ते हैं में उद्यमिता गुणों का विकास तथा बच्चों के आत्मविश्वास को विक. सित करने का काम नि:स्वार्थ करती हैं। दूसरे सत्र में मीना रिवाडी (चेष्टा एनजीओ) द्वारा प्रतिभागियों को जूट से बैग तथा फाइल व फोल्डर तथा अन्य सोविनियर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को जूट के उपयोग से होने वाले लाभ तथा इसे बाजार विपणन को समझाने के साथ साथ हैंड्स ऑन कार्यशाला कर प्रतिभागियों से इसके उत्पाद बनवाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VIJAY KUMAR से बदलकर VIJAY KUMAR VERMA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

VIJAY KUMAR VERMA
S/o PREETAM
Royal Enclave,
Gautam Nagar, Kashipur,
Distt. Udham Singh Nagar,
Uttarakhand.

# सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रिश्तों को बदल रहा है विज्ञान

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ में बुधवार को कवयित्री महादेवी वर्मा के 118वें जन्मदिन के अवसर

### महादेवी वर्मा सृजन पीठ में देवेंद्र मेवाड़ी का व्याख्यान

पर आयोजित साहित्य और विज्ञान विषयक महादेवी वर्मा स्मृति व्याख्यान में साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ लेखक और विज्ञान कथाकार देवेंद्र मेवाड़ी ने विज्ञान और साहित्य के बीच संवाद की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और साहित्य के बीच एक गहरी खाई है, जो लगातार बढ़ती जा रही है, और दोनों ही एक-दूसरे से संवाद नहीं करते। उन्होंने कहा, षविज्ञान और साहित्य दोनों ही कल्पना और विचारों के सहारे सच तक पहुँचने की को. शिश करते हैं, लेकिन उनका तरीका अलग है। विज्ञान शुद्ध वैज्ञानिक विधि से काम करता है, जबकि साहित्य में कल्पनाओं का आकाश होता है। दोनों के बीच एक सेतु की आवश्यकता है। श्री मेवाड़ी ने यह भी कहा कि कई प्रसिद्ध साहित्यकारों ने विज्ञान साहित्य रचा है, और कई वैज्ञानिकों ने साहित्य भी लिखा है। उन्होंने डा. जयंत विष्णु नार्लीकर का उदाहरण देते हुए कहा कि वे न केवल एक प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी हैं, बल्कि एक विज्ञान कथाकार भी हैं, और उन्हें अपनी आत्मकथा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि विज्ञान और साहित्य के बीच का अंतर कम हो रहा है और आने वाले समय में विज्ञान के प्रभावों को साहित्य में देखा जाएगा। विज्ञान, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रिश्तों को बदल रहा है, और यह बदलाव आने वाले समय में कथा और उपन्यासों में झलकेगा उन्होंने कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के हिंदी विभागाध्यक्ष और महादेवी वर्मा सृजन पीठ कार्यकारिणी के सदस्य प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने महादेवी वर्मा सृजन पीठ को उत्तराखंड की साहित्यिक गति. विधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रयासों की बात की। उन्होंने कहा कि अगर सृजन पीठ को राष्ट्रीय स्तर पर एक साहित्यिक संस्थान के रूप में स्थापित किया जा सका, तो यह महादेवी वर्मा की स्मृति को सशक्त श्रद्धांजलि होगी। हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, डीएसबी परिसर की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. चंद्रकला रावत ने महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान और रामगढ़ में उनके द्वारा किए गए सृजन कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि महादेवी वर्मा ने उमागढ़ को साहित्य सृजन के लिए चुना था, जिससे इस क्षेत्र को राष्ट्रीय पहचान मिली है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में वरिष्ठ कवि डा. नंदकिशोर हटवाल, जहूर आलम, हर्ष काफर, प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, प्रो. प्रीति आर्या, डा. माया गोला, डा. तेजपाल सिंह, और हिमांशु डालाकोटी ने अपनी कविताओं का पाठ किया। सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि लोकेश नवानी ने की। सत्र का संचालन पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत और अतिथि व्याख्याता मेधा नैलवाल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महादेवी वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्रो. चंद्रकला रावत और पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। संविदा प्राध्यापक डा. कंचन आर्या ने मुख्य वक्ता देवेंद्र मेवाड़ी का परिचय प्रस्तुत किया, जबकि हिंदी विभाग की शोधार्थी सृष्टि गंगवार ने सभी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएसबी परिसर की पूर्व निदेशक प्रो. कविता पांडे, राजकीय महाविद्यालय तल्ला रामगढ़ के प्राचार्य डा. नगेन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीश कुमार और अन्य साहित्यिक एवं शैक्षणिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टीबी जागरुकता के लिए सर्वदलीय सांसदों के साथ होंगे टी-20 क्रिकेट मैच

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि टीबी जागरूकता के लिए सर्वदलीय सांसदों के साथ देश के अलग-अलग शहरों में टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायेगा। श्री सिंह ने बुधवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। अभी हाल में दिल्ली में लोकसभा बनाम राज्यसभा सांसद और मुंबई में नेता बनाम अभिनेता टी-20 क्रिकेट मैच का सफल आयोजन किया जिसमें जनता ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी दिखाई। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए देश के कोने-कोने में क्रिकेट मैच खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि इन मैचों का मुख्य मकसद टीबी को हराना और यह संदेश हर नागरिक तक पहुंचाना है।

### डीएसए इंस्टिट्यूशंन लीग में डीडीए ने डीटीसी को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए इंस्टिट्यूशंन लीग में बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने डीटीसी को हराया। वहीं इससे पहले खेला गया दिल्ली ऑडिट और भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के बीच मैच ड्रा रहा। विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए दिन के पहले मुकाबले में बीते कल के सितारा खिलाड़ियों से सजे दिल्ली ऑडिट और भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के मध्य खेला गया सांस्थानिक फुटबाल लीग का उद्घाटन मैच गोल शून्य बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे मैच में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने आकाश बिष्ट और विवेक के गोलों से डीटीसी पर 2-0 की जीत दर्ज की।

# पहले दौर के बाद सनराजर्स हैदराबाद नंबर-1

## हैदराबाद, आरसीबी और पंजाब ने आईपीएल 2025 का आगाज शानदार तरीके से किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 मे सभी टीमों ने ग्रुप चरण में अपने एक-एक मुकाबले खेल लिए हैं। आईपीएल के 18वें सत्र का आगाज गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.िबी) के बीच 22 मार्च को हुए मुक.ाबले से हुआ था। वहीं, पहले दौर का आखिरी मुकाबला मंगलवार को गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। सभी टीमों के एक-एक मैच खेलने के बाद अंक तालिका में पिछले बार की उपविज.ेता सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी है और टीम शीर्ष पर मौजूद है। हैदराबाद, आरसीबी और पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 का आगाज शानदार तरीके से किया है। सनराइजर्स की टीम तो उसी लय में दिख रही है जैसी वो पिछले सीजन खेली थी। हैदराबाद ने इस सीजन अपने पहले ही मैच में आईपीएल इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। हैदराबाद ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 286 रन बनाए थे और शानदार जीत दर्ज की थी। नेट रन रेट के आधार पर सनराइजर्स फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। आईपीएल 2025 के पहले मुकाबले में आरसीबी ने गत चैंपियन केकेआर को उसी के घर में हराया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता टीम ने अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन की शतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया था। आरसीबी का नेट रन रेट भी बेहतर है और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने उतरी पंजाब ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में 11 रनों से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह की 81' रनों की साझेदारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 243 रन बनाए। यह पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 232 रन ही बना सकी। पंजाब फिलहाल तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस सीजन के पहले एल क्लासिको मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना आईपीएल की सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस से हुआ था। मुंबई की बल्लेबाजी इस मैच में खराब रही थी और चेन्नई ने नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के बाद ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र की बल्लेबाजी से यह मुकाबला जीत लिया था। मुंबई भले ही हार गई थी, लेकिन विग्नेश पुथुर के रूप में टीम को एक प्रतिभाशाली गेंदबाज मिला जिसने इस मैच में प्रभावित किया था। सीएसके की टीम तालिका में चौथे स्थान पर है। आशुतोष शर्मा की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को एक विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाक.ेदार अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 211 रन बनाए।

# महिला प्रीमियर लीग में भी बढ़ेगी टीमों की संख्या

**आईपीएल के चेयरमैन और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने स्थति स्पष्ट की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** महिला प्रीमियर लीग ने पिछले तीन वर्षों में काफी सुर्खियां बटोरी है, इसलिए इस बात की चर्चा जोरों पर रहती है कि क्या भविष्य में इस लीग में टीमों की संख्या बढ़ेगी? आईपीएल में पहले आठ टीमें खेलती थी, लेकिन 2022 से इसकी संख्या बढ़कर 10 हो गई थी। इसी तर्ज पर डब्ल्यूपीएल में भी टीमों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाता रहा है।

आईपीएल के चेयरमैन और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की है। धूमल का कहना है कि भले ही डब्ल्यूपीएल काफी विकसित हुआ है, लेकिन फिलहाल इसमें टीमों की संख्या बढ़ाने का विचार नहीं किया गया है। डब्ल्यूपीएल में फिलहाल पांच टीमें हिस्सा लेती हैं। डब्ल्यूपीएल समिति की अध्यक्षता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी करते हैं। बोर्ड की योजना थी कि तीन सत्र के बाद डब्ल्यूपीएल में टीम की संख्या बढ़ाई जाए, लेकिन फिलहाल इसे लेकर बोर्ड जल्दबाजी में नहीं है। धूमल ने कहा, फिलहाल इस टूर्नामेंट को और विकसित करने के लिए, हम किसी भी टीम को शामिल करने से पहले इसे मजबूत करना चाहते हैं। इसमें अतिरिक्त टीम जोड़ने का कोई तत्कालिक प्लान नहीं है। तीन सत्रों में डब्ल्यूपीएल ने शानदार विकास किया है। स्टेडियम में भीड़ भी देखने मिली और सभी ब्रॉडकास्टर के आंकड़े भी प्रेरित करने वाले हैं।

# कीवीयों ने पाक को हराकर जीती सीरीज

**नीशम ने पांच और डफी ने दो विकेट लिए, टिम ने नाबाद 97 रन बनाए**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** जेम्स नीशम (पांच विकेट) और जैकब डफी (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टिम सीफर्ट (नाबाद 97) की विस्फोटक पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 10 ओवर शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज भी 4-1 से अपने नाम कर ली।

पाकिस्तान के 128 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टिम सीफर्ट और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में सुफियान मुकीम ने फिन एलन को बोल्ड कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। फिन एलन ने 12 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (27) रन बनाए। नौवें ओवर में मार्क चैपमैन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुफियान मुकीन ने आउट किया। टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों में 10 छक्के और छह चौके लगाते हुए (नाबाद 97) रनों की विस्फोटक पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट पर 131 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जेम्स नीशम को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा टिम सीफर्ट को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम को दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गें.दबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 25 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए। हसन नवाज (शून्य), उमर युसूफ (सात) और मोहम्मद हरिस (11) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आए कप्तान आगा सलमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद उस्मान खान (सात), अब्दुल समद (चार) नीशम ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। शादाब खान ने 20 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। उन्हें 17वें ओवर की पहली गेंद पर नीशम ने ही आउट किया। जहानदाद(एक) व मुकीम को कोई विकेट नही मिला।



# ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने न्यूजीलैंड को आठ रनों से हराया

**ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीतीं**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** जॉर्जिया वोल (75) रन के बाद एनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बुधवार को टी-20 सीरीज के तीसरे और अखिरी मैच में न्यूजीलैंड को आठ रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से जीत ली हैं। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 54 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिए। कप्तान सूजी बेट्स (तीन), जॉर्जिया प्लिमर (चार), बेला जेम्स (14) और सोफी डिवाइन (एक) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय अमेलिया केर और मैडी ग्रीन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में मैडी ग्रीन के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। मैडी ग्रीन ने 35 गेंदों में पांच छक्के और दो चौके लगाते हुए (62) रनों की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज संघर्ष करते देखे गए। जेस केर (एक) और पोली इंग्लिस (शून्य) पर आउट हुई। सदरलैंड ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर अमेलिया केर को आउट कर न्यूजीलैंड के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वत कर दिया। अमेलिया केर ने 47 गेंदों में सात चौकों की मदद से (66) रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 172 रन ही बना सकी और आठ रनों से मुकाबला हार गई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एनाबेल सदरलैंड ने चार विकेट लिए। मेगन स्कट को दो विकेट मिले। जॉर्जिया वेयरहैम ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।



# अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप-2026 के लिए किया क्वालीफाई

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना ने एक क्वालीफायर मुकाबले में ब्राजील को करारी शिकस्त देते हुए फीफा विश्वकप 2026 में अपनी जगह बना ली हैं। एस्टाडियो मोनुमेंटल के सुपरक्लासिको में मंगलवार को खेले गए मुक.ाबले में अर्जेंटीना ने ब्राजील पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। लियोनेल मेस्सी की गैरमौजूदगी में, लियोनेल स्कालोनी के खिलाड़ियों ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के 14वें दौर में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जूलियन अल्वारेज ने चौथे मिनट में अपना पहला गोल दागा। इस गोल के साथ ही घरेलू दर्शकों खुशी से झूम गए। इसके बाद एन्जो फर्नांडीज, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और गिउलिआनो शिमोन ने इस स्कोर में एक-एक गोल का इजाफा किया। इसी के साथ अर्जेंटीना का अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी ब्राजील पर दबदबा और मजबूत हुआ। पहले हाफ के बीच में ब्राजील के मैथियस कुन्हा एक गोल करने में सफल रहे, लेकिन यह महज सांत्वना साबित हुआ। ब्राजील ने पिछली बार नवंबर 2016 में अर्जेंटीना को हराया था। इसी के साथ ही अर्जेंटीना, जापान, न्यूजीलैंड और ईरान के बाद 2026 संस्करण के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बन गई।

# मुसेटी को हराकर नोवाक जोकोविच मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**फ्लोरिडा, वार्ता।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने बुधवार को इटली के लोरेंजो मुसेटी को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आज यहां बारिश के कारण देर से शुरु हुए मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-2 से हराया। छह बार के मियामी खिताबधारी जोकोविच ने धीमी शुरुआत की और इसका फायदा उठाते हुए इटली के मुसेटी ने 2-0 की बढ़त बना ली। लेकिन इसके बाद सर्बियाई ने मैच पर पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया। महिलाओं के ड्रॉ में, इटली की छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओ.लिनी ने पोलैंड की मैग्डा लिनेट को 6-3 6-2 से हराकर अंतिम-चार में जगह बनाई।


**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| मीरा देवी, कृष्णा अवतार खाता सं. LNHLD17623-240293259 | 26 मार्च 2025 ₹ 1280940/- 26 मार्च 2025 | खसरा नं. 104 मिन, भारत गैस गौदाम के पास, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, तहसील-हल्दवानी, जिला-नैनीताल, उत्तराखंड 263139 क्षेत्रफल 589.15 वर्ग फीट |

स्थान : जयपुर दिनांक 27.03.2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा नैनीताल**

दूरभाष नं0:(का0) 05942-235428
फैक्स नं0:(फैक्स) 05942-231082
ई-मेल आई0डी0-eeujsntl@gmail.com

**: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:**

पत्रांक: 613 / निविदा / 03 दिनांक : 25/03/2025

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें निम्न तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे शाखा कार्यालय में स्थापित टैण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधियों के द्वारा खोली जायेंगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदायें बेची, प्राप्त व खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | योजना/कार्य का संक्षिप्त विवरण | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा प्रपत्र का मूल्य + GST | निविदा बिक्री की तिथि | निविदा प्राप्त करने एवं खुलने की तिथि | कार्य पूर्ण अवधि | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड भीमताल के जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ज्योलीकोट पेयजल योजना में 100 किलोलीटर क्षमता के जलाशय निर्माण कार्य। | 20700.00 | 1500.00+GST | 26.03.2025 से 03.04.2025 | 04.04.2025 | दो माह | "डी" एवं उच्चतर |

नियम व शर्तें:-

1. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल से उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं।
2. डाक द्वारा निविदा मंगाने पर ₹ 100.00 मात्र अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा बिलम्ब से निविदा प्रपत्र पहुँचने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. ठेकेदार/फर्म का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
4. इच्छुक ठेकेदार/फर्म द्वारा पेयजल योजना में किये जाने वाले कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता/सहायक अभियन्ता से सत्यापित कर/प्रमाणित कर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। निविदा में सहायक अभियन्ता द्वारा सत्यापित प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की तकनीकी निविदा को पूर्ण नहीं माना जायेगा।
5. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार रहेंगी।

(रमेश सिंह गर्ब्याल)
अधिशासी अभियन्ता


# राजस्थान ने कोलकाता को दिया 152 रन का लक्ष्य

**● ध्रुव जुरेली ने 33, यशस्वी जायसवाल ने 29 रन बनाए, चार गेंदबाजों को 2-2 विकेट मिले**



**गुवाहाटी, वार्ता।** राजस्थान रायल्स (आरआर) ने आईपीएल-2025 के छठे मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को 152 रन का टारगेट दिया है। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 29 रन और रियान पराग ने 25 रन का योगदान दिया। हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मोइन अली और वरुण चक्रवर्ती को 2-2 विकेट मिले। स्पेंसर जानसन को एक विकेट मिला। राजस्थान ने 20 ओवर में 151 रन बनाए हैं। आखिरी ओवर डाल रहे स्पेंसर जानसन ने 13 रन खर्च किए, जबकि एक विकेट भी हासिल किया। 19वें ओवर में दो विकेट गिरे। पहली बाल पर हर्षित राणा ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर दिया। ध्रुव 33 रन बनाकर आउट हुए। हर्षित ने ओवर की आखिरी बाल पर शिमरोन हेटमायर को अंगकृष रघुवंशी के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में राजस्थान ने छठा विकेट गंवाया। यहां शुभम दुबे (09 रन) आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराया। वैभव ने संजू सैमसन को बोल्ड किया था। 14वें ओवर में राजस्थान ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर की पहली बाल पर विकेटकीपर डी काक से ध्रुव जुरेल का कैच ड्रॉप हो गया। हर्षित राणा ने इन स्विंग बाल डाली थी। 11वें ओवर में राजस्थान ने 5वां विकेट गंवाया। यहां नीतीश राणा (08 रन) को मोइन अली ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (29 रन) का भी विकेट लिया। 10वें ओवर में राजस्थान ने चौथा विकेट गंवाया। यहां वरुण चक्रवर्ती ने वानिंदु हसरंगा (04 रन) को अजिंक्य रहाणे के हाथों कैच कराया।


**कार्यालय जिला पंचायत पिथौरागढ़।**

पत्रांक:- 1583 /जि0पं0/नि0अनु0/दै0आ0/निविदा/ 2024-25 दिनांक 25.03.2025

**निविदा सूचना**

जिला पंचायत, पिथौरागढ़ के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत दैवीय आपदा /मां0 मुख्यमंत्री घोषणा एवं जिला योजना (शिक्षा) मद में जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के कम में प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्यो हेतु **दिनांक 09.04.2025** तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त निविदायें **दिनांक 10.04.2025** को **अपरान्ह 1:00 बजे** तक ठेकेदारों/प्रतिनिधियों द्वारा निविदा बॉक्स में जमा की जायेगी तथा जमा निविदायें **दिनांक 10.04.2025** को ही **सायं 3:00 बजे** निविदा समिति एवं ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर दरों का उल्लेख अंकों तथा शब्दों अथवा प्रतिशत में करना होगा। निविदा के साथ ठेकेदार द्वारा रु0 100.00 मूल्य का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर एवं जिला पंचायत पिथौरागढ़ का वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के ठेकेदारी पंजीकरण तथा जी0एस0टी0 अदेय प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पिथौरागढ़ के नाम बंधक होनी आवश्यक है, प्रत्येक कार्य के लिए पृथक - पृथक लगानी अनिवार्य होगी। अन्य शर्तों की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं। **(नोट- कं0सं0 05 एवं 06 में अंकित निर्माण कार्यो हेतु वर्तमान में केवल रू0 3.00 लाख की धनराशि ही प्राप्त है, इन कार्यो में जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, पिथौरागढ़ के साथ हुये एम0ओ0यू0 के अनुसार प्राप्त होने वाली धनराशि की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है, जिनमें अवशेष भुगतान आगामी जिला योजना में धनराशि प्राप्त होने पर ही कर पाना सम्भव होगा।)**

**नोट:- अवकाश की स्थिति में निविदा जमा एवं खुलने की प्रकिया उक्त तिथि से अगले कार्यालय दिवस में सम्पन्न होगी।**

| कं0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख में) | जमानत की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जी0एस0टी0 की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटियोल धार गधेरे में आर0सी0 सी0 पुलिया निर्माण | 4.70 | 9400 | 940 | 169 | 90 दिन |
| 2 | धारपरी भूर गधेरे मे पुलिया निर्माण | 4.80 | 9600 | 960 | 173 | 90 दिन |
| 3 | कोटा में मेलास्थल विकास कार्य | 23.33 | 46660 | 4666 | 840 | 180 दिन |
| 4 | दाखिम से धामी गॉव तक ट्रैक रुट का निर्माण कार्य | 20.00 | 40000 | 4000 | 720 | 180 दिन |
| 5 | रा0प्रा0वि0 घुन्सेरागॉव में मरम्म्त कार्य (नवीन कार्य) | 22.73 | 45460 | 4546 | 818 | 180 दिन |
| 6 | रा0प्रा0वि0 खितौली में छत मरम्मत एवं फर्भा मरम्मत कार्य | 10.09 | 20180 | 2018 | 363 | 180 दिन |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत पिथौरागढ़।

### मदरसों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के विरोध में उतरे लक्सर विधायक

# मदरसों की आड़ में मुसलमान को टारगेट कर रही सरकार: शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विधायक भाई शहजाद के द्वारा कहां गया कि सरकार मदरसो की आड़ में मुसलमान को टारगेट कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता का विकास के मुद्दों से ध्यान भटकने के लिए इस तरह के कार्य कर रही है। क्योंकि इस तरह के कार्य से एक समुदाय इकट्ठा हो जाएगा और मुसलमान को मदरसो के आड़ में टारगेट किया जा सकता है। विधायक के द्वारा बताया जा रहा है कि सरकार मदरसो की आड़ में मुसलमान को टारगेट ना करें क्योंकि सरकार के द्वारा किसी भी मदरसे को नहीं बनवाया गया



है। उन्होंने कहा सरकार बताए की उन्होंने कितने मदरसे बनवाए हैं बस केवल मुसलमान को टारगेट कर इस तरह के कार्रवाई की जा रही है उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास मदरसो को देने के लिए तो कुछ नहीं है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आड़ में मुसलमान को परेशान किया जा रहा है जो बिल्कुल ही गलत है। हम इस तरह की कार्यवाही का घोर विरोध करते हैं उन्होंने यह भी कहा कि मदरसों के खिलाफ जो कार्रवाई की जा रही है उसकी सरकार तुरंत रोके और मदरसो की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनको सहायता दे जिससे मदरसो में पढ़ने वाले बच्चे अपनी मेहनत का लोहा पढ़ लिखकर मनवा सके उन्होंने सरकार से आग्रह किया की सरकार संबंधित अधिकारियों को इस तरह की कार्यवाही करने से रोके।

# अवैध कनेक्शन व बड़े बकाएदारों के सैकड़ों सीवर कनेक्शन सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगा सीवर की टीम ने अवैध सीवर कनेक्शन पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। बी टी गंज और रामनगर चौक पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कनेक्शन सील किए गए है। चौधरी चरण सिंह ने रामनगर चौक के आसपास और कन्हैया पॉलीटेक्निक पर होटल के सीवर कनेक्शन सील कार दिए गए। नोटिस के साथ उनकी आर सी काटी जा रही है इसीलिए रिकवरी की कार्यवाही हेतु आर सी जारी की जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार गंगा सीवर की टीम ने अवैध सीवर कनेक्शन पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। रामनगर गली नंबर 2 में जैसे ही एक बकायेदार का कनेक्शन सील करने टीम पहुंची तभी के तभी मकान स्वामी ने पहुंचकर 2 दिन का समय मांगा लेकिन आर सी की कार्यवाही देख मकान स्वामी ने तत्काल बिल जमा करा दिया चौधरी चरण सिंह ने बताया किसी भी सूरत में अवैध कनेक्शन नहीं चलने दिए जाएंगे अवैध कनेक्शनधारको के खिलाफ एफ आई आर कराई जाए जिसके लिए विभागीय अधिकारी द्वारा निर्देषित किया गया है टीम जगह जगह जांच करेगी। उपखंड अधिकारी जुनैद गौड ने बताया नगर में अनेक स्थानों पर सीवर समस्याओं का समाधान युद्ध स्तर पर किया गया लेकिन अवैध कनेक्शन किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा और आज जिन होटल और रेस्टोरेंट के अवैध कनेक्शन पकड़े गए है



उनके नोटिस की रिपोर्ट माननीय एन जी टी दिल्ली एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रुड़की को कर दी गई है उक्त होटलों द्वारा मानकों का पूर्णत उल्लंघन कर सीवर वेस्ट को ट्रीट भी नहीं किया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को की जा रही हैं। सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया व्यावसायिक प्रतिष्ठान के अवैध कनेक्शन नहीं चलने दिए जाएंगे एवं कुक वेस्ट डालने वाले होटलों को लगातार नोटिस दिए जा रहे है।

# भगवानपुर पुलिस ने दबोचा गौकशी का फरार आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को धर दबोचा गया है। जो गौकशी मामले में फरार चल रहा था। जिसको समय से न्यायालय पेश किया जायेगा।

जानकारी के अनुसार दिनांक-23/03/25 को वादी अ0उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना भगवानपुर द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम खेलपुर जाने वाले मार्ग पर आम के बाग के पास से करीब 150 किलोग्राम गोमांस व गोवशीय अवशेष व 04 खुर व गौकशी से सम्बन्धित उपकरण व 01 एक अदद मोबाइल सैमसंग बरामद करना तथा मौके से अभि0 गण 1-अकबर पुत्र नामलूम निवासी सिकंदरपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार 2-अहसान पुत्र अकबर निवासी सिकंदरपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार 3-शाहबान पुत्र अकबर निवासी सिकंदरपुर थाना भगवानपुर जिला का फरार होने के सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0स0 96/25 धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधि0 पंजीकृत कराया गया था। अभि0गणो की गिरफ्तारी हेतु थाना भगवानपुर पुलिस की गठित टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अपराधी की तलाश/गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानो पर दाबिश दी गई कि मुखबीर खास की सूचना पर वांछित अभि0 अहसान पुत्र अकबर नि0 सिकन्दरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को ग्राम सिकन्दरपुरसे गिरफ्तार किया गया। जिसको समय से माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा। पुलिस टीम में 1-सुभाषचन्द जखमोला-थाना भगवानपुर 2-हे0का0 सुधीर चौधरी थाना भगवानपुर 3-सीक्यूएम उदयपाल थाना भगवानपुर शामिल थे।

### 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी रुड़की में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# कैडेट्स को वितरित की मुख्यमंत्री गोल्ड मैडल व छात्रवृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी रुड़की में विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा कर्नल रामाकृष्णन्न रमेश कमान अधिकारी की मौजूदगी में एनसीसी कैडेट्स को छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। छात्रवृत्ति मुख्यमंत्री गोल्ड मैडल, मुख्यमंत्री छात्रवृति, कैडेट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति व बेस्ट कैडेट अवार्ड शामिल थे। विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा बीएसएम (पीजी) कॉलेज रुड़की की एनसीसी कैडेट एसयूओ सुमन जोशी को मुख्यमंत्री गोल्ड मेडल से अलंकृत किया गया व 3000 की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया।



इसी क्रम में बीएसएम पीजी कॉलेज की कैडेट रिया को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति धनराशि 2400, आरएनआई इंटर कॉलेज, भगवानपुर के कैडेट जानिसर अख्तर को 1200, बीएसएम (पीजी) कॉलेज, रुड़की की कैडेट वैशाली को 1200, आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर, रुड़की की कैडेट कृतिका जोशी को 600, इसी श्रृंखला में केएलडीएवी (पीजी) कॉलेज, रुड़की के एसयूओ आदित्य राणा को सेकंड बेस्ट कैडेट अवार्ड हेतु धनराशि 3500, आर्मी पब्लिक स्कूल नं.1 के सीएसएम आर्यन सिंह को जे0डी0 सेकंड बेस्ट कैडेट हेतु धनराशि 3500 व आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर, रुड़की की कैडेट दीप्ति को सेकंड बेस्ट कैडेट अवॉर्ड जूनियर विंग में धनराशि 3500, का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। इससे अतिरिक्त आज बटालियन में कैडेट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति 6000, प्रति कैडेट से पाँच कैडेट्स को सम्मानित किया गया। जिनके नाम कैडेट गौरव कपिल, कैडेट वैष्णवी चौधरी, कैडेट हर्षित असवाल, कैडेट राशि राठौर व कैडेट दीप्ति रहे। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा एनसीसी कार्यालय में आयोजित किए गए कैडेट्स अलंकरण समारोह में आए सभी कैडेट्स को आशीर्वाद दिया गया। अनुशासन में रहकर जीवन में खूब तरक्की करने हेतु मार्गदर्शित किया गया। अपने उद्बोधन में कमान अधिकारी द्वारा कैडेट्स को उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया गया व उन्हें सेना में जाकर उत्तम कैरियर बनाने हेतु मार्गदर्शित किया गया। आज छात्रवृत्ति वितरण समारोह में सूबेदार मेजर अमर सिंह, सूबेदार पंकज पाल, बीएचएम केशवानंद, कार्यक्रम संयोजक कार्याल अधीक्षक प्रशिक्षण रवि कपूर, समर्पण संस्था के अध्यक्ष नरेश यादव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दीपा शर्मा, वरिष्ठ सहायक सुरेश अवस्थी, डाटा एंट्री ऑपरेटर संदीप, धर्म सिंह, मीनाक्षी, विमल कुमार, पुरुषोत्तम, सुनील, राजवीर, अश्वनी, सुभाष, लोकेंद्र असवाल, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

# राप्रावि गोपालपुर की छात्रा गरिमा ने नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गोपालपुर की कक्षा 5 की छात्रा गरिमा पुत्री जयदेव ने अपनी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

गरिमा के पिता ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोबिन कुमार, सहायक अध्यापिका श्रीमती अंजना ध्यानी तथा पूरे विद्यालय स्टाफ की मेहनत और समर्पण को दिया है। प्रधानाध्यापक रोबिन कुमार ने बताया कि गरिमा एक परिश्रमी और लगनशील छात्रा है, जिसने अपनी कड़ी मेहनत से



यह सफलता अर्जित की है। यह विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार ने गरिमा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं और अन्य छात्रों को भी इसी तरह परिश्रम कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।

# गंगनहर पुलिस तमंचे सहित किशोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर मय 01 जिंदा कारतूस के साथ 01 विधि विवादित किशोर को किया गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 25.03.25 अपर उप निरीक्षक मनीष कवि मय हेड कांस्टेबल इसरार, कांस्टेबल रणवीर के शांति व्यवस्था, देखरेख क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम मय वाहन प्राइवेट के थाना क्षेत्र में रवाना थे। मुखबिर खास की सूचना के आधार पर हम पुलिस कर्मचारी गणों द्वारा एक व्यक्ति को एक अदद तमंचा 12 बोर, व एक जिंदा कारतूस 12 बोर के पॉलिटेक्निक ग्राउंड से नंद विहार को जाने वाले तिराहे से पकड़ लिया गया। उक्त व्यक्ति को तमंचा रखने का कारण पूछा गया तो बताने में कासिर रहा। अभियुक्त को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। अभियुक्त से एक अदद आईफोन 12 प्रो ग्रे ब्लू भी बरामद किया है। अभियुक्त का पहला भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम का विवरण 1-अपर उप निरीक्षक मनीष कवि, हेड कांस्टेबल इसरार अली, कांस्टेबल रणवीर आदि शामिल रहे।

# बदमाशों ने महिला को आतंकित कर लाखों के जेवरात व नकदी लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के आकाशदीप एनक्लेव फेस टू में तीन बदमाशों घर में घुसकर महिलाओं से लाखों रुपए की नगदी एवं जेवरात लूट लिए। मामले में पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बहेड़ी रुहाना निवासी आशीष कुमार त्यागी जो कि अपने परिवार सहित मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के आकाशदीप एनक्लेव फेस टू में अपना मकान बना कर रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह मंगलवार रात अपने गांव गए थे घर में उनकी मां,पत्नी और बहन थी बताया कि बुधवार सुबह करीब तीन बजे उन्हें घर में कुछ सामान गिरने की आवाज आई तो उन्होंने उठकर देखा कि तीन बदमाश घर में घुस गए है। घर में मौजूद महिलाओं ने उनका विरोध किया तो उन्होंने महिलाओं से मारपीट कर डाली और आतंकित करते हुए घर में लगभग सवा दो लाख रुपये नगद, सोने के जेवरात जिनकी कीमत 30 से 31 लाख रुपए है लेकर फरार हो गए। वहीं बदमाशो के जाने के बाद मामले की जानकारी आशीष त्यागी की पत्नी ने उन्हें और पड़ोसियों को दी। जिसके बाद मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया और इसकी सूचना मंगलौर कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर इसकी पड़ताल की। पीड़ित ने बताया कि उनके द्वारा लिखित रूप से पुलिस को शिकायत दे दी है। इस बारे में एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि मामले में जानकारी जुटाई जा रही है। अभी पूरी जानकारी एकत्र होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# दुकानों का किराया बढ़ाने पर दरगाह प्रबंधन के प्रति रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह प्रबंधन की और से दुकानों का किराया बढ़ाये जाने पर दुकानदारों ने रोष जताया। दुकानदारों ने इकठ्ठा होकर दरगाह कार्यालय पहुंचकर अपर तहसीलदार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नाम एक ज्ञापन देकर बढ़ाए गए किराए के आदेश को निरस्त करने की मांग की।

पिरान कलियर दरगाह प्रबंधक रजिया की और से 24 मार्च को समाचार पत्रों में एक विज्ञप्ति जारी की थी। विज्ञप्ति में दरगाह की सभी दुकानों का किराया बढाया गया था। दरगाह प्रबंधन ने पांच हजार रुपये से लेकर दस हजार रुपये तक का किराया तय किया गया हैं। इसके

अलवा दरगाह के अलग-अलग बाजारों की अलग-अलग धनराशि तय की गई हैं। बढ़ा हुआ किराया एक

अप्रैल से लागू होगा। जानकारी होने के बाद सभी दुकानदारो के रोष उतपन्न हो गया और दरगाह प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप लगाया। बुधवार को फव्वारे चौक पर सभी दुकानदार इकठ्ठा हुए और वहां से दरगाह कार्यालय पहुंचे। सूचना पर ज्वांइट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अपर तहसीदार हरि हर उनियाल और लेखपाल अनुज यादव भी दरगाह कार्यालय पहुंच गए। दुकानदारों ने अपर तहसीलदार और दरगाह प्रबंधक के सामने अपनी अपनी बात रखी।उसके बाद उन्होंने ज्वांइट मजिस्ट्रेट के नाम एक ज्ञापन दिया।जिसमें उन्होंने किराया बढ़ाने के आदेश को निरस्त करने की मांग की हैं।साथ ही दुकानों का अग्रीमेंट करने को कहा हैं।उन्होंने कहा कि दरगाह प्रबंधन ने सालों पहले उनसे सिक्योरिटी की रशीद दी गई थी। और एग्रीमेंट नही किया था।सभी ने एक राय होकर कहा कि उन्हें बढ़ाया गया किराया स्वीकार नहीं हैं। इस आदेश को निरस्त करना चाहिए। इस दौरान अपर तहसीलदार ने दुकानदारों को कहा कि पांच लोगों का प्रतिनिधि मंडल जवाइंट मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा से मिलकर अपना पक्ष रखने को कहा।उनसे मिलने का दिन और समय बता दिया जाएगा। दरगाह प्रबंधक रजिया ने बताया कि उच्च अधिकारियों की और किराया बढ़ाया गया हैं। जिसे लेकर एक समिति गठित की गई थी। दुकानदारों ने किराया व्रद्धि को लेकर आपत्ति जताई हैं। अपर तहसीदार हरि हर उनियाल ने बताया कि किराया बढ़ाने को लेकर दुकानदारों ने आपत्ति जताई है।साथ ही एक ज्ञापन दिया गया हैं। इस सम्बंध में ज्वांइट मजिस्ट्रेट को अवगत कराया जाएगा। दुकानदारों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिलकर अपना पक्ष रखने को कहा गया हैं।इस मौके पर लेखपाल अनुज यादव, अकरम साबरी, डॉक्टर शहजाद, खालिद साबरी,राशिद साबरी ,लियाकत,शाहिद,सन्नववर ,सलमान ,साकिर ,शादाब,आदिल, कुर्बान आदि दुकानदार मौजूद रहें।

# शोपीस बना सुल्तानपुर में पानी का टैंक, साफ पानी को तरसे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र की नगर पंचायत सुल्तानपुर में जल निगम की ओर से आम जनता के लिए दो साफ पानी पीने की टंकी लगाई गई थी जिसमें अभी तक भी पानी चालू नहीं किया गया है। ऐसा लग रहा है जैसे उसमें पैसे को बंदर बांट किया गया हो। वही नगर पंचायत सुल्तानपुर के सभासद शमशाद सदर ने कहा कि हमारी नगर पंचायत सुल्तानपुर में करीब 1 साल पहले दो पानी के टैंक लगाए थे जिसमें आम जनता को साफ पानी पीने को मिले लेकिन अभी तक भी इन दोनों टंकियो द्वारा साफ पानी तो बहुत दूर की बात है एक गिलास भी पानी इन टंकियो से किसी के घर में नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा हमें ऐसा लग रहा है की अधिकारियों ने इन दोनों टंकियो से पैसे की बंदर बांट की है उन्होंने यह भी कहा कि मैं जल निगम हरिद्वार में भी इस संबंध में गया था तो मुझे संबंधित अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि सुल्तानपुर में दोनों पानी की टंकी सुचारू रूप से काम कर रही हैं उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित अधिकारी इस संबंध में झूठ बोल रहे हैं। लगता है वहा कहीं बड़े घोटले की बु आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर संबंधित अधिकारियों के द्वारा इस पानी के टैंक को सुचारू रूप से चालू नहीं किया गया तो हमें अगला कदम उठाना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

वहीं मार्च के आखिरी सप्ताह में रुड़की का अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का दावा है कि आने वाले समय में अब तापमान में लगातार वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि 28 तारीख को 34 डिग्री तक अधिकतम तापमान जा सकता है।

# एसपी देहात ने मंगलौर कोतवाली का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

### दरोगाओं को हिदायत लंबित योजना का जल्द करें निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एसपी देहात चंद्र शेखर सुयाल ने कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई, हवालात व माल खाने का मुआयना करने के साथ ही दस्तावेजों की भी जांच की। एसपी देहात ने सभी उपनिरीक्षकों को लंबित विवेचनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को भी सुना। बुद्धवार को एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं शिशु कल्याण पटल, थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरो के अलावा भोजनालय का भी मुआयना किया। उन्होंने कोतवाली में रखे असलाहों एवं आपदा संबंधी उपकरणों की भौतिक रूप से जांच करने के साथ ही उन्होंने आपदा उपकरणों के संबंध में पुलिस कर्मियों से जानकारी ली। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने अभिलेखों का अवलोकन करने के साथ ही मुकदमों से संबंधित वाहनों, प्रार्थना पत्रों व लंबित विवेचनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एसपी देहात ने पुलिस कर्मियों की समस्याओं को भी सुना और पुलिस कर्मियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मंगलौर विवेक कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार



गंगवार, वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, मनोज कठैत, वजिन्द्र सिंह नेगी, संजीव चौहान, राकेश डिमरी, डी एस पंवार, नीरज रावत, चंद्र गुप्त, वीरपाल सिंह, गजपाल राम, महिला उप निरीक्षक प्रिति तोमर, हैंड कांस्टेबल हरभजन सिंह, नंद किशोर, सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# सरकार के 3 साल पूरे होने पर लक्सर में बहुदेशीय शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के युवराज पैलेस में 3 साल बेमिसाल बहुदेशीय शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें हजारों की संख्या महिला पुरुष मौजूद रहे भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा उत्तराखंड को पुष्कर सिंह धामी ने अनेक योजनाएं दी है जिनका आज प्रचार प्रसार किया जा रहा है उन्होंने कहा पुष्कर सिंह धामी सरकार आखिरी छोर तक विकास कार्य को पहुंचने का काम कर रही है वहीं पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से पुष्कर सिंह धामी सरकार ने एक के बाद एक फैसला लिया है यह अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा पुष्कर सिंह धामी सरकार किसानों के लिए व्यापारियों के लिए नौकरी पैसा नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में काम कर रही है और ऐसे कई कानून बनाए हैं जो उत्तराखंड में ही नहीं भारत में भी मिल का पत्थर साबित होंगे उन्होंने आमजन से भी सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में बताया बहुदेशीय शिविर में जो मुख्य रूप से मौजूद रहे उनमें पूर्व विधायक संजय गुप्ता जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा उप जिला अधिकारी सौरभ अस्वाल तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी भाजपा



मंडल अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमरीश गर्ग राजबीर कश्यप अतुल गुप्ता विकास खटाना साधुराम वर्मा राजेश रस्तोगी राजेश गुप्ता मोहित वर्मा निपेंद्र सिंह संजीव पुंडीर अरविंद अग्रवाल साधुराम वर्मा ब्लॉक प्रमुख हर्ष कुमार दौलत दर्जनों गांव के प्रधान पूर्व प्रधान सहदीप चौधरी एडवोकेट गोपाल अग्रवाल अतुल कुमार गुप्ता अरविंद कल्याणी विकास खटाना जितेंद्र चौधरी आदि हजारों महिला का पुरुष मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 27 मार्च 2025

# कलाकार की बेबाकी

हास्य कलाकार कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ऊपर की गई व्यंग्यात्मक टिप्पणी पर छिड़े विवाद के बीच बुधवार को नया वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर गहरा कटाक्ष किया है। कुणाल कामरा ने पैरोडी सान्ग में गाया कि साड़ी वाली दीदी लोगों की सैलरी लूटने आई हैं और उनका नाम निर्मला ताई है। गौरतलब है कि कुणाल पांच दिन में इस तरह के तीन वीडियो पोस्ट कर चुके हैं। इससे पहले 36 साल के स्टैंडअप कामेडियन ने 22 मार्च को अपने शो में एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने फिल्म दिल तो पागल है के एक गाने की पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। इसके बाद शिंदे समर्थकों ने उस होटल में तोड़फोड़ की थी, जहां यह शो रिकॉर्ड किया गया था। कुणाल कामरा ने 25 मार्च को एक और नया पैरोडी सान्ग सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। हम होंगे कामयाब की लाइन को बदलकर उन्होंने हम होंगे कंगाल एक दिन कर दिया। शिंदे के ऊपर की गई व्यंग्यात्मक टिप्पणी के बाद जिस तरह की हिंसक प्रतिक्रिया देखी गई, वह सिर्फ बढ़ती अहिष्णुता का ही संकेत नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि राजनीतिक वर्चस्व दिखाने के लिए असहिष्णुता का दायरा पुलिस केस से आगे बढ़कर तोड़-फोड़ और खुली धमकियों तक पहुंच सकता है। श्री कामरा ने एक हिंदी फिल्मी गाने की पैरोडी करते हुए इसमें गद्दार शब्द का इस्तेमाल किया और इसमें बिना नाम लिए राजनीतिक उत्थान पाने वाले किसी राजनेता को निशाना बनाया। इससे शिवसेना के सदस्य और शिंदे के समर्थक भड़क उठे। बदले की कार्रवाई के तहत एक अजीबो-गरीब प्रतिक्रिया के तौर पर भीड़ के एक जत्थे ने हैबिटैट पर हमला किया। हैबिटैट वही स्टूडियो है, जहां श्री कामरा ने यह कार्यक्रम किया था। यानी, कलाकार के बजाय आयोजन स्थल को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की गई। मुंबई पुलिस ने कामरा के ऊपर भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया, जिसमें शत्रुता फैलाने, सार्वजनिक उपद्रव करने और मानहानि के आरोप शामिल हैं। हालांकि, यह स्थापित नियम है कि मानहानि का मामला सिर्फ पीड़ित पक्ष ही दर्ज कर सकता है, न कि पुलिस। यह शक्ति के दुरुपयोग का खुल्लम खुला उदाहरण है कि बृहनमुंबई नगरपालिका (बीएमसी) ने अचानक आयोजन स्थल के बाहर अनधिकृत संरचनाएं खोज निकालीं और उन्हें ध्वस्त कर दिया। साथ ही, आगे की अनियमितताओं की भी जांच शुरू कर दी है। कामरा के खिलाफ दर्ज एफआईआर उन कानूनों का खुल्लमखुला दुरुपयोग है, जो भड़काऊ भाषणों के लिए बनाए गए हैं। साथ ही, यह बताती है कि अगर व्यंग्य किसी राजनेता की गतिविधियों के ऊपर हो, तो उसे अपराध की श्रेणी में रखा जा सकता है। पार्टी बदलने के बाद किसी राजनेता को गद्दार या दलबदलू कहना कोई नई बात नहीं है। विडंबना यह है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने भी शिंदे के लिए एक बार इसी शब्द का इस्तेमाल किया था, लेकिन फ़िलहाल वे और शिंदे एक साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री का पद साझा कर रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार अब कामरा से सार्वजनिक माफी की मांग कर रही है, जिससे उन्होंने साफ़ इनकार कर दिया है। हालांकि, कामरा ने किसी भी तरह के क़ानूनी जांच में सहयोग देने पर सहमति जताई है।

## केवल सरकार के लिए चल रही है संसद



**मुझे** लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है, संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है, विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है, संसद केवल सरकार के लिए चल रही है, मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए, स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए, सदन स्थगित कर दिया गया, मैंने कुछ नहीं किया, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था, अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला, पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है, ये नया तरीका है, डेमोक्रेसी में सरकार और विपक्ष की जगह होती है, यहां अपोजिशन की जगह है ही नहीं, यहां सिर्फ सरकार की जगह है।

**राहुल गांधी**
**लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# रेल विकास: एक पहलू यह भी

**2023 तक बुलेट ट्रेन संचालन की तैयारी को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, परन्तु अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका, इसकी अधिकतम गति 320-350 किमी प्रति घंटे की बताई जा रही है, इससे भी आगे बढ़कर 1300 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हाइपर लूप चलाने का भी प्रस्ताव है अनेक वनदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चल चुकी है**



**निर्मल रानी**

भारतीय रेल विकास के नित्य नए अध्याय लिख रहा है। अनेक तीव्रगामी ट्रेन संचालित की जा रही हैं। मुंबई-अहमदाबाद के मध्य तो हाई स्पीड रेल/ बुलेट ट्रेन चलने की योजना है। दिसम्बर 2023 तक बुलेट ट्रेन संचालन की तैयारी को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परन्तु अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसकी अधिकतम गति 320-350 किमी प्रति घंटे की बताई जा रही है। इससे भी आगे बढ़कर 1300 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हाइपर लूप चलाने का भी प्रस्ताव है। अनेक वनदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चल चुकी हैं। इसके अतिरिक्त नमो भारत रैपिड रेल जिसे पहले वंदे भारत मेट्रो के नाम से जाना जाता था वह भी अहमदाबाद और भुज के बीच पहले से ही चल रही थी, अब दिल्ली, ग़ाज़ियाबाद व मेरठ के बीच लगभग 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है। इसी तरह अनेक रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। अनेक प्रमुख रेल स्टेशन पर एस्केलेटर / स्वचालित सीढ़ियां लगाई गयी हैं। अनेक रेल स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिए लिफ्ट लगाई गयी हैं। भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। उधर रेल परिवहन क्षेत्र में भी बड़ी क्रांति हुई है जिसके तहत भारत के समर्पित मालवाहक गलियारे (डीएफसी) पर विशेष रेलवे ट्रैक निर्मित किए गए हैं। यह ट्रैक केवल माल परिवहन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जिनका मक़सद माल ढुलाई की क्षमता और गति को बढ़ाना, माल परिवहन की दक्षता और गति में सुधार करना, मौजूदा रेल नेटवर्क पर ट्रेन की संख्या को कम करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

परन्तु इन सब के बावजूद रेल यात्रियों की सुविधा,सुरक्षा व स्वास्थ्य आदि से जुड़े अनेक बुनियादी सवाल अभी भी उसी तरह बरक़रार हैं। सरकार भले ही वंदे भारत, राजधानी व शताब्दी जैसी ट्रेनों के संचालन पर इतराती हो परन्तु हक़ीक़त तो यह है कि देश की अधिकांश आम जनता इनके अतिरिक्त चलने वाली दूसरी लगभग तीन हज़ार सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स से ही यात्रा करती है। और इन ट्रेन्स में यात्रियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या तो बर्थ व सीट की उपलब्धता की ही है। लंबी दूरी की गाड़ियों में सामान्य कोच की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। न केवल यात्री लटक कर या दरवाज़ों पर खड़े होकर यात्रा करते हैं बल्कि कभी कभी तो यह यात्री शौचालय में घुसकर उसे भीतर से बंद कर अपनी यात्रा पूरी करते हैं। जिससे ट्रेन के अन्य यात्रियों को भी परेशानी होती है। और जब यही भीड़ अनियंत्रित होती ही तो स्लीपर क्लास से लेकर एसी कोच तक में अनिधकृत रूप से घुस जाती है। ज़्यादा भीड़ देखकर टिकट निरीक्षक भी उन्हें उतारने के बजाए यात्रियों से 'सुविधा शुल्क' लेकर उनकी अवैध यात्रा की अनदेखी कर देते हैं। परिणामस्वरूप आरक्षित यात्रियों व उनके सामन की सुरक्षा तो ख़तरे में पड़ती ही है साथ ही उन्हें वाशरूम तक पहुंचने व उसे इस्तेमाल करने में भी परेशानी होती है। दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र व दक्षिणी राज्यों से बिहार बंगाल की तरफ़ जाने वाली गाड़ियों में एसी श्रेणी में उपलब्ध कराए जाने वाले कंबल व चादरों की तो दशा ही मत पूछिए। बहुत सौभाग्यशाली होता होगा वह यात्री जिसे धुली हुई चादर नसीब हो जाती हो। अन्यथा पूर्व के यात्रियों द्वारा प्रयुक्त चादरें ही तह कर और वेंडर के ख़ाकी लिफ़ाफ़े में पैक कर उसपर टेप लगाकर पुन: दूसरे यात्रयों को दे दी जाती हैं। और कंबल का तो हाल ही मत पूछिए। यह बदबूदार गंदे कंबल तो शायद कभी धोए ही नहीं जाते। देर रात जब बेडिंग आपूर्ति करने वाले स्टाफ़ को नींद आती है तो यही चादरें और कंबल जो बाद में यात्रियों को भी दिए जाने हैं उन्हें गंदी फ़र्श पर बिछा कर सो जाते हैं। और सोने में सुहागा यह की उन्हीं कोनों में लोगों ने पान खाकर भी थूका होता है जहां वे चादर कंबल बिछा कर सो रहे होते हैं। निश्चित रूप से इस तरह के कंबलों व चादरों का यात्रियों को आवंटित किया जाना यात्रियों के आराम व सुविधा देने से अधिक बीमारियों व संक्रमण को न्यौता ज़रूर देता है। रेल मंत्रालय को इस दुर्व्यवस्था से सख़्ती से निपटने की ज़रुरत है। मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में प्राय: हिजड़ों व महिलाओं के गैंग यहां तक कि सजी धजी सुन्दर लड़कियों के गिरोह सक्रिय रहते हैं। यह यात्रियों से पैसों की उगाही करते हैं। यदि कोई यात्री पैसे नहीं देता तो यह उन्हें अपमानित करने में भी नहीं हिचकिचाते। यदि कोई इज्ज़तदार व्यक्ति किसी मजबूरीवश निर्धारित टिकट लेकर ट्रेन यात्रा न कर सके या बेटिकट हो अथवा सामान्य टिकट लेकर जल्दबाज़ी में एसी कोच में सवार हो जाए तो टिकट निरीक्षक उससे तो बड़े अपराधी की तरह पेश आता है। परन्तु यदि इसतरह के भिखारी हिजड़े या औरतें ट्रेन में मांगते फिरें और यात्रियों के सामन की सुरक्षा के लिए चिंता पैदा करें तो यही टिकट निरीक्षक ऐसे पेशेवर लोगों को कुछ नहीं कहता। गोया इन्हें रेल विभाग की तरफ़ से ट्रेन में फ़्री यात्रा करने व यात्रियों से पैसे ऐंठने का लाइसेंस हासिल हो? और दूसरी महत्वपूर्ण समस्या खानपान की स्तरीय आपूर्ति की है। चाहे वह चलती गाड़ी के कोच में यात्रियों को उपलब्ध कराया जाने वाला चाय,नाश्ता खाना हो या फिर रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर बिकने वाली खाने पीने की वस्तुएं किसी का भी कोई स्टैण्डर्ड नहीं है। कभी भी आपको कोई यात्री ऐसा नहीं मिलेगा जो रेल में आपूर्ति की जाने वाली चाय पान खाना आदि की तारीफ़ करता नज़र आ जाए। परन्तु लंबे सफ़र में मजबूर भूखा प्यासा यात्री बार बार ऐसी अवांछित वस्तुओं को ख़रीदने के लिए मजबूर रहता है। ऐसे भी कई वीडीओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें इसतरह के खाद्य वस्तुओं के तैयार होने की हक़ीक़त दिखाई जा चुकी है। यानी आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार को पैसे कमाने के सिवा यात्रियों के स्वास्थ्य या स्वाद की कोई फ़िक्र नहीं रहती। ज़रा सोचिए कि जब मुझ जैसा आम यात्री रेल के इन कुप्रबन्धनों से भली भांति वाक़िफ़ है तो क्या वह रेल विभाग इन बातों को जानता नहीं होगा? इसलिए यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि यह सब रेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत का ही परिणाम है।



# अत्तिला के हूण आखिर कौन थे?

**200 ईसी पूर्व के आसपास चीन की उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर श्योन्ग्नू लोगों की दहशत थी और 100 ईसवीं के आसपास उनका पतन हो गया, एक मत था कि हूण संभवतः यही श्योन्ग्नू लोग थे जो मध्य एशिया के अल्ताई पहाड़ों से निकलकर 5000 किलोमीटर दूर रोम की सीमाओं तक पहुंच और रोमन साम्राज्य के पतन का एक कारण बने**

**स्रोत फीसर्च**



हूण लोग लुटेरे योद्धाओं के रूप में विख्यात हैं। ये लोग लगभग 370 ईसा पूर्व में रोमन साम्राज्य की सीमाओं पर पहुंचे, जब यह साम्राज्य लड़खड़ा ही रहा था। फिर कुछ दशकों बाद फौजी नायक अत्तिला के नेतृत्व में हूणों ने इसे पूरी तरह से पतन की ओर धकेल दिया। इतने कम समय में भी अत्तिला ने साम्राज्य को बहुत प्रभावित किया था। इसमें कोई दो-राय नहीं है कि हूण जहां भी गए, अपनी छाप छोड़ी।

लेकिन इतिहासकारों के बीच हमेशा से ही यह बहस का विषय रहा है कि हूण मूलत: कहां से आए थे। एक अनुमान था कि 'हूण' शब्द 'श्योन्न्नू' शब्द से आया है, जो घास के मैदानों के घुमंतुओं के एक समूह को दर्शाता है। 200 ईसा पूर्व के आसपास चीन की उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर श्योन्न्नू लोगों की दहशत थी, और 100 ईसवीं के आसपास उनका पतन हो गया। एक मत था कि हूण संभवत: यही श्योन्न्नू लोग थे जो मध्य एशिया के अल्ताई पहाड़ों से निकलकर 5000 किलोमीटर दूर रोम की सीमाओं तक पहुंचे और रोमन साम्राज्य के पतन का एक कारण बने। लेकिन पुरातात्विक साक्ष्य इसे पूरी तरह साबित नहीं कर पा रहे थे: श्योन्न्नू लोगों की कब्रें 300 साल बाद के हूणों की कब्रों जैसी नहीं थीं, और यह अंतर दोनों के एक होने के विचार को खारिज करता था। अब, नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज़ में प्रकाशित टयूबिंगन विश्वविद्यालय के आनुवंशिकीविद गाइडो नेची रुस्कोन और ओटवोस लॉरैंड विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद सोफिया राज़ के शोधदल द्वारा किया गया डीएनए आधारित अध्ययन बताता है कि कुछ हूण श्योन्न्नू अभिजात वर्ग के दूर के वंशज थे, लेकिन वे रोम के आसपास रहने वाली जनजातियों के समूह का हिस्सा बन गए थे। दरअसल, वर्तमान हंगरी में दफन करीब 400 से 500 ईसवीं के समय की हूणों की सैकड़ों कब्रों की जांच करते समय शोधकर्ताओं को ऐसी कब्रें और कंकाल मिले जो बाकियों से अलग थे, इन कब्रों में दफन सामान भी बाकी कब्रों के सामान से अलग था और कंकालों की कद-काठी भी बाकी कब्रों में दफन कंकालों से अलग थीं। कुछ कंकालों से लगता था कि खोपड़ी को लंबी बनाने के लिए बचपन में बांधा गया था, और कुछ कब्रों में शव के साथ घोड़ों के सिर और खाल रखे गए थे। इससे लगता था कि ये कंकाल मध्य यूरेशियाई घास के मैदानों में रहने वाले घुड़सवारों के सम्बंधियों के होंगे।

इन कंकालों की जेनेटिक बनावट की जांच में पाया गया कि कब्र में दफन कुछ लोगों के और श्योन्न्नू के कुलीन वर्गों के पूर्वज साझा थे। और कुछ कंकाल ऐसे थे जो सीधे तौर पर कुलीन श्योन्न्नू योद्धाओं से सम्बंधित थे, या तो वे कुलीन वर्गों के वंशज थे, या उनके करीबी सम्बंधियों के वंशज थे। यह संभव है कि ये योद्धाओं के एक समूह का ऐसा हिस्सा थे जिन्होंने अपनी घास के मैदान की संस्कृति को बरकरार रखा था।लेकिन हंगरी की कब्रों में दफन 'हूण' में श्योन्न्नू वंशज बहुत थोड़ी संख्या में थे। इसे देखकर लगता है कि पूर्व की ओर से लोगों का प्रवास हुआ तो था लेकिन बड़े पैमाने पर नहीं। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि संभवत: 1900 साल पहले श्योन्न्नू साम्राज्य के कुलीन लोग साम्राज्य के पतन के बाद बिखर गए होंगे, बिखराव के बाद कुछ लोग वहीं रुके रहे होंगे, कुछ को बाहर निकाल दिया गया होगा, कुछ लोगों को नए काम/अवसर मिल गए होंगे, और कुछ लोग पश्चिम की ओर पलायन कर गए होंगे। हालांकि अपनी जगह से कहीं और जाना जोखिमपूर्ण था, क्योंकि किसी और के इलाकों से गुज़रने का एक मतलब होता है कि रास्ते में वहां के लोगों से टकराव में आप अपने साथी, पशुधन या माल-असबाब खो दें। इस जोखिम को श्योन्न्नू लोगों ने सोच-समझकर चुना हालांकि कुछ ही लोग इसे पार कर पाए। और जो लोग पार कर गए उन्होंने स्थानीय संस्कृतियों के साथ खुद को ढाल लिया और वहां की स्थानीय जनजातियों से विवाह सम्बंध बनाए। वे अपनी आनुवंशिक विरासत तो साथ लेकर गए, लेकिन अपनी संस्कृति स्थानीय लोगों के साथ ढाल ली। यह अनुमान शोधकर्ताओं ने उनकी कब्रों और पूर्व में दफन उनके पूर्वजों की कब्रों अंतर के आधार पर दिया है। उनकी कब्रों में विशिष्ट बड़े आकार के सोने की परत वाले कांस्य बेल्ट बकल और अन्य आभूषणों का अभाव था जो उनके पूर्वजों की कब्रों में पाए जाते हैं। बहरहाल, यहां एक बात ध्यान में रखने की है कि सिर्फ आनुवंशिक जानकारी के आधार पर उन्हें श्योन्न्नू के वंशज कहा जा रहा है। लेकिन यह कहना मुश्किल है कि वे खुद को श्योन्न्नू से सम्बंधित मानते थे, या एक सर्वथा अलग ही समूह मानते थे।

# भयावह होती जल संकट की तस्वीर...

**1992 में रियो द जेनेरिया में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी, सही मायनों में यह दिन जल के महत्व को जानने समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचते होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है**




**योगेश कुमार गोयल**

जल संकट दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। हालांकि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। इसीलिए जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी। सही मायनों में यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। विश्व जल दिवस 2025 की थीम है 'ग्लेशियर संरक्षण'। ग्लेशियर दुनियाभर में मीठे पानी को उपलब्धता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं लेकिन मानवीय गतिविधियों के कारण ये तेजी से पिघल रहे हैं। दुनियाभर में इस समय करीब दो अरब लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा और साफ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण लाखों लोग बीमार होकर असमय काल का ग्रास बन जाते हैं।

'इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी' का कहना है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, दृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिटी में नमी के रूप में उपलब्ध है। स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो तेजी से बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनियाभर में करीब तीन बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकराल हो रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग इस समस्या को झेल रहे हैं। विश्वभर में तेजी से उभरती पानी की कमी की समस्या भविष्य में खतरनाक रूप धारण कर सकती है, इसीलिए अधिकांश विशेषज्ञ आशंका जताने लगे हैं कि जिस प्रकार तेल के लिए खाड़ी युद्ध होते रहे हैं, जल संकट बरकरार रहने या और बढ़ते जाने के कारण आने वाले वर्षों में पानी के लिए भी विभिन्न देशों के बीच युद्ध लड़े जाएंगे और हो सकता है कि अगला विश्व युद्ध भी पानी के मुद्दे को लेकर ही लड़ा जाए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान भी पूरी दुनिया को चेता चुके हैं कि उन्हें इस बात का डर है कि आगामी वर्षों में पानी की कमी गंभीर संघर्ष का कारण बन सकती है। इसीलिए यह समय की सबसे बड़ी मांग है कि दुनियाभर में लोग बेशकीमती पानी की महत्ता को समय रहते समझें और इसके संरक्षण हर स्तर पर अपना योगदान दें। दरअसल पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कहा जाता रहा है कि भारत ऐसा देश है, जिसकी गोद में कभी हजारों नदियां खेलती थी लेकिन आज इन हजारों नदियों में से सैकड़ों ही शेष बची हैं और वे भी अच्छी हालत में नहीं हैं। हर गांव-मौहल्ले में कुएं और तालाब हुआ करते थे, जो अब पूरी तरह गायब हो गए हैं।

महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि पृथ्वी की सतह पर उपयोग में आने लायक पानी की मात्रा वैसे ही बहुत कम है और यदि भूमिगत जल स्तर भी निरन्तर गिर रहा है तो हमारी पानी की आवश्यकताएं कैसे पूरी होंगी? इसके लिए हमें वर्षा के पानी पर आश्रित रहना पड़ता है किन्तु वर्षा के पानी का भी सही तरीके से संग्रहण नहीं हो पाने के कारण ही इसका भी समुचित उपयोग नहीं हो पाता। वर्षा के पानी का करीब 15 फीसद वाष्प के रूप में उड़ जाता है और करीब 40 फीसद पानी नदियों में बह जाता है जबकि शेष पानी जमीन द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे थोड़ा बहुत भूमिगत जल स्तर बढ़ता है और मिटी में नमी की मात्रा में कुछ बढ़ोतरी होती है। इसलिए यदि हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण कर उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस तरह जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है। पानी को मानव की मूलभूत आवश्यकता, अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर व अति विशिष्ट प्रादृतिक संसाधन मानते हुए 1987 में जल संसाधनों के नियोजन एवं विकास के लिए 'राष्ट्रीय जल नीति' घोषित की गई थी। इसके क्रियान्वयन के मामले में और तेजी लाने की जरूरत है। राष्ट्रीय जल नीति की घोषणा करते समय कहा गया था कि देश में उपलब्ध जल संसाधनों के विकास, संरक्षण, समुचित उपयोग एवं प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे और जरूरी कदम उठाए जाएंगे।



# बच्चों में दिखने वाले ये लक्षण हो सकते हैं हार्ट अटैक का संकेत



हार्ट अटैक एक ऐसी जानलेवा बीमारी है, जो न सिर्फ बुजुर्गों और युवाओं बल्कि बच्चों को भी अपनी चपेट में ले रही है। पिछले कुछ दिनों से बच्चों में हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़ते नजर आ रहे हैं। हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को देखकर हर कोई परेशान है। वहीं बच्चों में हार्ट अटैक का जोखिम देखकर पेरेंट्स भी चिंतित हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बच्चों में दिखने वाले कुछ ऐसे लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको नजरअंदाज करना खतरे से खाली नहीं हो सकता है। तो आइए जानते हैं उन 5 वॉर्निंग साइन के बारे में, जो हार्ट अटैक की ओर इशारा करते हैं।

## बच्चों में हार्ट अटैक के लक्षण

अगर बच्चे के सीने में दर्द या भारीपन का लक्षण महसूस होता है, तो इसको भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। वहीं अगर किसी फिजिकल एक्टिविटी के दौरान दर्द हो तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि कई बार लोग इसको गैस का दर्द समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। वहीं अगर बच्चा हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करता है या फिर सीढ़ियां चढ़ने-उतरने के दौरान हांफने लगता है और सांस लेने में परेशानी होती है। तो यह लक्षण हार्ट में गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। कई बार शरीर में खून की कमी होने पर कमजोरी की वजह से ऐसा होता है। लेकिन इन लक्षणों के दिखने पर डॉक्टर से संपर्क जरूर करें।

अगर बच्चा किसी वजह से कमजोरी महसूस कर रहा है या फिर बार-बार चक्कर या बेहोशी आती है। दिल की धड़कन आदि बढ़ रही है, तो यह लक्षण भी दिल की बीमारी की ओर इशारा करता है। वहीं बच्चा यदि फिजिकल एक्टिविटी करने के दौरान पसीने से भीग जाता है या उल्टी आदि हो रही है। तो भी पेरेंट्स को बच्चे की सेहत को लेकर सतर्क हो जाना चाहिए।

यदि बच्चे के होंठ, उंगलियां और स्किन नीली पड़ रही है, तो यह दिल से जुड़ी गंभीर बीमारी की ओर इशारा हो सकता है। बता दें कि ऐसा तब होता है, जब दिल सही तरह से ब्लड पंप नहीं कर पाता है। इससे शरीर में ऑक्सीजन की कमी महसूस होने लगती है।

# गाजा में गजब: हमास के खिलाफ उतरा हुजूम



## जंग से ऊब कर सड़कों पर उतरे हजारों आक्रोशित फलस्तीनी, हमास को उखाड़ फेंकने के नारे लगाए

**गाजा।** गाजा में पहली बार हमास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मंगलवार को 3 जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। लोगों ने हमास को आतंकी संगठन कहा और सत्ता छोड़ने की मांग की। दरअसल, यहां के लोग इजरायल-हमास जंग से परेशान हो चुके हैं।

सड़कों पर उतरे लोगों ने हमास बाहर जाओ, हमास आतंकी है, हम हमास को उखाड़ फेंकना चाहते हैं के नारे लगाए। साथ ही जंग खत्म करो और फलस्तीन में बच्चे जीना चाहते हैं, लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। हमास के हथियारबंद लड़ाकों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ मारपीट की और उन्हें अलग-थलग करने की कोशिश की। इन प्रदर्शनों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कतर की सरकार से फंडेड एक न्यूज चैनल को भी निशाने पर लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमास के विरोधियों ने टेलीग्राम पर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी, जिसके बाद लोग लाम. बंद हुए। मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति ने बताया, मुझे नहीं पता कि प्रोटेस्ट का आयोजन किसने किया। मैंने बस इसमें इसलिए हिस्सा लिया, क्योंकि मैं जंग से थक चुका हूं। मोहम्मद ने पहचान जाहिर होने के डर से अपना पूरा नाम नहीं बताया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, लोग मीडिया से इन घटनाओं को कवर करने की मांग कर रहे हैं। लोग आजादी की मांग कर रहे हैं, वे गाजा के खिलाफ दुश्मनी को रो. कने की मांग कर रहे हैं। वे शांति और इस जंग को खत्म करने की मांग रहे हैं। हालांकि हमास के समर्थकों ने इन प्रदर्शनों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इनमें हिस्सा लेने वाले गद्दार हैं।

### हमास ने किया आंदोलनकारियों का दमन

सफेद झंडे लहराते हुए फलस्तीनी सड़कों पर उतर आए। वह युद्ध और हमास शासन दोनों को खत्म करने की मांग करने लगे। गाजावासियों ने हमास के साथ ही साथ अल-जजीरा के खिलाफ भी नारे लगाए। भीड़ ने चिल्लाते हुए कहा, लोग युद्ध नहीं चाहते, लोग हमास नहीं चाहते। वहीं हमास ने हमेशा की तरह आंदोलनकारियों का दमन करके उन्हें जवाब दिया। हमास ने बलपूर्वक प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया। मगर कुछ लोगों ने पत्थर फेंककर विरोध किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यहां नकाबपोश हमास उग्रवादी भी थे जिनमें से कुछ के पास बंदूकें और कुछ के पास डंडे थे। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया और इस दौरान उनमें से कई पर हमला किया। प्रदर्शनरतों ने कहा कि टेलीग्राम पर विरोध में शामिल होने की अपील शेयर होने के बाद वे जमा हुए थे।




जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

**आवश्यकता है।**

पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर एवं एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर / देहरादून
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा काउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री व कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com


# भारत में बायोमेट्रिक इस्तेमाल से ट्रम्प प्रभावित



## अमेरिकी राष्ट्रपति ने देश में वोटिंग नियम बदले, अब नागरिकता का सबूत जरूरी, पासपोर्ट दिखाना होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनावी प्रकिया में बदलाव से जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। इसके तहत अमेरिकी नागरिकों को वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नागरिकता का प्रमाण देना होगा। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक इसका मकसद वोटर लिस्ट में अवैध रूप से शामिल अप्रवासियों पर नकेल कसना है। अभी अमेरिका के कई राज्यों में वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए पासपोर्ट या बर्थ सर्टिफिकेट दिखाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

ट्रम्प ने 2020 के चुनाव में अपनी हार के पीछे फर्जी मतदान को वजह बताया था। हालांकि, ट्रम्प के इस आदेश को राज्यों ने कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर ली है। आदेश में ट्रम्प ने कहा कि भारत और ब्राजील के मतदाता किसी भी व्यक्ति की पहचान को बायोमीट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि अमे. रिका में नागरिक इसके लिए काफी हद तक सेल्फ अटेस्ट करने पर निर्भर हैं। अमे. रिका में वोटिंग को लेकर कोई एक जैसे नियम नहीं है। हर राज्य के अपने अलग कानून हैं।

टेक्सास, जार्जिया और इंडियाना जैसे राज्यों में वोटिंग की प्रक्रिया बेहद सख्त है। यहां पर वोट डालने के लिए फोटो आईडी (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट) दिखाना जरूरी है। वहीं, कैलिफोर्निया, न्यूयार्क और इलिनाय जैसे राज्यों में वोटिंग को लेकर उतने सख्त नहीं हैं। इन राज्यों में नाम और पता बताकर या फिर कोई दस्तावेज जैसे कि बिजली का बिल दिखाकर वोटिंग की जा सकती है। इसके अलावा मिशिगन जैसे राज्यों में वोट डालने के दौरान फोटो आईडी मांगी जाती है। अगर किसी के पास यह नहीं है तो वह एक हलफनामा साइन कर वोट कर सकता है।




साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499



**आवश्यकता है।**

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थो की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

**योग्यताएँ:**
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

**कार्य समय:**
- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

**योग्यताएँ:**
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:**
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ :**
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

**योग्यताएँ:**
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com



रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात




यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र




रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात

